
शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं

08 अक्टूबर 2024 मंगलवार

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





ग्रामीण विकास विभाग के लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर हुई 1650 करोड़ की राशि 2



## खुशखबरी... अब एक ही स्कूल में पढ़ा सकेंगे पति-पत्नी

- बिहार में शिक्षकों के लिए नई ट्रांसफर एंड पोस्टिंग पॉलिसी का ऐलान
- ट्रांसफर करानेवाले शिक्षकों को देना होगा ऑनलाइन माध्यम से आवेदन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के शिक्षा विभाग ने दशहरा के मौके पर राज्यभर के शिक्षकों को एक बड़ी सौगात दी है। विभाग ने शिक्षकों के लिए नई ट्रांसफर एंड पोस्टिंग पॉलिसी का ऐलान किया है, जिसके तहत अब पति-पत्नी एक ही स्कूल में पढ़ा सकेंगे यानी उनकी पोस्टिंग अलग-अलग स्कूलों में नहीं होगी। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस नई पॉलिसी के बारे में जानकारी दी है। इस नई शिक्षा नीति का एक और सबसे बड़ा फायदा ये



होगा कि पुराने शिक्षक, सक्षमता परीक्षा पास शिक्षक और बीपीएससी शिक्षक अब अपने ही जिले के स्कूलों में पढ़ा सकेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो भी शिक्षक अपना ट्रांसफर कराना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन माध्यम से ई-शिक्षाकोष एप पर आवेदन करना होगा. शिक्षा मंत्री ने कहा है कि शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए जल्द ही आवेदन लिए जाएंगे और इसी साल दिसंबर तक उन्हें नए स्कूलों में तैनात कर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की नई नीति में बताया गया है कि शिक्षकों का हर पांच साल पर ट्रांसफर होगा, लेकिन ये ट्रांसफर और पोस्टिंग का नियम हर शिक्षक पर लागू नहीं होगा।

शिक्षा विभाग की नई पॉलिसी में बताया गया है कि अगर कोई टीचर हृदय रोग, कैंसर या किडनी की बीमारी से पीड़ित है, तो उन्हें ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा दिव्यांग और विधवा महिला टीचर्स को भी इस नई नीति के तहत प्राथमिकता दी जाएगी। नई पॉलिसी के मुताबिक, अगर शिक्षक पति की तबीयत ज्यादा खराब रहती है तो शिक्षिका पत्नी का भी ट्रांसफर उसी स्कूल में हो सकता है और अगर शिक्षिका पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब रहती है तो शिक्षक पति का ट्रांसफर उसके स्कूल में किया जा सकता है। विधवा और दिव्यांग शिक्षकों को भी लाभ मिलेगा।

## वर्ष 2026 तक हम नक्सलवाद को खत्म कर देंगे: शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सली प्रभावित राज्यों के सीएम के साथ की बैठक
- अधिकारी बोले- सरकार की रणनीति से नक्सली हमले 72% घटे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को नक्सली प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि साल 2026 तक हम नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। इसके साथ ही अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे विकास अभियान की सराहना की। नक्सली प्रभावित क्षेत्रों के विकास को लेकर अमित शाह ने कहा कि नक्सली इलाके



अब विकास की राह पर हैं। वहां पर तेजी से सड़क और मोबाइल नेटवर्क बढ़ाने का काम चल रहा है। वहीं बैठक में अधिकारियों ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की रणनीति की वजह से नक्सली हमलों में 72 प्रतिशत की कमी आई है। अब नक्सली अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की सफलता पर जोर दिया और जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मानवता का दुश्मन है और यह आदिवासी क्षेत्रों के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। अमित शाह ने बताया कि 2004-2014 के मुकाबले 2014-2024 में सुरक्षा संबंधी व्यय योजना में तीन गुना से ज्यादा राशि खर्च की गई है। इस दौरान सड़क नेटवर्क को 2,090 किलोमीटर से बढ़ाकर 11,500 किलोमीटर कर दिया गया है और 15,300 से ज्यादा मोबाइल टावर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटनाओं में भारी कमी आई है और प्रभावित जिलों की संख्या 96 से घटकर 42 रह गई है। उन्होंने कहा, हिंसा की घटनाएं 16,463 से घटकर 7700 रह गई हैं और यह संख्या अगले वर्ष तक और कम हो जाएगी।

### खबरें फटाफट

#### गाय को जानवरों की श्रेणी से बाहर करे सरकार: शंकराचार्य

**देहरादून:** ज्योतिष पीठ उत्तराखंड के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि गाय को जानवरों की श्रेणी से बाहर करे। उन्होंने कहा कि सरकार की लिस्ट में गाय एक जानवर है, लेकिन सनातन धर्म में गाय की प्रतिष्ठा माता के रूप में है। ऐसे में गाय को जानवर कहना सनातन धर्म का अपमान है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौ प्रतिष्ठा ध्वज स्थापना भारत यात्रा में ओडिशा पहुंचे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य गायों के सरंक्षण और सेवा के लिए कानून बनवाना है। ओडिशा पहुंचने पर ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य ने लिंगराज मंदिर में पूजा किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बात की। कहा कि वह यहां गौ प्रतिष्ठा ध्वज स्थापना यात्रा के लिए आए हैं। यह यात्रा सरकार से एक ऐसा कानून बनवाने के लिए निकाली जा रही है, जिसमें गोमाता के संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में काम हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की लिस्ट में गाय को जानवर की श्रेणी में रखा गया है, जबकि भारत की सभ्यता और संस्कृति में गाय को देवी कहा गया है।

### प. बंगाल के बीरभूम जिले में हुआ हादसा, धमाके से घायल एक युवक की हालत गंभीर

# कोयला खदान में डेटोनेटर ले जाने के दौरान धमाका, 7 लोगों की मौत

- सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया ब्लॉक में हुई विस्फोट की घटना
- मारे गए ज्यादातर लोग आदिवासी थे, उनका क्षत-विक्षत मिला शव

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में विस्फोट हो गया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया ब्लॉक की एक कोयला खदान में हुई। अभी तक हमने सात शव बरामद किए हैं। बचाव अभियान जारी है। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा कि सात लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था।

#### विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे



कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई घटना

डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पीबी सलीम ने कहा कि घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है। चालू वित्त वर्ष में अतिरिक्त 660 मेगावाट तापीय क्षमता बढ़ाए जाने की संभावना है।

#### मृतकों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा और नौकरी

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज कुमार पंत ने कहा कि सात शव बरामद कर लिए गए हैं। एक युवक काफी घायल है, उसकी हालत गंभीर है। जबकि दो घायलों की हालत खतरे से बाहर है। मृतकों के परिवार को 30 लाख रुपये और घायलों के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ मृतकों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी। वहीं बोलपुर के एसीपी राना मुखर्जी ने कहा कि खदान में विस्फोट होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सात शव बरामद कर लिए गए हैं। तीन मजदूर घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। प. बंगाल सरकार ने उनके परिवार को नौकरी देने का एलान किया है।

मारे गए ज्यादातर लोग आदिवासी थे। उनके क्षत-विक्षत शव कोयले की खदान में पड़े मिले। विस्फोट के कारण खदान ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। माना जा रहा है कि कोयला खनन के दौरान कोयला खदान में विस्फोट के दौरान असावधानी के कारण यह हादसा हुआ है। जानकी के अनुसार विस्फोट के बाद शव 500-700 फीट दूर हवा में उड़ते हुए गिर रहे थे। जिले के लोकपुर थाना क्षेत्र के भादुलिया के जीएमपीएल की कोयला खदान में विस्फोट में सात श्रमिकों की मौत के बाद घटना पर जिले से डीएम विधान राय से राज्य सचिवालय नबान्न ने अविलंब रिपोर्ट मांगी है। यह प. बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की कोयला खदान है। इसलिए नबान्न ने डीएम से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। सरकारी कोयला खदान में इतनी बड़ी घटना कैसे हुई, इसके बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

## लालू यादव, तेजस्वी, तेजप्रताप को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी जमानत

#### जमीन के बदले नौकरी के मामले में मिली बड़ी राहत



- तेजस्वी बोले- केस में कोई दम नहीं है, ये हमारे खिलाफ साजिश है
- जांच एजेंसियों का किया जा रहा है दुरुपयोग

**केटी न्यूज/पटना**

लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को एक-एक लाख रुपए के मुचलके के साथ जमानत दे दी है। इस बीच कोर्ट ने सभी आरोपियों को पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती एक ही टेबल पर एक साथ बैठे थे।

कोर्ट को बताया गया कि समन की तामील करते हुए सभी आरोपी पेश हुए हैं। सभी आरोपीयों ने जमानत अर्जी दाखिल की है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लैंड फॉर जॉब मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिलने के बाद कहा कि ये मामला राजनीतिक है। केस में कोई दम नहीं है, ये हमारे खिलाफ साजिश है। कोर्ट पर भरोसा है। उसने हमें जमानत दी है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी के बदले जमीन लेने के कथित घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए 8 आरोपियों को समन जारी किया था। जांच एजेंसी ने चार्जशीट में 11 आरोपी बनाए थे, जिनमें से 3 आरोपियों की मौत हो चुकी है। आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद देश के रेल मंत्री थे, उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती में कई लोगों को जमीन के बदले नौकरी पर लगवाया।

## अलर्ट: दिल्ली में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं आतंकी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने का प्लान बना रहे हैं. जहां देश में इस वक्त त्योहार का माहौल चल रहा है, तो वहीं दिल्ली का माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। इसके लिए दिल्ली पुलिस को अलर्ट किया गया है। त्योहारों पर आतंकी हमला हो सकता है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने अपने मकसद में कामयाब होने के लिए भीड़-भाड़ वाली जगह पर मूवमेंट शुरू की है। इसके साथ ही दिल्ली में खुफिया एजेंसियों को भी आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खुफिया एजेंसियों ने आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हुए इनपुट दिल्ली पुलिस के साथ शेयर किए। बताया जा रहा है कि आतंकी हमले में टेरर मॉड्यूल किसी भी बड़ी साजिश को अंजाम दे सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकी अपनी साजिश को अंजाम देने के लिए विदेशी नागरिकों को भी ढाल बनाकर किसी बड़े टेरर मॉड्यूल को अंजाम दे सकते हैं। आतंकियों के निशाने पर पब्लिक मूवमेंट वाली हर जगह और कुछ देशों के दूतावास भी शामिल हो सकते हैं।

## राहुल गांधी ने दलित परिवार के साथ किचन में बनाया खाना, जाति-भेदभाव पर की चर्चा

**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक दलित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके साथ किचन में खाना बनाया और जाति और भेदभाव जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की। अजय तुकाराम सनदे जी और उनकी पत्नी अंजना तुकाराम सनदे जी से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। राहुल ने ट्वीट कर कहा कि जैसा शाहू पटोले जी ने कहा कि दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता। राहुल ने कहा कि मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई। उन्होंने कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई



में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर चने के साग की सब्जी हरभ्याची भाजी और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई। उन्होंने आगे कहा कि जाति और भेदभाव के निजी अनुभवों पर बात करते हुए, हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के डॉक्यूमेंटेशन के महत्व पर चर्चा की।

#### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्योहारों के दृष्टिगत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# आस्था के साथ खिलवाड़ करनेवालों पर होगी कठोर कार्रवाई

- किसी भी जाति, मत, सम्प्रदाय या मजहब से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य, विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं

**केटी न्यूज/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी।

#### शारदीय नवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो

मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें।



# बाढ़ की तबाही रोकने के लिए ढेंग, तैयबपुर, अरेराज और डगमारा में बनेगा बैराजः मंत्री

♦ जल संसाधन मंत्री ने दरभंगा जिले के तेतरी गांव के पास पश्चिमी कोशी तटबंध के टूटे हुए स्थल का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बाढ़ की समस्या का दीर्घकालिक समाधान निकालने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड के तेतरी गांव के पास पश्चिमी कोशी तटबंध के टूटे हुए स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बाढ़ की तबाही को रोकने के लिए ढेंग, तैयबपुर, अरेराज और डगमारा में चार नए

## परियोजना पर 11,500 करोड़ रु खर्च करेगी बिहार सरकार



बैराज का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना 11,500 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी, जो बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी समाधान के रूप में काम करेगी। मंत्री ने कहा कि बाढ़ रोकथाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस साल कोशी नदी में पिछले 56 वर्षों का सबसे ज्यादा जलस्राव हुआ, जिसके बावजूद विभाग की सतर्कता से भारी तबाही को रोका जा सका। हालांकि, तटबंधों के जिन हिस्सों पर ओवर-टॉपिंग हुई, वहां तटबंधों का उच्चीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

## जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी बोले... नेपाल में हाईडैम के निर्माण की जरूरत

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि बैराजों के निर्माण से बाढ़ का असर काफी हद तक कम हो जाएगा। इसके अलावा, नेपाल में हाईडैम के निर्माण की भी जरूरत है, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय समाधान से जुड़ा मामला है। गाद (नदियों में जमा हो रही मिट्टी) की समस्या को भी सरकार गंभीरता से देख रही है, जिसके समाधान के लिए राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति की आवश्यकता है।

तेतरी गांव में टूटे तटबंध का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने बताया कि क्षतिग्रस्त तटबंध के दोनों छोरों (कट-इंड) को सुरक्षित कर लिया गया है और जलस्तर कम होने पर टूटान को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

### रिकॉर्ड जलस्राव से उत्पन्न संकट

जानकारी के मुताबिक, 27 से 29 सितंबर के बीच नेपाल में हुई भारी बारिश के बाद कोशी, गंडक, बागमती और महानंदा सहित कई नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ा। 29 सितंबर को कोशी बैराज वीरपुर से रिकॉर्ड 6.61 लाख क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित हुआ, जिसने पश्चिमी कोशी तटबंध के कई हिस्सों में ओवर-टॉपिंग की स्थिति पैदा की और तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, विभाग के युद्धस्तरीय संघर्षात्मक कार्यों ने इस स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

विभाग की तत्परता से तटबंध के टूटे हुए हिस्से से निकली कोशी नदी का प्रवाह कमला बलान नदी में मिलकर वापस कोशी में समाहित हो रहा है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में राहत मिलने लगी है। मंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मानना है कि राज्य सरकार के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है। राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता पहुंचाई जा रही है। सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी बाढ़ प्रभावित मुआवजे से वंचित न रहे।

## निषादों को उनके हक से वंचित कर रही सरकारः मुकेश सहनी

**पटना।** वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी सोमवार को सुपौल में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और विस्तार सहित 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। वहीं बैठक के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कहा कि सरकार निषादों को उनके हक से वंचित कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी के चार उम्मीदवारों को जीत दिलाई थी। इस बार 40 की तैयारी है। जब सरकार अपनी होगी, तब निषादों को उनका हक मिल कर रहेगा।

## शारदीय नवरात्रि में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न योजनाओं से जुड़े लोगों को दी सौगात

# ग्रामीण विकास विभाग के लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर हुई 1650 करोड़ की राशि

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में माउस क्लिक कर ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 1650 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि का लाभुकों के खाते में हस्तांतरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 34 हजार लाभार्थियों को जीविकोपार्जन संवर्द्धन हेतु 113 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने 5 अगस्त, 2018 को सतत जीविकोपार्जन योजना की शुरूआत की थी। देशी शराब एवं ताड़ी उत्पादन और बिक्री में पारंपरिक रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों के लक्षित अत्यंत निर्धन परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने जीविका अंतर्गत 48 हजार 500 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 400 करोड़ रुपये का अंतरण किया। साथ ही जीविका अंतर्गत 15 हजार 314 स्वयं सहायता समूहों को 537 करोड़ 33 लाख रुपये की बैंक ऋण की राशि का विभिन्न बैंकों के माध्यम से भी अंतरण किया। जीविका परियोजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को बैंक से ऋण की पूंजी उपलब्ध कराई जाती है जिसका उपयोग समूह से जुड़ी महिला सदस्य विभिन्न तरह के स्वरोजगार के लिए करते हैं। इस वित्तीय वर्ष में 5164 करोड़ रुपये बैंक ऋण स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया गया है।




### शौचालय निर्माण के लिए 180 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण के उधरांत 1 लाख 50 हजार परिवारों को 180 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया। सात निश्चय 1 योजना के तहत खुले हुए शौच की समस्या के समाधान हेतु शौचालय निर्माण घर के सम्मान कार्यक्रम को शामिल किया गया है जिससे लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रथम चरण (2014-15 से 2019-20) में 1 करोड़ 22 लाख परिवारों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का स्वनिर्माण कराया गया है। सात निश्चय 2 अंतर्गत 'स्वच्छ गांव-समृद्ध गांव के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण (2020-21 से 2024-25) अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति के स्थायित्व के सुनिश्चित करने को लेकर राज्य के सभी गांवों में ठोस एवं तरल, अपशिष्ट प्रबंधन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण में अबतक 17 लाख 78 हजार से अधिक परिवारों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का लाभ लिया दिया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि रुपये की सहायता राशि 3 किस्तों में आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। इनमें से 40 प्रतिशत अर्थात 48 हजार रुपये की राशि राज्यांश के रूप में लाभुकों को दी जाती है। आगामी 100 दिनों में लगभग 2 लाख 43 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा इस हेतु मनरेगा द्वारा मजदूरी मद में एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा निर्माण मद में लगभग 2800 करोड़ रुपये अंतरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अंतरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि बहुत खुशी की बात है कि विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के खाते में आज 1650 करोड़ रुपये का अंतरण किया गया है। इससे लाभुकों को तत्काल लाभ मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ देशी शराब एवं ताड़ी उत्पादन और बिक्री में पारंपरिक रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों के लक्षित अत्यंत निर्धन परिवारों को मिल रहा है। इससे वे स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। साथ ही इससे उनके परिवारों को भी लाभ हो रहा है। स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के रूप में मिलने वाली पूंजी का उपयोग जीविका दीदियां काफी बेहतर ढंग से अपने स्वरोजगार के लिए कर रही हैं। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं जिससे परिवार और समाज में काफी बदलाव आया है। खुले में शौच से मुक्ति को लेकर शौचालय के स्वनिर्माण हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। इसके लिए हमलोग राशि आवंटित कर रहे हैं। खुले में शौच से मुक्ति को लेकर शौचालय का निर्माण बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि राज्य के बेघर और कच्चे आवास में रहनेवाले परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## तेजस्वी ने खाली किया बंगला, भाजपा ने लगाया सामान गायब होने का आरोप

**पटना।** तेजस्वी यादव ने 5 देश रत्न मार्ग पर मौजूद सरकारी बंगले को खाली कर दिया है। अब इस बंगले में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शिफ्ट होंगे। इस बंगले में सम्राट चौधरी विजयादशमी के दिन शिफ्ट होने वाले हैं, जिसके लिए नए सिरे से बंगले का रंग रोगन कराया जा रहा है और डिप्टी सीएम के लिए बंगले को तैयार किया जा रहा है।

तेजस्वी यादव के बंगले को खाली करने के साथ विवाद शुरू हो गया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि इस बंगले से कई सारी चीजें गायब हो गई हैं। भाजपा नेता दानिश इकबाल ने आरोप लगाया है कि उपमुख्यमंत्री के बंगले से बेड, सोफा से लेकर बाथरूम से टब और यहां तक की बेसिन नल जैसी कई चीजें गायब हैं। भाजपा की ओर से कहा गया है कि वह भवन निर्माण के ओर से दिए गए सामान की लिस्ट लेकर आएंगे।

**राजद ने किया पलटवारः** भाजपा के आरोपों पर राजद ने जवाब दिया और बंगले से समान चोरी होने वाले आरोपों कों खारिज करते हुए इसे भाजपा नेताओं की घटिया सियासत बताया। राजद ने कहा कि भाजपा अगर चाहती है कि बंगला खाली करने के बाद तेजस्वी यादव ही इस बंगले में एसी, बेड वगैरह लगवा दें तो तेजस्वी यह भी कर देंगे। इस पर भाजपा ने भी राजद को सामान की लिस्ट दिखाने की बात कही।

## एक नजर

### बीपीएसपी ने पीटी की तिथि में किया बदलाव, 17 नवंबर की जगह 13-14 दिसंबर को परीक्षा

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए काम की खबर है। बीपीएसपी ने पीटी परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। परीक्षा अब 17 नवंबर के जगह 13 दिसंबर से 14 दिसंबर के बीच संभावित है। बीपीएससी ने सभी जिलाधिकारी को लेटर लिखा है। कहा है कि 17 नवंबर को होने वाली बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा अपरिहार्य कारणों से बदल दी गई है। अब यह 13 और 14 दिसंबर को संभावित है। इसलिए इन परीक्षार्थियों के लिए जिलास्तर पर परीक्षा केंद्र की आवश्यकता है। बीपीएससी सचिव की ओर से लिखी गई चिट्ठी के अनुसार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार द्वारा जिला स्तर पर संबंधित जिला पदाधिकारी आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए संयोजक नियुक्त है। उक्त परीक्षा में लगभग सात-आठ लाख उम्मीदवारों के सम्मिलित होने की संभावना है। इन परीक्षार्थियों के लिए जिला स्तर पर परीक्षा केन्द्र की आवश्यकता है।

### पटना के 138 कोचिंग संस्थानों का निबंधन आवेदन रद्द, संचालन की होगी जांच

**पटना।** पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में बिहार कोचिंग संस्थान (नियंत्रण एवं विनियमन) अधिनियम, 2010 के तहत जिला-स्तरीय कोचिंग निबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त समीर सौरभ और जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पटना के 138 कोचिंग संस्थानों का निबंधन आवेदन रद्द कर दिए गए, जिनके संचालन की जांच की जाएगी।जानकारी के मुताबिक, बैठक में समिति के सदस्य-सचिव एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निबंधन संबंधी एजेंडे पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि पटना जिले में कोचिंग संस्थानों के निबंधन हेतु कुल 936 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 413 आवेदनों का पहले ही निबंधन हो चुका है। शेष 523 आवेदनों की जांच प्रक्रिया चल रही है, जिसमें 138 कोचिंग संस्थानों को निबंधन के लिए अयोग्य पाते हुए अस्वीकृत कर दिया गया था। जिलाधिकारी ने इन अस्वीकृत कोचिंग संस्थानों की सूची अनुमंडल स्तर पर वितरित करने का आदेश दिया, ताकि इन संस्थानों द्वारा अवैध संचालन पर निगरानी रखी जा सके और विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। डीएम ने प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा कि निबंधन प्रक्रिया में अनावश्यक देरी प्रशासनिक विफलता का प्रतीक है। 2019 से लंबित 523 आवेदनों में 385 की जांच अभी भी लंबित है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को शीघ्रता से जांच पूरी कर समिति की अगली बैठक बुलाने का निर्देश दिया।

# दरभंगा में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा के मलिया टोला पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक घायल युवक को इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने घायल युवक की स्थिति गंभीर बताई है। घटना दो बाइक सवारों के बीच सीधी टक्कर में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। यह घटना दरभंगा के बेनीपुर से बिरौल जाने वाली मुख्य सड़क रत्न 56 पर मलिया चौक के पास दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर होने के कारण हो गई, जिसमें दो की मौत घटना स्थल पर ही गई जबकि, तीसरे की मौत इलाज के दौरान डीएमसीएच में हो गई है। वहीं चौथे घायल युवक का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। मृतकों में दो की पहचान हो गई है। मृतकों में एक बिरौल और एक कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के जिसकी मौके पर ही मौत हो गई. जबकि, एक अन्य घायल व्यक्ति ने बेनीपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बेनीपुर बिरौल रास्ते



को जाम कर दिया। लोग मृतकों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। घटनास्थल पर बहेड़ा थाना की पुलिस लोगों को समझाने की कोशिश में जुटी रही। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। अभी तक सिर्फ दो की पहचान हो पाई है. मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि एक घायल शख्स का इलाज डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। जिन दो मृतकों की पहचान की गई है, उनके घरवालों को हादसे की सूचना दे दी गई। काफी समय तक रास्ते को जाम किया गया, जिससे उस रास्ते से गुजरने वालों को काफी मुश्किल उठानी पड़ी। पुलिस दूसरे शव के घरवालों की तलाश कर रही है।

## बिहार का मोस्ट वांटेड डकैत बाबर को पुलिस ने मार गिराया

**पटना।** बिहार का मोस्ट वांटेड डकैत बाबर पूर्णिया में रविवार की रात एनकाउंटर में मारा गया। रविवार की देर रात करीब दो बजे पूर्णिया के अमौर में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने उसे मार गिराया। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। अमौर थाने से महज डेढ़ किलोमीटर दूर स्टेट हाईवे के पास धान के खेत में टीम ने बाबर को ढेर कर दिया। बताया जाता है कि बाबर लंबे समय से वांटेड लिस्ट में शामिल था। किशनगंज जिले के बाबर ने पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार सहित बंगाल में आतंक फैला रखा था। बाबर उर्फ आदिल उर्फ पापड़ पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज के अलावा बंगाल और यूपी में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक डकैती कांड को अंजाम दे चुका था।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी के बीच बढ़ती दूरियों से सियासी हलचल तेज

# चिराग पासवान ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात, विधानसभा चुनावों पर चर्चा

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा चढ़ा हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी के बीच दूरियां बढ़ती दिख रही हैं। इसी बीच लोजपा-आर अध्यक्ष चिराग पासवान ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है, जिससे बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार पिछले कुछ दिनों से बीजेपी कोटे के मंत्रियों से दूरी बनाए हुए हैं। यहां तक कि उन्होंने इन मंत्रियों से मुलाकात भी बंद कर दी है। हालांकि, दोनों ही पार्टियां इस बारे में खुलकर कुछ नहीं बोल रही हैं।

इसी बीच चिराग पासवान ने अमित शाह से मुलाकात कर सियासी पंडितों को कयास लगाने का मौका दे दिया है। चिराग ने खुद एक्स पर ट्वीट कर इस मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने



लिखा कि आज नई दिल्ली में देश के लोकप्रिय गृहमंत्री आदरणीय अमित शाह जी से शिष्टाचार मुलाकात किया। अपनी मुलाकात के बारे में विस्तार से बताते हुए चिराग ने आगे लिखा कि इस दौरान वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और आने वाले दिनों में विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चचाएं हुईं। चिराग की इस मुलाकात ने बिहार के सियासी गलियारों में गर्मी बढ़ा दी है। हालांकि, जानकार इसे झारखंड विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं। झारखंड में जल्द ही चुनाव होने की संभावना है। नीतीश कुमार की जेडीयू और चिराग की लोजपा-आर दोनों ही दल बीजेपी के साथ मिलकर झारखंड चुनाव लड़ना चाहती हैं।

झारखंड में पहले से ही बीजेपी और आजसू का गठबंधन है। इसके बावजूद बीजेपी और जेडीयू के बीच गठबंधन लगभग तय माना जा रहा है। चिराग पासवान भी एनडीए के साथ ही चुनावी मैदान में उतरना चाहते हैं। गौरतलब है कि चिराग ने सितंबर में ही ऐलान कर दिया था कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी या फिर गठबंधन में, इस पर विचार-विमर्श चल रहा है।




## दशहरा मेला में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के साथ डीएम एवं एसपी ने की बैठक

# हर्षोल्लास के साथ मनाएं दशहरा का पर्व उपद्रवियों पर रहेगी पुलिस की नजर: डीएम

- डीएम ने अधिकारियों को दी गाइड लाइन की जानकारी
- 192 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 33 गश्ती दल को सुरक्षा व विधि व्यवस्था की दी गई जिम्मेवारी

केटी न्यूज/बक्सर




दशहरा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से जिला निबंधन परामर्श केन्द्र बक्सर में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग कर उन्हें गाइड लाइन की जानकारी और पालन करने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण व सद्भाव के माहौल में निपटाने के लिए, जिले के 192 जगहों पर स्टैटिक दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जबकि 33 गश्ती दल दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावे दोनों अनुमंडलों में एक-एक जोनल दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। इसके अलावे बक्सर अनुमंडल में पांच व डुमरांव अनुमंडल में तीन क्वीक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। जबकि 17 स्थानों पर अस्थायी बैरियर व पार्किंग के लिए दण्डाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, निगरानी के लिए जिला एवं अनुमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। डीएम ने कहा कि गश्ती दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि वे अपने सम्पूर्ण प्रतिनियुक्ति अवधि में अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करते रहेंगे। साथ ही वे अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष पूर्व से विवादास्पद स्थलों को चिन्हित करते हुए विधि-सम्मत कार्रवाई करेंगे।

**पंडालों व चौक चौराहों पर सफाई व रौशनी की करें व्यवस्था :** डीएम ने सभी निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को पूजा अवधि के दौरान पूजा पंडालों, चौक चौराहों पर साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था एवं सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि इस काम में लापरवाही बरतने पर संबंधित कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं, उन्होंने विद्युत कंपनी के कार्यपालक अभियंता को यह निरीक्षण करने का निर्देश दिया कि कहीं पर भी नंग व लूज तार न रहे एवं सभी पंडालों में वैध विद्युत कनेक्शन लिया गया है कि नहीं।

**अन्य विभागों को भी सौंपी गई जिम्मेवारी :** डीएम ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, बक्सर को पंडालों की गुणवत्ता, भीड़ नियंत्रण के लिए वॉच टावर एवं वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए ड्रॉप गेट का निर्माण कराने का निर्देश दिया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को पंडालों का फायर एण्ड सेफ्टी ऑडिट कर अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने, साथ ही दशहरा पर्व व भरत मिलाप की समाप्ति तक बक्सर एवं डुमरांव अनुमण्डल में सभी अग्निशमन वाहन के साथ अग्निकों को तैयार हालत में रखने का निर्देश दिया। जबकि सीएस को सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति एवं एम्बुलेंस तैयार हालत में रखने को कहा गया।

**कृत्रिम तालाब में होगा प्रतिमा का विसर्जन :** सेंट्रल जेल के पीछे कृत्रिम तालाब का निर्माण किया जायेगा, जिसमें प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा। प्राकृतिक जल निकायों में मूर्ति एवं उसके सजावटी सामग्रियों का विसर्जन नहीं किया जाएगा। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सभी आवश्यक कार्रवाई करने तथा पूजा समितियों से कृत्रिम तालाबों में निर्धारित तिथि को प्रतिमा विसर्जन करवाने का निर्देश दिया गया।

जुलूस के दौरान नहीं बजेगा डीजेः पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने सभी थानाध्यक्षों कहा कि जुलूस के समय डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के लिए मेला से पूर्व अपने-अपने थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक करेंगे। प्रतिमा विसर्जन जुलूस में थानाध्यक्ष के माध्यम से पुलिस स्कॉट की व्यवस्था की जाएगी। एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को निर्देशित किया कि दशहरा पर्व के मद्देनजर ट्रैफिक प्लान बना लेंगे, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**समाहरणालय परिसर में बनाया गया है जिला नियंत्रण कक्ष :** कार्यपालक पदाधिकारी नगर निकाय एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर पर्व के दौरान पेयजल की आपूर्ति निरंतर सुनिश्चित करेंगे ताकि दर्शनार्थियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या न हो। दशहरा पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बक्सर समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा शाखा बक्सर में चिन्हित स्थल पर कार्यरत होगा।

### संप्रदाय या जातिगत भेदभाव वाले झांकी या तस्वीर पर रोक

बैठक में डीएम ने बक्सर व डुमरांव के एसडीएम को यह सुनिश्चित करने को कहा कि दशहरा मेला के दौरान पूजा पंडालों में ऐसी कोई झांकी अथवा दृश्य व्यंग्य चित्र सहित जुलूस या पंडालों में नहीं होगा, जिससे किसी सम्प्रदाय, जाति, वर्ग अथवा समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे अथवा किसी प्रकार की वैमनस्यता उत्पन्न होने की संभावना हो।

### जिले में चिन्हित 17 जगहों पर ड्रॉप गेट निर्माण का निर्देश

डीएम ने कहा कि पर्व के दौरान बड़े वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए जिले में कुल 17 स्थलों पर ड्रॉप गेट बनाये गये है। ताकि शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखा जा सके। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को चिन्हित स्थलों पर ड्रॉप गेट का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया।

### भीड़ नियंत्रण व पार्किंग की व्यवस्था देखेंगे दंडाधिकारी

जिलाधिकारी ने बताया कि सप्तमी से पंडालों में स्थापित मूर्तियों के पट खुलने के बाद मां दुर्गा के दर्शन के लिए प्रत्येक पंडाल तथा सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की भीड़ बढ़ जायेगी। इस दौरान सभी दण्डाधिकारी पूजा समितियों के व्यवस्थापकों से संपर्क स्थापित कर भीड़ नियंत्रण एवं पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पूजा समितियों द्वारा पूजा कार्य में लगे वोलेन्टियर के नाम एवं मोबाइल संबंधी विवरण लेने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को अपने स्थल पर ससमय उपस्थित होकर विधि व्यवस्था की जिम्मेवारी संभालने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### कृषि विभाग में चयनित 15 युवाओं को जिलाधिकारी ने दिया नियोजन पत्र



**बक्सर।** कृषि विभाग, बिहार सरकार के निदेशानुसार कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तहत संविदा आधारित पदों पर नियोजित कुल 15 कर्मियों को समाहरणालय को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने नियोजन पत्र दिया। नियोजन पत्र का वितरण समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में किया गया। जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पद के चार, सहायक तकनीकी प्रबंधक पद के नौ, प्रखंड स्तरीय लेखापाल पद के दो सहित कुल 15 कर्मियों को नियोजन पत्र वितरित किया गया। नियोजन पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। बता दें कि प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल संविदा आधारित नियोजन के लिए कृषि विभाग द्वारा रिक्तियों के विरूद्ध जिलावार ऑनलाईन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके आलोक में उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाईन आवेदन के बाद जिला स्तर पर काउंसलिंग समिति के समक्ष उपस्थित होकर काउंसलिंग कराया था। इसके बाद मेधा एवं आरक्षण कोटि के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया गया। डीएम ने सभी चयनित कर्मियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने आवंटित क्षेत्र मुख्यालय में रहकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

### ट्रांसफार्मर में खराबी से घंटों गुल रही बिजली



**डुमरांव।** सोमवार को डुमरांव थाना के पास लगे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण पूरे दिन आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों की मानें तो सुबह दस बजे से ही ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई, जिस कारण दोपहर बाद तक इस ट्रांसफार्मर से आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। जिस कारण इस ट्रांसफार्मर से जुड़े लोगों को पूरे दिन परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि थाना के पास लगे ट्रांसफार्मर में अक्सर खराबी आ जाती है। जिस कारण उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति से महरूम होना पड़ता है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। हालांकि, इसकी जानकारी मिलते ही बिजली कंपनी के टाउन जेई मनीष कुमार ठाकुर मानवबलों के साथ पहुंचे तथा तकनीकी खराबी की पड़ताल व मरम्मत की कवायद शुरू कर दिए। लेकिन, घंटो बाद भी खराब दूर नहीं हो सकी थी। दूसरी तरफ डीएम के निर्देश पर दशहरा मेला शुरू होने से पहले शहर के जर्जर व लटकते-झुलते तारों के मरम्मत का काम शुरू हो गया है। बिजली कंपनी के जेई मनीष के नेतृत्व में सोमवार को भी बिजली मिस्त्री शहर के विभिन्न मार्गो में जाकर जर्जर व लटकते तारों की मरम्मत कराए। जेई ने बताया कि दशहरा मेला के पूर्व शहर के सभी जगहों पर जर्जर तारों का मरम्मत करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं को निर्बाध गति से बिजली मिले इसका प्रयास किया जा रहा है।

### चौकस होगी डुमरांव की सुरक्षा व्यवस्था, नगर में सीसीटीवी लगाने का काम शुरू




**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद ने सुरक्षा व चौकसी के लिहाज से पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम शुरू कर दिया है। पहले फेज में दशहरा मेला से पहले सभी प्रमुख जगहों, चौक-चौराहों तथा नुक्कड़ो पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। वहीं, दशहरा बाद शहर के सभी चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। नगर परिषद द्वारा शहर के विभिन्न जगहों पर कुल 100 कैमरा लगाए जाने की जानकारी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार पहले फेज में नया थाना के पास, हरिजी के हाता मोड़, कलावती मोड, राज अस्पताल मोड, शहीद गेट मोड़, शहीद पार्क, राजगढ़ चौक, छठिया पोखरा, शक्ति द्वार मोड, कृषि कॉलेज मोड़, विष्णु मंदिर त्रिमुहानी मोड, जगनारायण सिंह अस्पताल मोड आदि जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। जानकारी देते हुए नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित कुमार गुप्ता ने बताया कि दशहरा मेला की चौकसी तथा विधि व्यवस्था संधारण में नगर परिषद का सीसीटीवी कैमरा प्रशासन को काफी सहूलियत देगा। उन्होंने बताया कि मेला के पहले सभी प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया जाएगा। चेयरमैन प्रतिनिधि ने बताया कि दशहरा बाद शहर के सभी चिन्हित जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लागाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह काम विधि व्यवस्था के मद्देनजर किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ लोगों ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना की है।

### दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक गम्भीर रूप से जख्मी, रेफर

**चौसा।** चौसा-बक्सर मार्ग पर मुफस्सिल थाना के यादव मोड़-बारा मोड़ के बीच दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। जिसे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस 102 को कॉल किया, लेकिन हड़ताल की वजह से एंबुलेंस नहीं आया। जहा रास्ते से गुजर रहे चौसा नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व जिप सदस्य डा. मनोज यादव ने सड़क से उठा खून से लथपथ घायल को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिला के देवैथा गांव के गफ्फार अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र औरंगजेब अंसारी बक्सर किसी कार्य से आये थे, और अपना कार्य कर अपने गांव वापस जा रहे थे इसी दौरान वह बारे मोड़ से आगे हीरो एजेंसी के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही एक बाइक द्वारा इनके बाइक में टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। सर में गंभीर चोट लगने से काफी ब्लीडिंग हो रही थी। वही दूसरे बाइक सवार द्वारा हेलमेट पहनने की वजह से सुरक्षित बच गए। वही रास्ते से गुजर रहे चौसा नगर पंचायत प्रतिनिधि मनोज यादव ने देखा तो तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। वही घटना की सूचना पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और परिजनों को सूचित किया।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आ महिला की मौत

**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना सोमवार की शाम पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास की है। जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। वहीं जीआरपी द्वारा उसकी तस्वीर को आस पास के थानों तथा सोसल मीडिया पर डाल पहचान का प्रयास कर रही है। महिला की उम्र करीब 50 वर्ष के आस पास बताई जा रही है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, ऑटो जब्त

**बक्सर।** उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को वीर कुंवर सिंह सेतु पर वाहन जांच अभियान के दौरान यूपी से आ रही एक ऑटो रिक्शा से अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने उसके चालक सह तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। ऑटो से 605 टेट्रा पैक शराब बरामद किया, जिसका वजन 108.9 लीटर है। आवश्यक पूछताछ के बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि हाल के दिनों में ऑटो रिक्शा तथा ई-रिक्शा से शराब तस्करी बढ़ गई है। अबतक उत्पाद विभाग तथा जिले की पुलिस शराब तस्करी मामले में दर्जनों ऑटो व ई-रिक्शा को जब्त कर चुकी है।

## पैक्स चुनाव : अध्यक्ष के घर के 200 मीटर दूर ही बनेगा मतदान केंद्र

केटी न्यूज/डुमरांव



पैक्स चुनाव के लिए चिन्हित बूथों के प्रारूप का प्रकाशन 15 अक्टूबर तक होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने स्थानीय क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जाकर पैक्स चुनाव के लिए बूथों का निरीक्षण किया। जिसमें कनझरूआ, मठिला, मुंगाव, कुशलपुर, अरियांव, नंदन, लाखनडिहरा आदि पंचायत के पैक्स बूथ शामिल है। बीडीओ ने शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कहा कि चुनाव का बूथ पैक्स अध्यक्ष के घर से दूर होगा। उन्होंने बताया कि पैक्स चुनाव के लिए बूथ पैक्स अध्यक्ष के घर से दो सौ मीटर दूर ही बनाया जाएगा। इसके लिए, चिन्हित किए गए बूथों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया गया है। यह इसलिए कि किसी भी मतदाता को पैक्स अध्यक्ष अपने प्रभाव या फिर दबंगई का धौंस नहीं दिखा सकें। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर तक चिन्हित किए गए बूथों का प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। फिर इस पर दावा आपत्ति लिया जाएगा। अगर किसी आपत्तिकर्ता का आपत्ति मजबूत एवं तर्कसंगत पाया गया तो तत्काल चिन्हित बूथ बदलने तथा दूसरी जगह पर नया अतिरिक्त बूथ स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्देश के अनुरूप एक बूथ सात सौ मतदाता रखना है। किसी पंचायत में मतदाताओं की संख्या सात सौ से अधिक होगा तो वहां दूसरा बूथ स्थापित किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पैक्स चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग से अधिसूचना जारी नहीं हुआ है। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर चुनाव की तैयारी पूरी की जा रही है। उधर पैक्स चुनाव के लिए प्रशासनिक गतिविधियां बढ़ते ही पैक्स चुनाव लड़ने का मंशा रखने वाले लोगों का पैंतरा गांव में तेज होने लगा है। जिससे गांव की राजनीति में सक्रियता आई है तो ग्रामीण राजनीति के गुणा गणित समझने वालों की कद्र बढ़ गई है।

## मुख्यमंत्री ने वीसी में लाभुकों को किया योजना राशि का हस्तांतरण

केटी न्यूज/बक्सर

सोमवार को वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्रामीण विकास विभाग योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को योजना राशि का हस्तांतरण किया गया। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल व उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं यथा सतत जीविकोपार्जन, जीविका स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि, बैंक ऋण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण के बाद प्रोत्साहन राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त के लाभुकों को प्रोत्साहन राशि दिया गया। जानकारी के अनुसार एनआरएलएम योजना के 404 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि की 17 करोड़ 22 लाख 6 छह हजार रुपये की राशि तथा जीविका अंतर्गत 312 स्वयं सहायता समूहों को प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त, तृतीय किस्त एवं चतुर्थ किस्त के रूप में ग्यारह करोड़ छिहत्तर लाख रुपये की बैंक ऋण की राशि का विभिन्न बैंकों के माध्यम से हस्तानांतरण किया गया। सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 758 दीदियों को व्यवसाय के लिए, एक करोड़ चौरानबे लाख अट्ठारह हजार 300 रूपया दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण के बाद 5197 लाभुकों को छः करोड़ तेइस लाख चौसठ हजार रूपया प्रोत्साहन राशि दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के 3250 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का 13 करोड़ रूपया राशि का वितरण किया गया।

## किसानों के लिए फायदेमंद निकृष पंप योजना को जल्द कराएं शुरू : डीएम

- नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का डीएम ने दिया निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में निकृष पम्प योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि योजना के तहत यांत्रिक कार्य अब तक लंबित हैं, डीएम ने इस पर नाराजगी जताई तथा कार्यपालक अभियंता, यांत्रिकी प्रमंडल वाल्मी, पटना को निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए योजना को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने सिंचाई प्रमंडल विक्रमगंज के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि किमी 36 से किमी 49 तक नहर निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए निविदा का कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जबकि कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल बक्सर, नावानगर, विक्रमगंज एवं कार्यपालक अभियंता गंगा पंप नहर, चौसा को अपने क्षेत्र में अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि खरीफ फसल के दौरान किसानों को सिंचाई के लिए पानी की समस्या उत्पन्न न हो। कार्यपालक अभियंता सोन नहर प्रमंडल बक्सर को जिले में सोन नहर की भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर करवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### संपूर्णता अभियान के समापन पर चक्की में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को किया गया सम्मानित

- उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिया गया प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो

केटी न्यूज/बक्सर



उद्घाटन चक्की पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर जीविका, स्वास्थ्य, आईसीडीएस व कृषि विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया।

सोमवार को चक्की प्रखंड चक्की में प्रखंड योजना के तहत आयोजित संपूर्णता अभियान का समापन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ आशुतोष कुमार के नेतृत्व में समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित कर अभियान में बेहतर करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समारोह में एएनएम पुनिता कुमारी, उषा कुमारी, रेनू कुमारी, सारिका कुमारी, सुनीता कुशवाहा, कृष्णा कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका अंजू, मानिता, अंजू, आशा देवी सहित कुल 70 पदाधिकारी व कर्मियों को अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीडीओ एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संपूर्णता अभियान के समापन समारोह के मौके पर बीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए 6 इंडिकेटर पर कार्य किया गया। प्रखंड के लिए 6 पहचाने गए केपीआई में संतृप्ति प्राप्त कि गई।

**संपूर्णता अभियान में इन मानकों पर किया गया काम :** प्रसव पूर्व जांच के पहले तिमाही में एएनसी के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। पंचायत में लक्षित आबादी के मुकाबले मधुमेह के लिए जांच किए गए लोगों का प्रतिशत। पंचायत में लक्षित आबादी के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांच किए गए लोगों का प्रतिशत। आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत। मिट्टी नमूना संग्रह लक्ष्य के मुकाबले उत्पन्न मृदा स्वास्थ्य कार्डो का प्रतिशत। पंचायत में कुल एसएचजी के मुकाबले निधि प्राप्त करने वाले एसएचजी का प्रतिशत। तथा विभिन्न हितधारकों की उपस्थिति ने संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक सहयोगात्मक प्रयास को दर्शाया गया। जिसमें सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों ने शत प्रतिशत योगदान दिया।

कृषि, स्वास्थ्य, आइसीडीएस व जीविका के अलग अलग 6 इंडिकेटर को सफलता पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन कर धरातल पर उतारा गया। इसमें पीरामल फाउंडेशन के सहयोगियों का अहम योगदान रहा है। पिरामल फाउंडेशन के सिद्धार्थ गौतम, गांधी फेलो मोहम्मद रिजवान आदि ने क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया, जिससे सम्पूर्णता अभियान शत-प्रतिशत सफल रहा।

# कृषि कॉलेज में बवाल के दौरान छात्रों ने लाखों की संपति को पहुंचाया नुकसान, एफआईआर दर्ज

♦ विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देश पर संपदा एवं सुरक्षा पदाधिकारी ने अज्ञात छात्रों पर दर्ज कराया मामला, जांच में जुटी पुलिस





**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने भारी बवाल मचाया था। इस दौरान प्राचार्य कक्ष में लगे फर्नीचर के अलावे सीसीटीवी कैमरा, एलईडी, कैमरा सेट आदि तोड़ दिया गया था। इस मामले में बिहार कृषि विश्व विद्यालय प्रशासन के निर्देश पर कॉलेज के संपदा एवं सुरक्षा पदाधिकारी कमल कांत ने डुमरांव थाने में अज्ञात छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने जिक्र किया है कि शनिवार को छात्रों ने कॉलेज में जमकर हंगामा किया था। इस दौरान प्राचार्य कक्ष में लगे मेज, सोफा, कुर्सी, टेबल, सीसीटीवी कैमरा, उसका सेट, एलईडी समेत लाखों की संपति को तोड़-फोड़ दिया है। उनके आवेदन पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्राचार्य कक्ष में तोड़-फोड़ करने व उपद्रव मचाने वाले छात्रों की शिनाख्त में जुट गई है।

## पूर्व प्राचार्य ने गहरी साजिश का लगाया आरोप

दूसरी तरफ इस्तीफा देने के बाद तत्कालीन प्राचार्य मुकेश कुमार ने छात्रों के प्रदर्शन व बवाल को गहरी साजिश बताया है तथा कहा है कि इसमें कॉलेज के एक प्रोफेसर समेत दो कर्मी पर्दे के पीछे से छात्रों को गाइड कर रहे थे। कॉलेज प्रबंधन द्वारा दर्ज कराए गए एफआईआर से भी इस बात के संकेत मिल रहे है। बता दें कि छात्रों के बवाल के कई वीडियो भी वायरल हुए है। बावजूद कॉलेज प्रबंधन ने एफआईआर में किसी छात्र के नाम का जिक्र नहीं किया है।

जाहिर है, प्रबंधन इस बहाने उपद्रवी छात्रों को बचाने का प्रयास कर रहा है। गौरतलब हो कि वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई होती है, जहां पढ़ने वाले छात्र कठिन प्रवेश परीक्षा पास कर ही नामांकन के हकदार होते है। यहां छात्रों की संख्या भी सामान्य कॉलेजों के मुकाबले कम होती है। वही, कॉलेज में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे है, प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने ही विश्वविद्यालय प्रशासन को इसकी जानकारी भी दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि एफआईआर दर्ज कराने वाले अपने ही कॉलेज के छात्रों की पहचान कैसे नहीं कर सकें। ऐसे में तत्कालीन प्राचार्य द्वारा लगाए गए आरोपों से इंकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल, अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच पर टिक गई है। देखना है पुलिस जांच के दौरान कितने छात्रों को तोड़-फोड़ के आरोप में चिन्हित कर पाती है। वही, व्यवसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कॉलेज के छात्रों के उपद्रवी रूख पर भी कई तरह की चचाएं हो रही है।

## केशव टाइम्स इम्पैक्ट: काली मंदिर के पास से हटाया गया कचरे का ढेर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

केशव टाइम्स में खबर छपने के बाद आखिरकार डुमरांव नगर परिषद प्रशासन व सफाई एनजीओ को अपनी गलती का एहसास हुआ तथा नप प्रशासन के निर्देश पर सफाई एनजीओ ने नगर के आस्था के केन्द्र काली मंदिर के पास से कचरे के ढेर को हटाया। कचरा हटने के बाद श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है तथा खबर प्रकाशन के लिए केशव टाइम्स को धन्यवाद दिया है।

बता दें कि केशव टाइम्स ने अपने सोमवार के ही अंक में ‟ये शर्मनाक है... काली मंदिर के पास कचरे का ढेर” शीर्षक से इस गंभीर समस्या की खबर प्रकाशित कर नगर परिषद प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था। जिसके बाद नगर परिषद प्रशासन की तंद्रा टूटी तथा देवी शक्ति के साधना व अराधना वाले पर्व नवरात्रि में काली मंदिर के पास लगे कचरे के ढेर को वहां से हटाया। काली मंदिर के समीप से कचरा हटते ही लोगों ने केशव टाइम्स के प्रति आभार जताया और कहा कि केशव टाइम्स जनमानस की समस्याओं के प्रति शुरू से ही मुखर रहा है। वही, इस संबंध में चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित ने बताया कि वहां कचरा डंपिंग नहीं होता था, बल्कि पूरे शहर से डोर-टू-डोर उठाव के बाद वहां कचरा रखा जाता था। यही से उसे सोवां-रेहिया स्थित कचरा डंपिंग जोन पहुंचाया जाता है।

## मनायी गई महाराज हेमचंद्र विक्रमादित्य की जयंती

**डुमरांव।** शहर के शहीद पार्क स्थित सिटी कॉम्प्लेक्स में सोमवार को रौनियार वैश्य महासभा ने देश के अंतिम शासक महाराज हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू की जयंती रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा गायन, चित्रलेखन और विक्रमादित्य के वीर गाथा का चित्रण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिखाये आदर्श, संघर्ष और मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के नगर अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने किया जबकि संचालन संयोजक शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहन गुप्ता ने किया। इस दौरान समाज के लोगों ने विक्रमादित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विक्रमादित्य का जन्म वर्ष 1501 में विजयादशमी को राजस्थान के अलवर प्रखंड स्थित मछेरी गांव में हुआ था। उन्होंने हरियाणा में आकर अपनी शिक्षा पूरी की। उन्हें दिल्ली का अंतिम हिन्दू सम्राट भी कहा जाता हैं। हेमू की इस महान राष्ट्रभक्ति का प्रशंसक ब्रिटिश साम्राज्य भी कर रहा था। वह निष्पक्ष व्यक्तित्व और अद्भुत साहस रखने वाले महान शासक थे।

### प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आज

# नियमों के विरूद्ध हो रही बैठक हाई कोर्ट में करेंगे अपील: प्रमुख

♦ बैठक में शामिल नहीं होंगे डुमरांव प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को बुलाई गई विशेष बैठक में चर्चा होगी। प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि निर्धारित तथा विशेष बैठक को नियम विरुद्ध बता हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर करने की बात कही है। इससे यह उम्मीद लगाई जा रही है कि मंगलवार को होने वाली इस विशेष बैठक में प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह उपस्थित नहीं होंगे।

ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की संभावना अधिक व्यक्त की जा रही है। क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में प्रखंड के 21 में से 17 पंचायत समिति सदस्यों का समर्थन का हस्ताक्षर दर्ज है। उधर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने बताया कि मंगलवार को निर्धारित तिथि पर पंचायत समिति की विशेष बैठक संपन्न कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जब अविश्वास प्रस्ताव पर प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह ने चर्चा के लिए बैठक नहीं बुलाई तब पंचायत राज अधिनियम के तहत पंचायत समिति सदस्यों ने आठ अक्टूबर को चर्चा के लिए तिथि निर्धारित की है। सदस्यों द्वारा की गई तिथि निर्धारण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने पंचायत समिति सदस्यों को बुलाई गई विशेष बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर दिया है। इसके साथ प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख की कुर्सी के भविष्य को लेकर चर्चा होने लगी है तो स्थानीय राजनीति में भी गर्मी आने लगी है। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे से मिलकर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि निर्धारित करने को कहा था।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ऐसी स्थिति में पंचायत समिति सदस्यों द्वारा निर्धारित तिथि पर बैठक बुलाने का प्रावधान है तथा बैठक में लिया गया फैसला सर्वमान्य है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक मंगलवार को बुलाई गई है। तिथि निर्धारण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्थानीय प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों को विशेष बैठक में भाग लेने के लिए पत्र जारी कर दिया है। उम्मीद थी कि यह बैठक हंगामेदार होगी तथा चर्चा भी जोरदार होगा। परंतु प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी ने इस बैठक को नियम विरुद्ध बता हाईकोर्ट में जाने की बात कह यह संकेत दे दिया है कि मंगलवार को होने वाली बैठक में भाग नहीं लेंगी। इस अविश्वास प्रस्ताव को प्रखंड के कई मजबूत मुखिया का समर्थन बताया जाता है तो स्थानीय राजनीति करने वाले नेताओं की सक्रियता तथा दिमागी खुराफात इसमें शामिल है। पंचायत समिति सदस्यों के इस पैंतरा बाजी के बाद स्थानीय प्रखंड की राजनीति मैं एक बार फिर से हलचल तेज हो गई है। अविश्वास प्रस्ताव के दिन से ही कई पंचायत समिति सदस्य भूमिगत हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय प्रखंड के 21 में से 17 पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में हस्ताक्षर कर प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह की मुश्किल को बढ़ा दिया है। हर किसी की नजर अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली विशेष बैठक के परिणाम की ओर लगी है। दूसरी तरफ अविश्वास प्रस्ताव पर बुलाई गई विशेष बैठक को रोकने के लिए प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख टीम द्वारा कानूनी शरण लेने से इसके भविष्य पर भी चर्चा हो रही है।



### बीडीओ से बैठक कर लिया गया था निर्णय

पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह के खिलाफ 12 सितंबर को ही अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। पंचायत राज विभाग के नियमानुसार प्रस्ताव के 15 दिनों में प्रखंड प्रमुख को बैठक के लिए तिथि निर्धारित करना था। प्रखंड प्रमुख ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देकर जब अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए तिथि निर्धारित नहीं किया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने नियमानुसार दूसरा मौका उप प्रमुख कृष्णा सिंह को देकर बैठक बुलाने की तिथि निर्धारित करने के लिए पत्र दिया था। लेकिन उप प्रमुख ने भी अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने तथा चर्चा के लिए तिथि का निर्धारण नहीं किया। ऐसे में पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर पंचायत राज विभाग नियम का हवाला देते हुए अपने स्तर से बैठक की तिथि निर्धारित करने का फैसला लिया गया।

## छह स्थानों पर बनेगा वॉच टावर दूर होगी श्रद्धालुओं की परेशानी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

दशहरा पर्व को लेकर शहर की रौनक बढ़ गई है। जगह-जगह ऐतिहासिक स्थलों के शक्ल में पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। नगर परिषद ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए निगरानी टॉवर बनवा रहा है। इसके लिए नगर सहित विस्तारित क्षेत्र में छह वॉच टावर बनाए जा रहे हैं। उक्त वॉच टावर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी के साथ आरक्षी एवं नप के स्टाफ मौजूद रहेंगे।

इसकी जानकारी देते हुए चेयरमैन सुनीता गुप्ता व ईओ मनीष कुमार ने बताया की शहर में छह वॉचटावर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वॉचटावर डुमरांव शहर में राज अस्पताल मोड़, नायाथाना, शक्तिद्वार, राजगढ़ चौक, नयाभोजपुर चौक, पुरानाभोजपुर चौक में बनेंगा। वॉचटावर लगभग छह से आठ फीट ऊंचा होगा। उस पर चढ़ने के लिये सिढ़ी बनी रहेगी। बैठने के लिये पूरा इंतजाम रहेगा। इसके अलावे वॉचटावर से बार-बार एनाउंस करने की भी व्यवस्था रहेगी। किसी को शिकायत करनी होगी तो वॉचटावर के पास आकर कर सकता है। उनकी शिकायत नोट कर तत्काल दूर की जाएगी। किसी का साथ छूट गया तो उसका भी प्रचार किया जाएगा। वॉचटावर एक दूसरे से कनेक्ट रहेगा, जिससे हर बात को शेयर किया जाएगा। इस तरह के इंतजाम होने से नगरवासियों में खुशी है। साथ ही दशहरा में मां को दर्शन करने और मेला घुमने वालों को काफी सहुलियत तो मिलेगी ही सुरक्षित भी रहेंगे। इससे मनचलों के साथ असमाजिक तत्वों पर भी निगरानी रखी जाएगी।




## स्टेशन के निकास द्वार पर जाम से बढ़ी परेशानी

**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के मुख्य निकास द्वार पर बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले ऑटो, ई-रिक्शा तथा ठेला पर फल चाय आदि बेचने वालों के चलते हर समय जाम लगा रहता है। जिस कारण रेल यात्रियों से लेकर आम यात्रियों तक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पूरे स्टेशन परिसर तथा पंच मंदिर के आस पास पूरे दिन सड़क के दोनों किनारे वाहन व ठेला खड़े रहते है। जिस कारण पूरे इलाके में जाम की समस्या गहरा गई है। हालांकि, रेलवे द्वारा लाखों रूपए खर्च कर ऑटो रिक्शा स्टैंड बनाया गया है। बावजूद ऑटो चालक स्टैंड के बजाय सड़क किनारे वाहन खड़ा करते है। जिससे जाम की समस्या गंभीर हो गई है। वही, इस मामले में रेलवे तथा स्थानीय प्रशासन उदासीन बना हुआ है।

# कचरा देख बिफरे एसडीओ, डीएस को दी चेतावनी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडलीय अस्पताल में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। भीतर के कचरा को बाहर में डम्प कर दिया जाता है, जिससे बदबू देने लगता है। सोमवार को एसडीओ राकेश कुमार ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में ओपीडी सेवा में डाक्टर रोस्टर के अनुसार मौजूद रहे, जिससे खुशी जाहिर की। इस दौरान कई मरीजों से भी पूछताछ किया। दवा के संबंध में पुछा की डाक्टर द्वारा लिखी दवा मिल रही है कि नहीं, मरीजों ने बताया की मिल रही है। फिर डीएस डा. गिरीश कुमार मौजूद नहीं थे, जिससे उनसे टेलिफोनिक बात कर उन्हें अस्पताल में बुलाया।

अनुमंडलीय अस्पताल में अधिकारियों के बार-बार निरीक्षण करने से गायब होने वाले डाक्टरों पर विराम लग गया है। एसडीओ के निरीक्षण में यह बात सामने भी आयी जिससे एसडीओ ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की यह एक अच्छी बात है कि कोई डाक्टर बगैर अनुमति का गायब नहीं हैं। फिर उन्होंने परिसर का निरीक्षण करते समय सफाई मजदूरों ने उनसे मिल एनजीओ द्वारा पैसा नहीं भुगतान करने की शिकायत की। इस पर उन्होंने बगैर कोई जवाब दिये आगे बढ़ गए। फिर उन्होंने बाहर में कचरा डम्प देखा तो काफी नाराज हुए। कचरा में जो प्रतदिन उठाव करने वाला प्लेसेंटा होता है, उसको भी कचरे के ढेर पड़ा मिला। इन सब बातो को उन्होंने नोट किया। डम्प कचरा से गंध निकल रहा था, जिससे वातावरण प्रभावित हो रहा था। इस तरह से अस्पताल के बाहरी सफाई से काफी नाराजगी जताते हुए कहा कि इसके संबंध में उठाव एजेंसी से पूछ उस पर कार्रवाई की जाएगी। फिर मरीजों से पूछा की कोई पैसा नहीं न मांगता है, इस पर किसी ने शिकायत नहीं की। लेबर रूम में तैनात एएनएम से बात कर जानकारी हासिल किया, सभी से अच्छीतरह से काम करने की नसीहत दी। फिर उन्होंने एक्स-रे कक्ष में जाकर मरीजों से बात किया, कर्मियों से जानकारी ली। अपातकालीन कक्ष का निरीक्षण करते हुए पूछताछ किया।

उन्हें बताया गया की अपराह्न दो बजे के बाद आपातकालीन सेवा शुरू होती है। इसमें जिसकी ड्यूटी रहती है, समय से डाक्टर और स्टाफ आ जाते हैं। लगातार अस्पताल का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण का मरीजों को हर विभाग के डाक्टरों के बैठने से उन्हें लाभ मिलना शुरू हो गया है। डाक्टर की सेवा और दवा मिलन से मरीजों को परेशानी और आर्थिक क्षति नहीं हो रही है। एसडीओ ने डाक्टरों की सेवा मरीजों को मिलने से काफी संतुष्ट दिखे।




### नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता स्वरूप की हुई पूजा-अर्चना, शहर-ग्रामीण क्षेत्र में पूजा पंडाल बन तैयार

# आकर्षक दिखने लगे हैं शहर के पूजा-पंडाल, अंतिम चरण में तैयारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर से लेकर गांव तक उमंग और उत्साह के साथ नवरात्र मनाया जा रहा है। अब पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। जिससे वह आकर्षक दिखने लगे है। घरों में, मदिरों में कलश स्थापना कर विधि विधान से मां की अराधना की जा रही है।

दुर्गा सप्तशती के पाठ से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सुबह-शाम देवी मंदिरों आरती हो रही है। इधर भव्य व आकर्षक पंडाल निर्माण व मूर्तिकार द्वारा मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं के मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाजारों में चहल पहल बढ़ी हुई है। वहीं सोमवार को शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना हुई। श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में शक्ति की देवी मां दुर्गा के स्कंदमाता रूप की अराधना किया। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजमान है। इनकी चार भुजाएं हैं। माता ने अपने दो हाथ में कमल का फूल पकड़ा हुआ है। एक भुजा ऊपर की तरफ उठी हुई है। एक हाथ से अपने पुत्र स्कंद को पकड़ा हुआ है। सिंह इनका वाहन है। वात्सल्य की मूर्ति स्कंदमाता की पूजा करने से संतान योग, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार देवी स्कंदमाता हिमालय की पुत्री हैं। जिसके कारण इन्हें पार्वती कहा जाता है। भगवान महादेव की पत्नी होने के कारण माहेश्वरी भी कहा जाता है। गौर वर्ण देवी गौरी के नाम से भी जाना जाता है। कमल के पुष्प पर अभय मुद्रा में विराजित होने के कारण इन्हें पद्मासना देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहा जाता है। भगवान स्कंद यानी कार्तिकेय की माता होने के कारण इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। स्कंदमाता प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं की सेनापति बनी थीं।

**पंडाल व मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे कारीगर:** शहर समेत पूरे अनुमंडल क्षेत्र में दशहरा की तैयारी जोरों पर है। मां दुर्गा की प्रतिमा रंगाई का कार्य अंतिम चरण में है। मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में दिन-रात एक किए हैं। वहीं पंडाल पर कपड़ा चढ़ाने व सजावट का कार्य जोरों पर चल रहा है। सप्तमी को मां दुर्गा का पट खुलने वाला है, लेकिन शहर की सजावट दो दिन पूर्व से ही खूब दिख रही है।

# बालू माफिया के लिए मंगाई गईं थी 154 गोलियां, दो गिरफ्तार

- माफियाओं के लिए उत्तर प्रदेश से मंगई गईं थी गोलियां
- गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, दो मोबाइल व एक बाइक जब्त



**केटी न्यूज/आरा**

बिहार के आरा में आरा स्टेशन के पास से पुलिस ने 154 जिंदा कारतूस, 02 मोबाइल एवं 01 पल्सर मोटरसाइकिल के साथ दो को हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्कर उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला के सरपतहा थाना के सबाभन चौहान का धुरा निवासी लल्लू चौहान का बेटा मंजीत चौहान और दूसरा सारण जिला के छपरा मुफस्सिल थाना के लवकुशपुर निवासी कृष्ण मुरारी सिंह का बेटा दुर्गेश कुमार है।

### आरा स्टेशन पर छपरा के युवक को दी गई थी डिलिवरी

इसकी जानकारी भोजपुर एसपी राज ने दी। उन्होंने बताया की पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी की उत्तरप्रदेश से मंजीत चौहान नाम का एक व्यक्ति भारी मात्रा में हथियार ले कर आरा आ रहा है जो बालू माफिया को देने में किया जा रहा है और मंजीत नाम का एक लड़का ट्रेन से आ रहा था और उसे आरा रेलवे स्टेशन पर` छपरा निवासी दुकोर्गेश को हैण्ड ओवर करने वाला है। मंजीत की गिरफ़्तारी के लिए आरा नवादा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विषेष टीम बना कर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। रात में करीब 10 बजे एक व्यक्ति आरा स्टेशन से तेजी से काला रंग का पिठु बैग लेकर बाहर निकला और पूर्वी गेट के पास एक पल्सर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आया और वह गाड़ी बैग लिए हुए व्यक्ति के पास रूकी जिसके बाद बैग लिया हुआ व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल पर बैठकर पंचमुखी मंदिर की ओर तेजी से निकलने लगा जिसे घेर कर रोका गया तथा पिठु बैग की तलाशी लेने पर 154 पीस जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**कई लोगों के नामों का हुआ है खुलासाः** पुलिस अधीक्षक राज ने आगे बताया कि उनके पास से बहुत सी जानकारियां मिली है कुछ लोगों के नाम भी सामने आए हैं। जिनको गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई शुरू की जा रही है, लेकिन गोपनीयता के आधार पर बताया नहीं जा सकते हैं, मनजीत चौहान के पास से कुल 154 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है इसके आधार पर टीम काम कर रही है और कई लोगों की गिरफ्तारी होगी।

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिक, कलाकार, पत्रकारों व परीक्षार्थियों को मिले रेलवे रिजर्वेशन में छूट : सुदामा प्रसाद



**आरा।** सासंद सुदामा प्रसाद ने आज रेलवे के पार्लियामेंट्री कमिटी की पहली बैठक में शामिल हुए। वे 26 सितंबर 24 को कमिटी के सदस्य चुने गए थे। उन्होंने आज देश सहित जिले के रेलवे से जुड़े कई मुद्दों को कमिटी बैठक में रखी। जिसमें मुख्य रूप से कोरोना काल से बन्द सभी ट्रेनों को चालू करने, जेनरल बोगी व थ्री टायर की संख्या बढ़ाने और कोरोना महामारी के नाम पर बंद किया गया वरिष्ठ नागरिकों, कलाकारों, पत्रकारों, परिक्षार्थियों, छात्र छात्राओं के लिए कनशेषन टिकट शुरू करने तथा पूर्वी रेलवे गुमटी आरा के निमार्णाधीन फुट ओवर ब्रीज को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी। उन्होंने सभी ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर बन्द पड़े पानी के नलों को शीघ्र चालू करने,शौचालय की साफ सफाई, प्रतिक्षलयों की सफाई, यात्री शेडो का निर्माण व मरम्मती का भी मुद्दा को उठाया। उन्होंने आरा रेलवे स्टेशन पर निमार्धीन लिफ्टों, नवनिर्मित वाशिंग पीट का उद्धघाटन व रेलवे कैंपस में निर्मित वीर शहीद बाबू कुंअर सिंह की मूर्ति का चेहरा की दिशा रेलवे स्टेशन की तरफ करके जल्द लोकार्पण करने की मांग को मजबूती से बैठक में रखा।

### जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को वितरित की योजना राशि का चेक




**सासाराम।** रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम समाहरणालय स्थित सभगार में सोमवार की जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा ह्यजीविकाह्न अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुको को योजना की राशि के हस्तांतरण का कार्यक्रम मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के उपरांत आयोजित किया गया। किस्म सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत अब तक 4187 परिवारों को जीविकोपार्जन गतिविधियों हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गई है व इन परिवारों को प्रशिक्षित कर सूक्ष्म व्यवसाय,गव्य,बकरी व कृषि सम्बन्धी गतिविधियों से जोड़ा गया है। इस क्रम में आगे बढ़ते हुए 776 परिवारों के बीच में 1.69 करोड़ रुपये की राशी का हस्तांतरण किया जाना है। जीविका अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि बिहार सरकार के द्वारा जीविका परियोजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ने हेतु सामुदायिक निवेश निधि की राशि स्वयं सहायता समूहों से जुडी जीविका दीदियों के लिए उपलब्ध करवाई जाती है। वर्तमान में सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत प्रत्येक समूह को 30 हजार रुपये की राशि परिक्रामी निधि के रूप में तथा एक लाख रुपए की राशि आरंभिक पंजीकरण निधि के रूप में उपलब्ध करवाई जाती है। प्रस्तावित कार्यक्रम में जीविका अंतर्गत 1762 स्वयं सहायता समूहों हेतु 7.89 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत किया जाना है। जीविका अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण जीविका अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को बैंक से सम्बद्ध करते हुए बैंक ऋण के रूप में पूंजी उपलब्ध करवाई जाती है। इस पूंजी का उपयोग समूह से जुडी महिला सदस्यों के द्वारा विभिन्न तरह के स्वरोजगार हेतु उपयोग किया जाता है। प्रस्तावित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा 444 समूहों को 16.87 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया जाना है।

### समाचार संकलन कर रहे पत्रकार का थानेदार ने छीना मोबाइल, प्रभारी मंत्री से की शिकायत

**जहानाबाद।** सामाचार संकलन करने के दौरान घोसी थानाध्यक्ष ने पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट कर मोबाइल छिनने का मामला धीरे धीरे तूल पकड़ लिया है। इस मामले में जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। दरअसल रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत की सूचना पाकर एक निजी चैनल के पत्रकार पंकज कुमार कवरेज करने गए थे जहां घोसी थानाध्यक्ष ददन प्रसाद ने धौंस दिखाते हुए उन्हें मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और गाली गलौज कर भगा दिया। पीड़ित मीडियाकर्मी ने इस बात की शिकायत जिले के प्रभारी मंत्री एवं वरीय पुलिस अधिकारियों से की। जिसके बाद मंत्री ने कार्रवाई कर भरोसा दिलाया है। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि वह सड़क दुर्घटना में हुए एक युवक की मौत की खबर पाकर वह घोसी थाना पहुंचे,जैसे ही वह अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। थानाध्यक्ष ने अपना दादागिरी दिखाते हुए मारपीट कर पहले मोबाइल छीन लिया और बाद में गाली गलौज करते हुए थाना से भगा दिया। वही इस घटना से पत्रकार काफी आहत है। उन्होंने घटना की जांच कर थानाध्यक्ष ददन प्रसाद पर कार्रवाई की मांग की है।

### दुर्गा पूजा के दौरान ड्रोन से होगी निगरानी




**छपरा।** दुर्गा पूजा के अवसर पर रावण पुतला दहन एवं भरत मिलाप कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने सभी संबंधित आयोजकों, शांति समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से एक एक कर अयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा महत्वपूर्ण सुझाव लिया गया। सदस्यों द्वारा कहीं कहीं खराब स्ट्रीट लाइट, जल जमाव आदि को दुरुस्त कराने को कहा गया। भीड़ प्रबंधन के लिये राजेन्द्र स्टेडियम छपरा सहित अन्य आयोजन स्थलों पर भी दर्शकों के लिये सेक्टर बनाकर बैठने की व्यवस्था की जायेगी ताकि भीड़ को नियंत्रित रखा जा सके। सभी सड़कों और गलियों में मोटरसाइकिल पर पुलिस की गश्ती की जायेगी। सिविल ड्रेस में पुरुष एवं महिला पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। लहेरियाकट बाइक चलाने वालों एवं किसी भी तरह का उपद्रव करने वालों के विरूद्ध पुलिस काफी सख्ती से निपटेगी। ड्रोन कैमरे से भी सभी जगहों पर नजर रखी जायेगी। सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह के आपत्तिजनक संवाद फैलाने वाले के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सभी पुलिस उपाधीक्षक, शांति समिति और अयोजन समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी एवं स्थानीय शांति समिति के सदस्यगण जुड़े थे।

## खबरें फटाफट

### पैसे की मांग करने पर दो एएसआई निलंबित

**आरा।** केस मैनेज करने के नाम पर रुपये की मांग करने के मामले में गीधा थाने के दो पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरी है। एसपी राज ने दोनों को सस्पेंड कर दिया है। सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर रविवार को एसपी द्वारा दोनों को निलंबित कर दिया गया। इनमें एएसआई उमाशंकर सहनी और सुबोध पासवान शामिल हैं। एसपी की ओर से सस्पेंशन की पुष्टि की गयी है। बता दें कि गीधा थाने के एएसआई उमाशंकर सहनी और कायम नगर निवासी कपड़ा दुकानदार आफताब के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। उसमें एएसआई की ओर से केस मैनेज करने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही थी।

### नवविवाहिता की बुलेट के लिए हत्या

**छपरा।** जिले के कोपा थाना अंतर्गत अनवल भेरिहारी टोला में दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता की पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। मृत महिला कोपा थाना अंतर्गत अनवल भेड़िहिरी टोला निवासी शैलेश यादव की 26 वर्षीय पत्नी पूजा देवी है,जो कि सिवान जिला के हुसैनगंज थाना अंतर्गत हरिहान गांव निवासी भृगुनाथ यादव की पुत्री थी। उसकी मृत्यु के बाद परिवार वाले कोपा थाना पहुंचे,जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा ।जहां मृतका के ससुराल वालों की गिरफ्तारी को लेकर परिजन आक्रोशित हो गए और सदर अस्पताल के बाहर सड़क पर शव को रखकर सड़क जाम करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

### मारपीट के मामले में दो को जेल

**काराकाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाद टोला से शराब पीकर दो भाइयों ने परिजनों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों को जेल भेज दिया ।गिरफ्तार बलिराम सिंह व छोटू कुमार पिता स्व. राम सकल यादव बताया जाता है ।थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों भाई अपने परिजन के साथ परिजनों के साथ मारपीट किया था। जो एक सप्ताह पूर्व शराब पीकर बलिराम सिंह अपनी पत्नी से मारपीट किया था। मारपीट की सूचना पर पुलिस बाद टोला पहुंच दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### सदर अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर से बचाने को लेकर टीकाकरण हुआ शुरू

# कैंसर रोधी एचपीवी टीका बदलेगी बेटियों की जीवन रेखा: जिलाधिकारी

- टीकाकरण से लगभग 70 प्रतिशत तक सर्वाइकल कैंसर के मामलों से बचाव संभव: सिविल सर्जन

**केटी न्यूज/सिवान**




जिले की 09 से 14 आयुवर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा या बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) की बीमारी से बचाने और सुरक्षित रखने के लिए ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण का शुभारंभ किया गया है। उक्त बातें जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के अंतर्गत गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ करने के बाद कही।

जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि बिहार में चार मेडिकल कॉलेज जबकि सदर अस्पताल सिवान का चयन किया गया है। जिला मुख्यालय स्थित चयनित पांच विद्यालयों में पढ़ने वाली 09 से 14 आयुवर्ग की बालिकाओं को टीकाकृत किया गया है। जिले की बच्चियों को दी जाने वाली एचपीवी टीका बेटियों की जीवन रेखा बदलने का काम करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने पटना स्थित आईजीआईएमएस में इसका विधिवत शुभारंभ किया है जबकि सदर अस्पताल सिवान में बच्चियों को टीकाकृत कर उद्घाटन किया गया है। राज्य में एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओ में कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई हैं। जो फिलहाल राज्य के पांच जिलों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित किया गया है। जिसमें सिवान जिला का भी चयन हुआ है।

### अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से भी सुरक्षित रखने में मददगार

सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि जिले की सौ बालिकाएं जिनका उम्र 09 से 14 आयुवर्ग के बीच है। उनको टीकाकृत किया गया है। क्योंकि ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण से लगभग 90 प्रतिशत तक सर्वाइकल कैंसर के मामलों से बचाव संभव है, साथ ही यह एचपीवी संक्रमण से संबंधित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से भी सुरक्षित रखने में मददगार साबित होता है। हालांकि यह टीका शत प्रतिशत सुरक्षा नहीं देगा, लेकिन यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव को कम करने में बेहद प्रभावी है। इसलिए बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण आवश्यक है। कैंसर से सुरक्षित रहने और संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण एक समझदारी भरा कदम है। सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा या बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) एक गंभीर बीमारी है। भारत में इसके मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। जिस कारण विश्व के 5 सर्वाइकल कैंसर के मरीजों में से एक भारत में है। हालांकि यह बीमारी व्यस्क महिलाएं जिनकी उम्र 40 से 60 के बीच है, वह कैंसर के वैश्विक बोझ का एक चौथाई हिस्सा है।

**शहर के पांच विद्यालयों के बच्चियों को किया गया टीकाकृतः** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की रागिनी कुमारी, जवाहर नवोदय विद्यालय की आराध्य सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की शालू कुमारी, डीएवी मध्य विद्यालय की दीपिका कुमारी, सिटी मांटेसरी स्कूल की प्राची शर्मा और एरिना नाज को जिलाधिकारी और सिविल सर्जन के देखरेख में प्रशिक्षित एएनएम द्वारा इन सभी बच्चियों को कैंसर से बचाव के लिए टीकाकृत किया गया। टीकाकरण के बाद निगरानी टीम के शामिल सदर अस्पताल की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रीता सिन्हा और डॉ पल्लवी जबकि होमी भाभा कैंसर एंड रिसर्च सेंटर की डॉ शिवांगी और डॉ सेबी जबकि स्टाफ नर्स आभा कुमारी और कुसुम कुमारी शामिल थी। एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकृत हुई बालिकाओं को अगला टीका छह माह के बाद दिया जाएगा।

इस अवसर पर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, सीएस डॉ श्रीनिवास प्रसाद, सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह, डीएमओ डॉ ओपी लाल, डीआईओ डॉ अरविंद कुमार, डीईओ राघवेन्द्र प्रताप सिंह, डीपीओ अशोक कुमार पाण्डेय, डीपीएम विशाल कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमजद अली, यूनिसेफ के एसएमसी कामरान खान, पीरामल स्वास्थ्य के कुंदन कुमार, यूएनडीपी के मनोज कुमार, डाटा सहायक अशोक कुमार शर्मा और सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी सहित कई अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से शौच करने जा रहे है अधेड़ की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अमहरुआं गांव स्थित बधार में करेंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक चौरी थाना क्षेत्र के अमहरुआं गांव निवासी इंद्रदेव सिंह के 50 वर्षीय पुत्र अजय सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे।

इधर मृतक के भतीजे अमरजीत कुमार ने बताया कि हुआ सोमवार की सुबह वह शौच करने के लिए गांव में ही स्थित बधार की ओर जा रहे थे। जहां रास्ते मे अमहरुआं टोला के पास बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिसमे से बिजली का तार टुट कर लटक रहा था। जाने के क्रम वह उसी तार से स्पर्श कर गए और करेंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीण के जब एक बुजुर्ग वहां से गुजर रहे थे तो उन्होंने उन्हें जमीन में पड़ा देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे।

इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी सविता देवी व पुत्र अमर कुमार एवं सूरज कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सविता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## होमगार्ड पर गोली चलाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सासाराम**

एक हफ्ता पूर्व सासाराम में होमगार्ड पर गोली चलाने के मामले में रोहतास पुलिस ने उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधी अगरेर थाना क्षेत्र के निमिया गांव का बताया जाता है जो की नाबालिग है। वहीं घटना में शामिल अन्य अपराधियों गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। घटना के संबंध में एसपी ने बताया कि घटना में किसी प्रकार के दुश्मनी या कोई मनसा जाहिर नहीं हुई है।

बता दें कि एक अक्टूबर को सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के समरडीहा गांव के समीप मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे होमगार्ड के जवान को गोली मार दी गई थी जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गए थे। घटना घटना के बाद रोहतास एसपी ने विशेष टीम का गठन करते हुए घटना में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि घटना को लेकर गिरफ्तार अपराधी ने अपनी संलिप्त स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल एक अन्य अपराधी जो सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पटनवा गांव निवासी सुरेश सिंह का पुत्र पवन यादव बताया जाता है उसकी तलाश जारी है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बालक का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और ना ही घटना के पीछे किसी प्रकार का उद्देश्य या मनसा सामने आई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बालक नाबालिग है और नया-नया अपराध करना ही उद्देश्य था। वहीं घटना में प्रयुक्त किए गए ब्लू रंग का अपाचे मोटर साइकिल को भी बरामद किया गया है।



### शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन आरण्य देवी मंदिर में जुटा श्रद्धालुओं की भीड़, लोगों ने की पूजा अर्चना

# महिला एवं युवतियों ने मंदिर में जलाएं दीप, संध्या आरती में पहुंचे श्रद्धालु

**केटी न्यूज/आरा**



शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन सोमवार को देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में आज सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा है।

शाम चार बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। यह सिलसिला संध्या 8 बजे तक चलता रहा। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। वही दंडाधिकारी की मौजूदगी में महिला-पुरुष पुलिस कर्मी सक्रीय दिखे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि षष्ठी तिथि यानि मंगलवार की रात्रि माता का भव्य श्रृंगार होगा और मंदिर परिसर में सजावट की जाएगी। सजावट के कार्य में कोलकाता के प्रसिद्ध फुल-श्रृंगार कारीगरों की टीम जुट गई है। श्रृंगार में देशी-विदेशी फूलों का उपयोग किया जाएगा। सप्तमी तिथि (बुधवार) की मंगला आरती के बाद माता का भव्य श्रृंगार भक्तों को दीदार करने का मौका मिलेगा। सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा। इस मौके पर नवरात्रि पूजा संचालन समिति के संतोष कुमार सिंह, अशोक सिंह, अभिषेक मिश्रा उर्फ गोलू मिश्रा, विकास कुमार पांडेय एवं रिशु कुमार उर्फ सोनू आदि सक्रिय रहें।

### परशुराम लक्ष्मण संवाद का हुआ मंचन

**आरा।** भोजपुर 400 वर्ष पुरानी संस्था नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में पांचवें दिन परशुराम लक्ष्मण संवाद, धनुष भंग, रावण बाणासुर संवाद का मंचन किया गया इससे पहले कार्यक्रम में आए अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। अध्यक्ष सोनू राय ने सभी का अभिवादन किया और कहा कि रामलीला में मिल रहे सभी के सहयोग से रामलीला में एक नई ऊर्जा आई है भविष्य में भी आप लोग का सहयोग ऐसा ही बना रहेगा उन्होंने सभी दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया और संरक्षक मंडल के मुख्य संरक्षक हकीम प्रसाद जी ने की प्रभु राम सबके हैं और इस कार्यक्रम में बैठे हम सब सनातनी एक हैं और हमारी संस्कृति और रहन-सहन सभी एक है। इसलिए हमें प्रभु श्री राम के आदर्शों का पालन करना चाहिए। मुख्य अतिथियों में डॉ प्रतीक, दुर्गा राज भाजपा जिला अध्यक्ष, उमेश पांडे, डॉ. अमन, संतोष चंद्रवंशी, उपेंद्र व्यास, किशन सिंह सगर, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, सनी शाहबादी शंभू नाथ केसरी, मदन प्रसाद ,गौतम उर्फ.राजा, विजय भारती, शत्रुघ्न प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजेश कुमार, शंभू प्रसाद और रोटी बैंक के सभी सदस्य मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर किशोरी से बनाता रहा शारीरिक संबंध
- एसपी के निर्देश पर दो माह बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**केटी न्यूज/बलिया**

हल्दी थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दे कि गाजीपुर जिला के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी अपने ननिहाल में काफी समय से रह कर पढ़ती है। ननिहाल में पास के गांव का एक परिचित लड़का अक्सर उसके घर आता जाता था। इसी बीच वह किशोरी को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दो माह पहले उसके साथ शारीरिक सम्बंध बनाया। इतना ही नहीं आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो भी बना ली। इसके बाद वायरल करने का धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। जब किशोरी की मां को घटना की जानकारी हुई तो उसने आरोपी के परिजनों को घटना से अवगत कराया। लेकिन परिजनों ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद पीड़िता की मां ने 13 अगस्त 2024 को हल्दी थाने में तहरीर दिया। लेकिन पुलिस मुकदमा करने के बजाय पंचायत करने में जुटी रही। लेकिन मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा। अंततः पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार किया। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपाशंकर ने बताया कि शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शोहदे ने किशोरी को छत से नीचे फेंका, हालत गंभीर

- पीड़िता के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज
- नवका ब्रह्म बाबा मेले में गए थे परिवार के सदस्य

**केटी न्यूज/बलिया**



रविवार की रात करीब नौ बजे मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक शोहदे ने एक किशोरी को छत से नीचे ढकेल दिया। जिससे वह गंभीर रूप जख्मी हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में पीएचसी मनियर ले गए और पुलिस को सूचना दी। मनियर पीएचसी से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता के तहरीर पर संबंधीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार किशोरी के घर के लोग नवका ब्रह्म बाबा के मेले में गए हुए थे। इसका फायदा उठाते हुए पड़ोस का युवक 16 वर्षीय लड़की के घर में पहुंच गया और छेड़खानी करने लगा। जब किशोरी ने विरोध किया तो युवक ने किशोरी को छत से नीचे ढकेल दिया। जिसे गिरते हुए लोगों ने देखा। बताया जा रहा है कि किशोरी के पैर एवं रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट है। चर्चा तो यह भी है कि युवक हाथ में असलहा लिया था और कहा कि या तो तुम हमको मार दो या मैं तुमको मार दूंगा। यह भी बताया जा रहा है कि किशोरी की शादी कहीं तय हुई थी। जिससे युवक नाराज था और मौके का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया। रात में ही अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँच मुआयना किया एवं पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक बलिया अनिल कुमार झा ने बताया कि युवती के पिता के तरफ से मनियर थाने में तहरीर दी गई है कि पड़ोसी का एक युवक द्वारा मेरी बेटी को छत से नीचे ढकेल दिया गया। उसके पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उसे गिरफ्तार हेतु टीमें गठित की गई है।

## खबरें फटाफट

### सरोवर में डूबने से किशोर की मौत

**रसड़ा।** रसड़ा नगर के नाथ बाबा मठ स्थित सरोवर में एक किशोर का तैरता हुआ शव दिखायी देने से सनसनी फैल गया। किशोर समीर साहनी( 13) पुत्र शंकर साहनी नगर के उत्तर पट्टी निवासी है। समीर साहनी घर से दोपहर में ही निकला था। जब वह शाम तक घर नही पहुंचा तो परिजन उसकी खोज बिन करने लगे बुधवार की रात करीब 8 बजे सरोवर में उसका तैरता हुआ शव मिला। लोगो ने शव को निकाल कर अस्पताल लाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सहकारी समितियों के मछुआरों को मिलेगा लाभ

**बलिया।** मत्स्य पालक विकास अभिकरण अधिकारी ने बताया है कि मत्सय जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु प्रदेश सरकार ने मछुआ समुदाय के आर्थिक एवंसामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन के लिये ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत है। इस पोर्टल से महुआरों/मछुआ समुदाय को सहकारी समितियों में शामिल होने से रोजगार के नये अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। समिति के गठन के लिए जनसामान्य से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल पर मांगे रहे है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, बलिया में किसी भी कार्य दिवस में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 30 तक करें आवेदन

**बलिया।** कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षणार्थियों के आनलाइन आवेदन की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। भारत सरकार की अधिकृत संस्था से इच्छुक अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की बेवसाइट पर दिये प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 से बढ़ाकर 30 अक्टूबर तक कर दी गई है। 31 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से हार्ड कॉपी जमा कर दें, अन्यथा आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप

# सपा मीडिया सेल के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर, पड़ताल में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/मऊ**

- सपा मीडिया सेल के एक्स हैंडल पर मंत्री के पूरे परिवार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी
- मंत्री के शहरी विकास एवं बिजली विभाग से संबंधित खबरों का दिया हवाला



योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए मऊ में सपा मीडिया सेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा कैबिनेट मंत्री के भाई की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सपा मीडिया सेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई है।

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा के भाई अरुण कुमार शर्मा ने सरायलखंसी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल की तरफ से सपा नेताओं की शह पर कैबिनेट मंत्री के साथ पूरे परिवार को बदनाम करने की लगातार कोशिश हो रही है। सपा मीडिया सेल के एक्स हैंडल पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और उनके पूरे परिवार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है।

दावा किया कि सपा मीडिया सेल के एक्स हैंडल पर लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन, झूठे और आपत्तिजनक हैं। विशेष रूप से परिवार को बीच में लाकर, अनर्गल आरोप लगाकर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा समेत पूरे परिवार की छवि बिगाड़ने की कोशिश की गई है। इस पोस्ट को लेकर भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है।

कैबिनेट मंत्री के भाई द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सरायलखंसी थाने में समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 352, 353 और सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम (आईटीएक्ट) की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुट गई है।

वहीं, सपा मीडिया प्रकोष्ठ ने प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया देते हुए एक पोस्ट में पूछा कि मंत्री के भ्रष्टाचार को लेकर जो कुछ कहा जा रहा है क्या उन खबरों में सच्चाई है? मीडिया प्रकोष्ठ ने सोमवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा, "मंत्री महोदय ने अपने भाई के जरिये प्राथमिकी दर्ज करवाकर खुद यह साबित कर दिया कि उनके भ्रष्टाचार के संदर्भ में जो खबरें हैं, वह सत्य हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अंदरूनी हलकों में भी मंत्री महोदय के परिवारवाद/भ्रष्टाचार संबंधी चचाओं का बाजार गर्म है। "अंदर की जो बातें" आ रही हैं उन्हें मंत्री महोदय ने सत्यापित कर दिया है।' इसने यह भी लिखा, "मंत्री महोदय ज्यादा विचलित हैं। अभी उनका विचलन और बढ़ेगा जब भ्रष्टाचार की पोल पट्टी और खुलेगी, जमकर खुलेगी तथा जोरदार खुलेगी।

पोस्ट में मंत्री के शहरी विकास एवं बिजली विभाग से संबंधित खबरों का भी हवाला दिया गया है तथा संबंधित अखबारों की कतरनें भी संलग्न की गई हैं। ये पोस्ट सफाई, कूड़ा, बिजली और अन्य समस्याओं से संबंधित हैं।

एक्स पर एक अक्टूबर से ही शहरी विकास और बिजली विभाग से जुड़े मुद्दों को लेकर सपा और शर्मा के बीच तीखे संवाद पोस्ट किए जा रहे हैं, लेकिन पांच अक्टूबर को शर्मा के कार्यालय और सपा मीडिया प्रकोष्ठ के बीच अशोभनीय संवाद ने सारी हदें पार कर दी थीं।

सपा मीडिया प्रकोष्ठ ने मंत्री को सलाह देते हुए पोस्ट किया, "मंत्री जी, अपने कार्यालय को समझाइए और थोड़ा व्यवहार ठीक कीजिए, आपको आज का समय दिया जा रहा है।"

सपा मीडिया प्रकोष्ठ ने अखबार में प्रकाशित सफाई कर्मचारियों से जुड़ी एक खबर को इसी पोस्ट में साझा करते हुए अपमानजनक संदेश का इस्तेमाल किया।

## एक नजर

### ऑटो से 525 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार




**बलिया।** नरही थाना की पुलिस ने सोमवार को सीएचसी नरही के पास से एक आटो को पकड़ा। जिसमें से लगभग 525 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। वहीं चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसकी जानकारी पुलिस ने सोमवार को दिन में दो बजे प्रेस विज्ञिप्त जारी कर दी है। पकड़ी गयी शराब की कीमत साढ़े तीन लाख रूपए बतायी जा रही है। पुलिस की माने तो थाने के उपनिरीक्षक अजय साहनी अपने टीम के साथ मुखबीर की सूचना पर सीएचसी नरही के पास से झाड़ियों के पीछे छिपकर थ्री व्हीलर आटो को पकड़ लिया, लेकिन ड्राइवर के द्वारा रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। छानबीन के दौरान वाहन पर 2112 पाउच 8 ढट की 44 पेटी, अगल अलग अंग्रेजी शराब के 16 पेटी बरामद किया। जिसकी मात्रा कुल मात्रा 525 लीटर है।

### नौ अक्टूबर को खड़िचा गांव स्थित मां भगवती मंदिर पर होगा भव्य दीपदान का आयोजन



**गड़वार (बलिया)।** स्थानीय कस्बा स्थित खड़िचा गाँव में माँ भगवती के मंदिर पर शारदीय नवरात्रि में सप्तमी को दीपदान का भव्य आयोजन किया गया है,जिसमें लाखों की संख्या में भक्त मां के पूजन-अर्चन में सहभागिता करेंगे।वर्तमान में चौदह कोस तक कलचूरी वंश अपने ज़िले में है, और शारदीय नवरात्र में पूजन-हवन के लिए सभी घर से लोगों की सहभागिता अनिवार्य रूप से होती है और लोग आते है ,साथ में क्षेत्रीय लोग भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है। खड़िचा गाँव के पूर्व दिशा में माँ भगवती का प्राचीन गढ़वासिनी मिट्टी पिंड के रूप में विद्यमान है। मान्यता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व हैहय-कलचूरी वंश के युद्ध के दौरान माँ ने स्वयंभू प्रकट होकर कलचूरी वंश की रक्षा की थी।रामायण व अन्य पुराण में भी कलचूरी वंश का वर्णन विष्णु के प्रपुत्र क्षत्रिय समाज के हैहय वंश के राजा सहस्त्रअर्जुन से है जो धन ,कीर्ति व बल के देवता है। इस बाबत आयोजन समिति के पुजारी धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि खड़िचा गांव में स्थित मां भगवती जी के मंदिर प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्रि के सप्तमी तिथि को चौदह कोस के कलचुरी वंश के लोग यहां पर पूजन-अर्चन के लिए आते है। और लाखों की संख्या में दीपदान का आयोजन किया जाता है। नरेंद्र सिंह,अजय सिंह,मनोज सिंह,जगदंबा सिंह,एड .मुकेश सिंह (मंटू),गोलू, मिथिलेश,अमित आदि लोग तैयारी में जुटे हुए हैं।

### एसपी ने टीएसआई आरक्षी को किया निलंबित

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने रविवार को पुलिस उच्चाधिकारियों का नाम लेकर फल विक्रेताओं से मोल भाव करने तथा कम पैसे में फल लेने, फल विक्रेताओं पर अनाधिकृत रुप से दबाव बनाने के कारण यातायात विभाग के आरक्षी योगेन्द्र प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। जिससे पुलिस महकमा में हड़कम्प मचा हुआ है। आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक पिछले दिनों जनपदीय पुलिस की गिरी शाक को सही करने और कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त लागू करने की उद्देश्य से इन दोनों वीडियो कॉल एवं गूगल मीटिंग के माध्यम से रात में गस्त व चेकिंग में लगे अधिकारी का कर्मचारियों की ड्यूटी पॉइंट को अचानक चेक कर रहे हैं। इसके अलावा पुलिसकर्मियों की शिकायत मिलने पर भी त्वरित कार्रवाई कर जनता को तसल्ली देने का काम कर रहे है।

### कोटे की दुकान आवंटन में धांधली का आरोप

**बांसडीह।** ग्राम पंचायत सकरपुरा में कोटे की दुकान के आवंटन में विकास खंड के अधिकारियों द्वारा कि गयी धांधली की शिकायत को लेकर तहसील में सोमवार को गांव की महिला नीलम राजभर ने सैकड़ो महिलाओं के साथ एसडीएम अभिषेक प्रियदर्शी व एडीओ पंचायत अवधेश पाण्डेय को तहसील व ब्लॉक में जाकर पत्रक देकर उक्त बैठक की कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की। कहा कि उक्त बैठक में एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए ब्लाक के कर्मचारियों को बार बार कहने के बाद भी उनके द्वारा आपत्तियों को दरकिनार करते हुए एकपक्षीय कारवाई की गई है। उन्होंने उक्त दुकान के आवंटन की कार्रवाई को निरस्त कर इसके आवंटन के लिए कोई अन्य तिथि निर्धारित करें। एसडीएम अभिषेक प्रियदर्शी ने शिकायतकर्ता की बात सुनकर एसडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान काफी संख्या में गांव कि महिलाएं मौजूद रही।

## ऑनर किलिंग: बहन की हत्या के आरोपी भाई को पुलिस ने दबोचा



**केटी न्यूज/बलिया**

- दो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी पुलिस
- तीनों ने बहन की हत्या कर शाहपुर पुलिया के नीचे फेंक दिया था शव

मुखबीर की सूचना पर वांछित चल रहे अभियुक्त रविन्द्र राजभर पुत्र स्व पतरु राजभर निवासी पिण्डहरा को नायरा पेट्रोल पम्प पिण्डहरा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, जहां से जेल भेज दिया गया।

आपको बता दें कि विगत 19 जून 2024 को बलिया-बांसडीह मार्ग पर बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के शाहपुर पुलिया के नीचे किशोरी का शव मिला था। इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया था। जिसमें पुलिस ने प्रेम प्रसंग के मामले में आनर किलिंग में हत्या पाया। इस मामले में पुलिस ने किशोरी के तीन सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दो भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि एक भाई फरार चल रहा था। जिसमें

न्यायालय द्वारा पूर्व में NBW व 84 की कार्रवाई की गई थी। इस मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दे कि किशोरी किसी युवक से प्यार करती थी। जिसे तीनों भाइयों ने काफी समझाया था। जब वह नहीं मानी तो तीनों भाइयों ने उसकी हत्या कर बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के शाहपुर पुलिया के नीचे शव को फेंक दिया था।

## आरटीई योजना के तहत दुर्बल वर्ग के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

- चार चरण में किया जा सकेगा आवेदन
- लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा चयन

**केटी न्यूज/मऊ**




जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक/कक्षा 01 में प्रवेश कराकर कक्षा 08 तक की प्रारंभिक शिक्षा निःशुल्क कराए जाने हेतु प्रवेश दिए जाने के संबंध में ऑनलाइन आवेदन एवं लॉटरी हेतु प्रक्रिया करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु समय सारणी निर्धारित की गई है, आवेदन की प्रक्रिया चार चरण में की जाएगी, जिसका विवरण निम्नलिखित है। प्रथम चरण में आवेदन करने की तिथि 01 दिसंबर से 19 दिसंबर 2024 तक, द्वितीय चरण के आवेदन करने की तिथि 01 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक, तृतीय चरण के आवेदन करने की तिथि 01 फरवरी से 19 फरवरी 2025 तक एवं चतुर्थ चरण के आवेदन करने की तिथि 01 मार्च से 19 मार्च 2025 तक।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की तिथि प्रथम चरण के आवेदन का सत्यापन 20 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक, द्वितीय चरण के आवेदन पत्रों का सत्यापन 20 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक, तृतीय चरण के आवेदन पत्रों का सत्यापन 20 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक एवं चतुर्थ चरण के आवेदन पत्रों का सत्यापन 20 मार्च से 23 मार्च 2025 तक तथा लॉटरी निकालने की तिथि प्रथम चरण के आवेदन पत्रों का 24 दिसंबर 2024 को, द्वितीय चरण का 24 जनवरी 2025 को, तृतीय चरण का 24 फरवरी 2025 को तथा चतुर्थ चरण का लॉटरी 24 मार्च 2025 को निकाली जाएगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रवेशित कराए जाने की तिथि प्रथम चरण का 27 दिसंबर 2024 को, द्वितीय चरण का 27 जनवरी 2025 को, तृतीय चरण का 27 फरवरी 2025 को तथा चतुर्थ चरण का 27 मार्च 2025 तक कराया जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि दुर्बल वर्ग की श्रेणी के अंतर्गत जिनके माता या संरक्षक गरीबी रेखा के नीचे विकलांग, वृद्धावस्था, निराश्रित बेघर, बीपीएल वर्ग एचआईवी एवं कैंसर पीड़ित माता-पिता का बच्चा एवं विधवा पेंशन प्राप्त करते हो या जिनकी अधिकृत वार्षिक आय रुपया एक लाख तक है, वे आवेदन कर सकते हैं।

## नवरात्र अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने विभिन्न दुकानों पर दी दबिश

# खाद्य विभाग ने लिये फलाहार सामग्रियों के 15 नमूने

**केटी न्यूज/बलिया**





खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने नवरात्र अभियान के तहत सोमवार को बेल्थरारोड, बैरिया, रसड़ा, छितौनी रसड़ा, ब्रम्हस्थान रसड़ा, रोशन शाह बाबा मजार रसड़ा में खाद्य पदार्थ की दुकानों पर छापेमारी की। इस दैरान मूंगफली, किसमिस, छोहाड़ा, साबुदाना, मखाना, लचीदाना, मिश्रित दूध, सिंघाड़ा का आटा के कुल 15 नमूने लिये।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में निकली सचल टीम ने सभी नमूनों को सम्बंधित दुकानदारों के समक्ष सील बंद किया। खाद्य पदार्थ बेचने दुकानदारों को बेस्ट बिफोर मैन्युफैक्चरिंग डेट आदि लिखी हुई गुणवत्तापूर्ण सामग्री बेचनें के निर्देश दिये। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार, अखिलेश कुमार मौर्य, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार थे।

### मैन्युफैक्चरिंग डेट व बेस्ट बिफोर अवश्य देखें

**बलिया।** सहायक आयुक्त द्वितीय वेद प्रकाश मिश्रा ने सावधानी बरतते हुए कहा की फलाहार की पैक सामग्रियों को क्रय करते समय उस पर अंकित बेस्ट बिफोर मैन्युफैक्चरिंग डेट अवश्य देख लें।

## बढ़ी परेशानी: आधा सत्र बीतने के बाद भी पुस्तकों से वंचित हैं उच्च कक्षाओं के छात्र

**केटी न्यूज/सिपाह इब्राहिमाबाद (मऊ.)**

- प्रकाशकीय विविधता के चलते हो रही दिक्कत

कहते हैं, सुआ न सुतारी फिर काहे का व्यापारी यह कहावत उन विद्यार्थियों पर बिलकुल फिट बैठती है जिन्हें वर्तमान शैक्षिक सत्र की आधे से अधिक समयावधि बीत जाने के बावजूद पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकीं हैं। जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों के कक्षा 6, 7और 8 में तो हर कहीं एक जैसी पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं किंतु कुछ वर्षों से कक्षा 9,10,11 और 12 की पाठ्य पुस्तकों में प्रकाशकीय विविधता के कारण न केवल शिक्षकों - विद्यार्थियों वरन पुस्तक व्यवसायियों को भी काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। बताते चलें कि प्रकाशकीय वैविध्य के कारण अलग - अलग विद्यालयों की तो बात ही दीगर है किसी एक ही विद्यालय में भिन्न - भिन्न विषयों के लिए भिन्न - भिन्न प्रकाशनों की पाठ्य - पुस्तकों का चलाया जाना बिलकुल सामान्य सी बात है। मसलन यदि किसी विद्यालय की 9 वीं कक्षा में हिंदी ( राजीव प्रकाशन ) गणित ( काका प्रकाशन ) सामाजिक विज्ञान ( अवतार प्र.) विज्ञान ( विद्या प्र.) तथा अंग्रेजी ( नवीन प्र.) की पुस्तकें स्वीकृत हैं तो दूसरे विद्यालयों में विद्यार्थियों को अन्य प्रकाशनों की पुस्तकों से पढ़ने हेतु निर्देशित किया हुआ हो सकता है।

इन्वेस्टमेंट प्रमोशन व फैसिलिटेशन के लिए भी तैयार होगा डीटेल्ड मैकेनिज्म जिसको तैयार करने की परियोजना पर कार्य शुरू

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ा निवेशकों को नई सुविधाएं देगी सरकार

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास कर रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश ने इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। ऐसे में, अब इस प्रगति को नए आयाम देने की दिशा में योगी सरकार द्वारा दो अहम कदम उठाए गए हैं। एक ओर, प्रदेश में निवेश प्रक्रिया के सरलीकरण, तमाम प्रकार की मंजूरी और इन्सेंटिव प्रणाली का लाभ देने व निवेशकों को नई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में इन्वेस्टमेंट रिफॉर्म्स का डीटेल्ड मैकेनिज्म बनाया जाएगा। इसके जरिए इन्वेस्टमेंट प्रमोशन व फैसिलिटेशन का मार्ग प्रशस्त होगा और

- प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए निवेश प्रक्रिया सरलीकरण समेत कई परियोजनाओं पर होगा काम
- उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में इन्वेस्टमेंट रिफॉर्म्स समेत विभिन्न प्रकार की योजनाओं को किया जाएगा लागू

प्रक्रिया सरलीकरण में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के सिंगल विंडो प्लैटफॉर्म प्रणाली को और दुरुस्त करने पर फोकस किया जा रहा है। प्रक्रिया के अंतर्गत दो चरणों में बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को पोर्टल से जोड़ा जाएगा।



**निवेश मित्र पोर्टल की सिंगल विंडो प्रणाली में और सुविधाओं को जोड़ा जाएगा :** सीएम योगी की मंशा अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल की सिंगल विंडो प्रणाली को और सुदृढ़ कर उसमें नई सुविधाओं को जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत दो फेज में कार्य को पूरा किया जाएगा। पहले फेज में डिजाइन, डेवलपमेंट व इंप्लिमेंटेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा तथा दूसरे फेज में पोर्टल के ऑपरेशनल मेंटिनेंस पर फोकस किया जाएगा। इस प्रक्रिया के जरिए बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को पोर्टल से जोड़े जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### आईपीआरएस रैंकिंग फ्रेमवर्क विकसित करने पर फोकस

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को प्रक्रिया सरलीकरण समेत ईज ऑ? डूइंग बिजनेस के विभिन्न कॉम्पोनेंट्स का लाभ मिलना चाहिए। इसी दिशा में यूपीसीडा में डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के मानकों के अनुरूप बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) को लागू किया जाएगा। यह डीटेल्ड मैकेनिज्म की तरह कार्य करेगा जो यूपीसीडा के ऑफिशियल्स की परफॉर्मेंस में इजाफा करने, ऑनलाइन सर्विसेस के मॉडिफिकेशन व निवेश मित्र के साथ उसके इंटीग्रेशन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (आईपीआरएस रैंकिंग) का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

### डिजिटल फैसिलिटेशन मैकेनिज्म में होगा सुधार

प्रक्रिया के अंतर्गत, डिजिटल फैसिलिटेशन मैकेनिज्म में और ज्यादा सुधार किया जाएगा। इसके जरिए, इन्वेस्ट यूपी द्वारा सुझाए गए नए मॉडल्यूल्स का विकास होगा। यह उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की मौजूदा प्रणाली को सिंगल विंडो प्रणाली का एक्सेस और साथ ही राष्ट्रीय सिंगल विंडो प्रणाली के साथ एकीकरण का माध्यम सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही निवेशकों को केवाईए (नो योर अप्रूवल्स), यूएएफ (यूनिफाइड एप्लिकेशन फॉर्म्स), डॉक्यूमेंट रिपोजिटरी, पेमेंट गेटवे, इंडीविजुअल लाइसेंस मॉड्यूल, ग्रीवांस रेड्रेसल, यूजर प्रोफाइल मैनेजमेंट मॉड्यूल, रिपोर्टिंग व डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराता है जिसे और सुदृढ़ करने की तैयारी की जा रही है।

### गैप ऐनालिसिस व इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्ट्रैटेजी पर काम

यह यूपीसीडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास व निवेश के अवसर तलाशने तथा गैप ऐनालिसिस के माध्यम से सुधार के क्षेत्रों में काम करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके अतिरिक्त, इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्ट्रैटेजी के विकास व विस्तार, बिजनेस प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग, नॉलेज क्रिएशन, डाटाबैंक मैनेजमेंट, बिजनेस प्रमोशन व मार्केटिंग, जीआईएस सिस्टम के इवैल्युएशन समेत विभिन्न प्रकार के कार्यों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 3 वर्षों की कार्यावधि के लिए एक कंसल्टेंसी एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने कठौडा दियरा से 2500ली. लहन किया नष्ट

**सिकन्दरपुर।** पुलिस द्वारा क्षेत्र के कठौडा गांव के दियरा से लगभग 2500 लीटर लहन सहित शराब बनाने के उपकरण/सामग्री को नष्ट किया गया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक विकासचन्द पाण्डेय मय हमराह पुलिस फोर्स के साथ देखभाल क्षेत्र पेण्डिग विवेचना गिरफ्तार वांरटी व रोकथाम जुर्म जरायम मे मामूर थे कि मुखबीर खास द्वारा सूचना मिली कि ग्राम कठौडा के दियरा मे नदी के बीच मे टापू पर सरपतो मे छिपकर कुछ लोग कच्ची शराब बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस फोर्स टीम द्वारा कठौड़ा दियरा में नदी के किनारे टापू पर बहद ग्राम कठौड़ा छापेमारी करते हुए अवैध कच्ची देशी शराब बनाने के उपकरण सहित लगभग 2500 लीटर लहन व अवैध शराब बनाने की अन्य सामग्री जैसे नौसादर, फिटकरी आदि को नष्ट किया गया।

### खातों में एनपीसीआई मैप्स प्रक्रिया कराएं पूर्ण

**बलिया।** जनपद के समस्त दिव्यांग पेंशनधारियों को सूचित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजन कुमार ने बताया है कि सामाजिक अधिकारिता दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना, कुष्ठावस्था पेंशन योजना एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों को अनुदान की द्वितीय किस्त का प्रेषण माह सितम्बर, में अकाउण्ट बेस्ड पेमेण्ट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेण्ट प्रणाली से किया जाना प्रस्तावित है। आधार बेस्ड पेंमेण्ट प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को अपने बैंक खाते में एनपीसीआई मैप्स की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। आधार बेस्ड पेमेण्ट में भुगतान मात्र एनपीसीआई मैप्स आधार में ही किया जायेगा। साथ ही अपने बैंक शाखाओं से सम्पर्क कर उसमें खुले बैंक खातों में एनपीसीआई मैप्स की प्रकिया को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## बीएसए से विभिन्न मांगों को लेकर मिला अनुदेशकों का प्रतिनिधिमंडल

- कहा- क्लाक स्तर से नहीं भेजा जा रहा वेतन बिल मानदेय भुगतान में हो रही देरी

**केटी न्यूज/चंदौली**




परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह से मुलाकात कर पत्रक सौंपा। इस दौरान कहा कि समय मानदेय भुगतान नहीं होने के साथ ब्लाक स्तर से वेतन बिल नहीं भेजा जा रहा। इससे मानदेय भुगतान में देरी हो रही है। इससे अनुदेशकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा कि हम अनुदेशक मनोयोग से बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं। इसके बाद भी समय से मानदेय नहीं मिल पा रहा है। इससे अनुदेशकों को तमाम तरह की परेशानियों का दंश झेलना पड़ रहा है। बीएसए ने भरोसा दिलाया कि ग्रांट आते ही अविलंब मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरानअमरनाथ राय, सुजीत पाण्डेय, नरेंद्र कुमार, जय भारत भारती उपस्थित रहे।

## डीएम के आदेश पर कब्र से निकाला गया महिला का शव

**केटी न्यूज/गाजिपुर**

शादियाबाद थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर मनिहारी गांव में रविवार को डीएम के आदेश पर छह माह पहले मृत विवाहिता रूबिना (30) का शव कब्र खोदकर निकाला गया। मृतका की मां के प्रार्थना-पत्र पर कार्रवाई हुई। इसके बाद पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस दौरान एसडीएम सालिक राम और सीओ सैदपुर अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम तैनात रही।

मृतका रूबिना की मां रशिदुन निशा ने पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था की उसकी पुत्री की दहेज के लिए हत्या कर दी गई है। ऐसे में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जाए। उन्होंने बताया था कि नौ वर्ष पहले वर्ष 2015 में रूबिना की शादी हुई थी। तभी से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। बीते नौ अप्रैल को रुबिना को उसका पति इस्तियाक उसकी विदाई कराकर उसे मायके से ससुराल लेकर आया था। 10 अप्रैल को रूबिना ने फोन कर बताया कि ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। हम लोगों ने उसे समझाया की कल ईद है। हम लोग कल आएंगे। इसके बाद 11 अप्रैल की रात दो बजे ससुराल वालों का फोन आया कि रूबिना की तबीयत खराब है और फोन काट दिया।

## एक नजर

### त्योहार पर भीड़ को देखते हुए फैसला, सिटी रेलवे स्टेशन होकर जाएगी उधना साप्ताहिक ट्रेन



**गाजीपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से त्योहारों पर भीड़ को देखते हुए 09067/09068 उधना-बरौनी-उधना साप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन शुरू किया है। उधना से 10 अक्तूबर से 28 नवंबर तक बरौनी से 11 अक्तूबर से 29 नवंबर तक संचालन किया जाएगा। 09067 उधना-बरौनी साप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी 10 अक्तूबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को उधना से सुबह 05.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर दोपहर 12.45 बजे पहुंचकर बलिया से 2.20 बजे से आगे के लिए रवाना होगी। वापसी यात्रा में 09068 बरौनी-उधना साप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी 11 अक्तूबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से रात में 11.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन सुबह 08.15 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार की ओर से दी गई।

### चित्तू पाण्डेय चौराहा से मालगोदाम तक रोड चौरीकरण के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बलिया।** अधिशासी अभियंता विद्युत अधिकारी ने बताया है कि नगर क्षेत्र के चित्तू पाण्डेय चौराहा से मालगोदाम तक रोड चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिसमे नगर क्षेत्र के चित्तू पाण्डेय चौराहा से मालगोदाम तक पोल तार इत्यादि शिफटिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, और 04 से 08 अक्टूबर तक प्रातः 09 बजे से 01 बजे तक 33/11 के0वी0 विशुनीपुर उपकेन्द्र से निर्गत शहीद पार्क कासिम बाजार बालेश्वर घाट की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। ।

### बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में शामिल होंगे पार्टी के कार्यकर्ता

**चंदौली।** बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई की बैठक सोमवार को मुख्यालय स्थित कैंप कार्यालय में हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई वहीं बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि में लखनऊ शामिल होने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया गया। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहा कि 9 अक्टूबर को लखनऊ में पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई जाएगी जिसमें जनपद से सैकड़ो कार्यकर्ता लखनऊ भाग लेंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी तैयारी कर लें और 8 अक्टूबर को ही जनपद से रवाना होंगे। इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। इस दौरान उमापति राम, राकेश शर्मा, श्याम नारायण सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### दो महीने का समय गुजरा, नहीं मिली जमीन

**गाजीपुर।** दो महीने से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन, अभी तक पांचवें वृहद गो संरक्षण केंद्र के निर्माण के लिए जमीन नहीं मिल सकी। डीएम आर्यका अखौरी की ओर से बीते 10 जुलाई को जिले के सभी एसडीएम को पत्र लिखकर 15 दिन के अंदर जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। जिले में चार वृहद गो संरक्षण केंद्र पहले से हैं। पांचवें वृहद गो संरक्षण केंद्र के निर्माण के लिए शासन की ओर से पशु पालन विभाग की ओर से प्रस्ताव मांगा गया था। साथ ही जिला प्रशासन को जमीन मुहैया कराने का निर्देश दिया गया था। लेकिन, अभी तक जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण मामला अधर में है। वहीं पशु पालन विभाग की ओर से वृहद गो संरक्षण केंद्र के निर्माण को लेकर प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जनपद के जिस तहसील क्षेत्र में जमीन मुहैया हो जाएगी, वहां पर गो संरक्षण केंद्र के निर्माण का रास्ता खुलेगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एके शाही ने बताया कि जमीन मिलने पर वृहद गो संरक्षण केंद्र का निर्माण कार्य शुरू होगा। अभी जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई है। जिले के हाईवे, विभिन्न सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश बेसहारा घूमते नजर न आए। इनका रख-रखाव बेहतर ढंग से हो सके। साथ ही चारा, पेयजल वगैरह की पर्याप्त व्यवस्था हो सके। इसके लिए शासन स्तर पर वृहद गो संरक्षण केंद्र निर्माण की योजना चलाई जा रही है। मालूम हो कि गो संरक्षण शासन की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। इसके बावजूद जमीन ढूंढने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के करीमुद्दीनपुर, कासिमाबाद के परजीपाह, सैदपुर के पिपनार, सदर तहसील के कुसेहरा सहित कुल चार स्थानों पर वृहद गो संरक्षण केंद्र हैं। एक वृहद गो संरक्षण केंद्र में 300 गोवंशों को रखने की क्षमता होती है। इस तरह से अब तक कुल 1200 गोवंशों को चारों वृहद गो संरक्षण केंद्र में रखा गया है। इनमें कार्यालय, टीनशेड, चारा, पेयजल वगैरह की व्यवस्था की गई है।

### एक ही परिवार के चार लोग डेंगू की चपेट में

**गाजीपुर।** जिले में डेंगू ने धीरे- धीरे पांव पसारना शुरू कर दिया है। शहर में एक ही परिवार के चार डेंगू पीड़ित मरीज मिले हैं। पिता और एक पुत्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती हैं, वहीं मां और एक पुत्र का घर ही इलाज चल रहा है। वर्तमान समय में डेंगू के तीन मरीज वार्ड में भर्ती हैं। वहीं अब तक डेंगू के 25 मरीज मिले हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार लोगों को एहतियात व सतर्कता बरतने की सलाह दे रही है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

## सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की दी सीख



**केटी न्यूज/मऊ**

- 82 दो पहिया वाहनों समेत 86 वाहनों का काटा गया चालान

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 02.10.2024 से दिनांक 16.10.2024 के दृष्टिगत दो पहिया वाहनों की हेलमेट (पालक एवं पीछे बैठी सवारी सहित), मोबाइल फोन, गलत दिशा में वाहन का संचालन करने के विरूद्ध वाहन चालकों को जागरूक किया गया एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा के क्रम में प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान दो पहिया वाहनों की हेलमेट (चालक एवं पीछे बैठी सवारी सहित), मोबाइल फोन, गलत दिशा में संचालन के अभियोग में 82 वाहनों के प्रति चालान की कार्यवाही की गयी। साथ ही अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 04 वाहनों के प्रति चालान की कार्यवाही की गयी। उक्त आयोजन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) श्री सुहेल अहमद एवं यात्रीकर अधिकारी, श्री अरविन्द कुमार जैशल तथा प्रवर्तन सिपाहियों के साथ चेकिंग का कार्य सम्पादित किया गया।

## जौनपुर पुलिस ने चोरी व लूट करने वाले बड़े गैंग का किया खुलासा

- लाखो के सोने चांदी के आभूषण व हजारों रुपये नगदी किया बरामद
- वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किये गये तीन शातिर अभियुक्त
- गिरफ्तार अभियुक्तों पर विभिन्न थानों में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमें

**केटी न्यूज/जौनपुर**




थाना मडियाहू व लाइन बाजार पुलिस टीम ने विभिन्न थानों के अंतर्गत गैंग बनाकर लूट व चोरी करने वाले तीन साथी लुटेरों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से पुलिस ने लाखो रुपये के सोने चांदी के आभूषण व लगभग 50 हजार नगद तथा कई अवैध असलहा व कारतूस बरामद किए हैं।पकड़े गए तीनों शातिर लुटेरे का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना मड़ियाहूं व लाइन बाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्विलांस की सहायता से रविवार रात्रि लगभग 10:15 बजे वाहन चेकिंग के दौरान गांव ऊँचनी कला सईनदी के पास से तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से विभिन्न स्थानों में चोरी व लूट की हुए लाखो के सोने चांदी के लाखो के आभूषण,लगभग 50 हजार से अधिक नगदी व अवैध असलहा जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पकड़े गए शातिर अभियुक्त दीपक चौहान पुत्र पन्नालाल निवासी गांव हराईपुर थाना लाइन बाजार पर विभिन्न थानों पर लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है।

अभियुक्त रवि चौहान पुत्र अरविंद चौहान निवासी गांव कठिराव थाना कठिराव जिला वाराणसी पर विभिन्न थानों पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है।

अभियुक्त सुरेश चंद्र पुत्र सावर निवासी गांव अल्लीपुर थाना मड़ियाहूं पर विभिन्न थानों पर लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया सर्विलांस व थानों की मदद से चोरी व लूट करने वाले गैंग को पकड़ा गया है।

गैंग का सरगना रवि चौहान है यह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पहले रेकी करते है। वहां किराए के कमरों में रुकते है और फिर घटना को अंजाम देते है।

संवैधानिक पद पर 23 वर्ष पूर्ण करने पर पीएम मोदी को सीएम योगी ने दी शुभकामनाएं, 'एक्स' पर किया पोस्ट, कहा-

# वैश्विक महाशक्ति बनने के मार्ग पर सतत अग्रसर है 'नया भारत'

- 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्नद्रष्टा पीएम मोदी के मां भारती की सेवा व लोक - कल्याण को समर्पित गौरवशाली 23 वर्ष आज पूर्ण हो गए : योगी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संवैधानिक पद पर 23 वर्ष पूर्ण कर लिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने लिखा कि मोदी जी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय हैं।



फाइल फोटो

**मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, डिगे व रुके रही 23 वर्ष की लोकसाधना :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्नद्रष्टा, 140 करोड़ देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए अविराम साधनारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मां भारती की सेवा और लोक-कल्याण को समर्पित गौरवशाली 23 वर्ष आज पूर्ण हो गए हैं। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आपकी 23 वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण-संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है।

**हर योजना ने वंचितों व गरीबों के समग्र उत्थान को प्रदान किए हैं नए आयाम :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि उनकी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) प्रत्येक नीति और हर योजना ने वंचितों-गरीबों के समग्र उत्थान को नए आयाम प्रदान किए हैं। स्वामी समर्थ रामदास की 'उपभोग शून्य स्वामी' की संकल्पना और चाणक्य नीति सूत्र के 'राजा प्रथमोसेवक' की परिभाषा को साकार कर रहे

### सेवा, सुशासन व सुरक्षा को समर्पित रहे 23 वर्ष

सीएम योगी ने लिखा कि सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय हैं। मां भारती को परम वैभव तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करते 23 वर्षों की यशस्वी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री जी को हार्दिक बधाई!

प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में 'नया भारत' आज वैश्विक महाशक्ति बनने के मार्ग पर सतत अग्रसर है। वे सच्चे अर्थों में आधुनिक भारत में 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के वास्तुकार हैं। उनका जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है।

## संक्षिप्त समाचार


### महुदा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**धनबाद, एजेंसी।** दुर्गापुजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर रविवार को महुदा पुलिस ने थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में पूजा स्थल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च महुदा बाजार, महुदा मोड़, तेलमोच्चो से वापस होकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के दुर्गा पंडालों का भी निरीक्षण किया तथा पूजा समिति के सदस्यों को शांति एवं सदभाव के साथ उत्सव को मनाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि दुर्गापूजा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाये। कहीं कोई उपद्रव या दुर्घटना होती है। इसकी सूचना तुरंत दें उस पर अतिशीघ्र कारवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने मेले के दौरान किसी प्रकार के हुड़दंगबाजों द्वारा अशांति फैलाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई पतरस तिग्गा, धनेश्वर सिंह, मनोज लकड़ा सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### कोयला खदान के अंदर फंसे दो दर्जन चोर, सीआईएसएफ और पुलिस ने की घेराबंदी

**धनसार, एजेंसी।** बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र की चांदमारी कोलियरी की 3/4 पिट इंकलाइन में शनिवार की रात लोहा व केबल चोरी करने के लिए करीब दो दर्जन चोर घुस गए। वे इंकलाइन के अंदर से लोहे के कई टब ले गए। इसकी भनक लगते ही पास में काम कर रहे कर्मियों ने इंकलाइन को चारों तरफ से घेर लिया।उनके सामने कोई बाहर नहीं निकल सका था, रविवार देर शाम तक भी चोरों के अदंर ही मौजूद होने की बात कही जा रही है। मौके पर सीआइएसएफ व धनसार थाने से पुलिस भी पहुंच गई है, जो इंकलाइन को घेरे है। चांदमारी इंकलाइन से कई वर्षों से उत्पादन बंद है।इस इंकलाइन से चांदमारी के विभिन्न क्षेत्रों में पानी व बिजली की आपूर्ति की जाती है। इसके अंदर काफी लौह सामग्री है, साथ ही केबल व मोटर भी हैं। जिन पर चोरों की नजर रही है। यहां कई बार चोर घुसकर चोरी कर चुके हैं। मोटर व केबल चोरी होने के कारण कई बार कॉलोनियों में पानी बिजली की आपूर्ति भी ठप हो चुकी है। चोरों के घुसने के बाद रविवार को बस्ताकोला कोलियरी के पीओ अजय कुमार इंकलाइन पहुंचे। एक दर्जन कर्मियों के साथ इंकलाइन के अंदर जाकर सर्च ऑपरेशन चलाया। बावजूद चोर नहीं मिले।पुलिस और सीआइएसएफ जवान चोरों के इंकलाइन से निकलने का इंतजार कर रही है। माना जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान वे कहीं छिप गए होंगे, या फिर वे बाहर निकलने में सफल हो गए होंगे।

### पश्चिमी सिंहभूम में ट्रेन बेपटरी करने की कोशिश, रेलवे ट्रैक पर फिर रखा मिला पत्थर



**सोनुवा, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुवा रेलवे स्टेशन के आउटडोर के पास एक बार फिर शनिवार रात को थर्ड लाइन ज्वाइंट पॉइंट संख्या 101ए व 101बी ज्वाइंट प्वाइंट पर पत्थर रखा मिला। पटरी पर पेट्रोलिंग कर रहे रेल कर्मियों ने समय रहते ज्वाईंट प्वाइंट पर रखे पत्थर को देख लिया। जिसके बाद आननफानन में थर्ड लाइन समेत मेन अप व डाउन लाइन में रेल परिचालन बंद कर दी गई। घटना शनिवार रात करीब नौ बज कर 45 मिनट की बतायी जा रही है।सोनुवा स्टेशन के आउटडोर में फिर से ज्वाईंट प्वाइंट पर पत्थर रखे जाने की सूचना से चक्रधरपुर रेल मंडल अफरा तफरी मच कई गई। रात में ही चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय से आरपीएफ की टीम घटना स्थल पर पहुंची व रेल ट्रेक की जांच किया।इस बीच, थर्ड लाइन समेत अप व डाउन मेन लाइन पर शनिवार रात 9-45 बजे से 10-05 बजे तक रेल परिचालन ठप रहा। घटना की सूचना पर पहुंचे रेल कर्मचारियों ने ज्वाईंट प्वाइंट पर रखे पत्थर हो हटाया। जिसके बाद रेल परिचालन चालू कर दिया गया। आरपीएफ पूरे मामले की जांच कर रही है। एक सप्ताह के भीतर दो बार घटना होने पर अब स्पेशल टीम पटरी व ज्वाईंट प्वाइंट की निगरानी करेगी। ज्ञात हो कि विगत मंगलवार रात को भी सोनुवा स्टेशन के आउटडोर के पास डाउन मेन लाइन व थर्ड लाइन ज्वाईंट प्वाइंट संख्या 102ए व 103 पर पत्थर रख दिया गया था।

# रांची के जमीन कारोबारी के तीन बच्चों की रोहतास में डूबकर मौत, बेटी की तलाश जारी



**पटना/रांची, एजेंसी।** बिहार के रोहतास जिले के तुंबा गांव में रविवार को सोन नदी में स्नान करने गए रांची के डोरंडा क्षेत्र के पोखरटोली निवासी जमीन कारोबारी नंदकिशोर राम के एक बेटे व दो बेटियों समेत छह बच्चों की डूबकर मौत हो गई।नंदकिशोर राम ने नदी की तेज धारा से संघर्ष करते हुए अपने साले की एक बेटी की जान किसी तरह बचा ली। वहीं, नदी में डूबी नंदकिशोर की एक अन्य बेटी की तलाश की जा रही है। रोहतास के तुंबा गांव में नंदकिशोर राम की ससुराल है।

रविवार को नंदकिशोर राम अपनी तीन पुत्रियों, एक पुत्र तथा चार अन्य बच्चों को लेकर सोन में नहाने के लिए सुबह के लगभग 10 बजे गए थे। नहाने के क्रम में नदी के तेज बहाव और गहराई के कारण सभी बच्चे डूबने लगे। इस क्रम में नंदकिशोर किसी तरह अपने साले की बेटी नौ वर्षीय संध्या को बचा पाए।

इसके बाद शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। आसपास खेतों में काम कर रहे कुछ लोग दौड़कर आए और डूब रहे बच्चों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में ग्रामीणों ने पुलिस व स्थानीय प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया।

गोताखोरों ने पहले दो बच्चों को निकाला, जिन्हें तत्काल एंबुलेस से पीएचसी भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चार अन्य बच्चों के शव बरामद किए गए। नंदकिशोर राम एक साल पहले ही डोरंडा में स्थित अपना घर बेचकर शहर छोड़ चुका था।

उसपर कई लोगों ने जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ठगी का भी आरोप लगाया था। बिहार में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में छह बच्चों समेत कुल 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य की तलाश जारी है। मृतकों में रोहतास जिले के छह, कटिहार के पांच, बेगूसराय व वैशाली के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। रोहतास के तुंबा में रांची के डोरंडा के पोखरटोली मिलनचौक निवासी नंदकिशोर राम के छह वर्षीय पुत्र पवन कुमार, 13 वर्षीया पुत्री नव्या कुमारी, 12 वर्षीया निधि कुमारी की मौत हो गई, वहीं इसी घटना में तुंबा निवासी कृष्णा गोंड़ के सात वर्षीय पुत्र राजू गोंड़, हीरा गोंड़ के आठ वर्षीय पुत्र विवेक कुमार एवं केदार गोंड़ के 10 वर्षीय पुत्र अभय कुमार की भी जान चली गई। नौ वर्षीय आस्था कुमारी की तलाश की जा रही है। उधर कटिहार जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोग डूब गए। कुरसेला थाना क्षेत्र में समेली हाल्ट के समीप सरैया धार में स्नान करने गए चकला मौला नगर के चार नवयुवक डूब गए।

स्थानीय गोताखारों ने इन्हें पानी से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों में हिमांशु कुमार (18), सौरभ कुमार (15), अभिजीत कुमार (18) तथा दीपक कुमार (20) शामिल हैं।

हिमांशु के पिता श्रवण ठाकुर ने बताया कि उनका पुत्र अपने आठ दोस्तों के साथ समेली हाल्ट के पास धार में नहाने गया था। इसी क्रम में किसी चरवाहे ने उन्हें बच्चों के डूबने की सूचना दी।दूसरी तरफ, पोठिया ओपी क्षेत्र की भगहा पंचायत स्थित सहसराम मुसहरी निवासी झपटू ऋषि की 12 वर्षीया पुत्री निभा कुमारी की बरंडी नदी में डूबने से मौत हो गई। पोठिया ओपी अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि घास काटकर लौटने के दौरान पैर फिसलने से बच्ची गहरे पानी में चली गई।

उधर, बेगूसराय जिले में साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के चौर बहियार स्थित मुर्दई नाला में डूबने से चौकी गांव निवासी गुड्डू पोद्दार के 21 वर्षीय पुत्र टिंकू कुमार की जान चली गई।

वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत स्थित वाया नदी में रविवार को स्नान करने गए एक 40 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृत युवक की पहचान गरजौल गांव के रहने वाले नरेश शर्मा के रूप में की गई है।

### मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ यौन शोषण की फर्जी प्राथमिकी वायरल, एसपी ने सबकुछ किया स्पष्ट

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में रविवार को झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता के विरुद्ध यौन शोषण की प्राथमिकी दर्ज होने से संबंधित एक पत्र वायरल हुआ। मामले की पड़ताल हुई तो पता चला कि प्राथमिकी का पत्र फर्जी है। रांची पुलिस ने वायरल पत्र को फर्जी बताते हुए कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने वायरल हो रहे प्राथमिकी आवेदन को लेकर स्पष्ट किया है कि यह पत्र पूरी तरह से झूठा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची पुलिस की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है।इसके पीछे जो भी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाट्सएप पर घूम रहा फर्जी प्राथमिकी पत्र सिटी एसपी कार्यालय को संबोधित है। इसमें पीड़िता के तौर पर पूजा महतो के छद्म नाम का उपयोग किया गया है, जिसका पता तमाड़ थाना क्षेत्र का सलगाडीह गांव बताया गया है।

आवेदन पत्र पर एसपी कार्यालय से मिलती-जुलती एक फर्जी मुहर भी लगी है। पत्र को एसपी कार्यालय में रिसीव दिखाया गया है और रिसीव करने वाले व्यक्ति का नाम प्रभात कुमार लिखा हुआ है।पत्र में केस नंबर 158 भी अंकित है। इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि महिला के नाम से कोई आवेदन एसपी कार्यालय में आया ही नहीं है। इसके अलावा आवेदन में उपयोग की गई मुहर भी सिटी एसपी के कार्यालय की नहीं है।




### 2017 में ट्रेन से गिरकर हुई थी पति की मौत, झारखंड हाईकोर्ट ने 8 लाख मुआवजा का दिया आदेश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने 2017 में चलती ट्रेन से गिरकर मरने वाले व्यक्ति की विधवा को 8 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें उसने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था. हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि मृतक एक वास्तविक यात्री था. जबकि जांच रिपोर्ट के दौरान उसके पास टिकट नहीं था.

**2017 में चलती ट्रेन से गिरकर शम्भू साहनी की हुई थी मौत :** दरअसल 7 जून 2017 को शम्भू साहनी पीरपैंती स्टेशन की यात्रा के लिए खरीदे गये वैध द्वितीय श्रेणी के टिकट के साथ साहिबगंज जंक्शन पर हावड़ा-गया एक्सप्रेस में सवार हुए थे. जैसे ही ट्रेन पीरपैंती के पास पहुंची, मृतक उतरने के लिए ट्रेन के दरवाजे की ओर बढ़ा. लेकिन दरवाजे के पास यात्रियों की भीड़ जमा होने के कारण धक्का-मुक्की होने लगी, जिससे सहनी का संतुलन बिगड़ गया और वह अम्मापाली हॉल्ट और पीरपैंती स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से गिर गया. इस घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. शम्भू साहनी की मौत के बाद उसकी पत्नी कविता देवी ने रांची रेलवे दावा न्यायाधिकरण से मुआवजे की मांग की.

## भाजपा ने झारखंड के लिए जारी किया पंच प्रण, महिलाओं को 2100 रुपये, सस्ते सिलेंडर, युवाओं को रोजगार और आवास का वादा




**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पहले अपने पंच प्रण की घोषणा की है। इसके लिए पार्टी ने शनिवार 5 अक्टूबर को पांच बजे का समय चुना।

पंच प्रण के पहले प्रण में कहा गया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रतामाह 2100 रुपए दिए जाएंगे। हर महीने की 11 तारीख को यह राशि उनके बैंक अकाउंट में चली जाएगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे प्रण में सभी परिवारों को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने का संकल्प व्यक्त किया।

साल में 10 सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे जबकि दो पर्व के अवसर पर दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंग। तीसरे प्रण के तौर पर बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के लिए पांच साल में 28 लाख 87 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के पांच साल के भीतर 1.50 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके लिए 1 नवंबर 2025 की समय सीमा तय की गई है।

पंच प्रण की घोषणा के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पंच प्रण के तहत चौथे प्रण के तौर पर स्नातक और स्नातकोत्तर किए युवाओं को युवा साथी भत्ता देने का भाजपा का संकल्प बताया। यह राशि दो सालों तक मिलेगी। इसका उद्देश्य है कि युवा नौकरी की तैयारी के लिए किताब-कापी ले सकें। स्थानीयता नीति के सवाल पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में रहने वाले यहां के युवाओं को नौकरी और भत्ते का लाभ मिलेगा।

भाजपा के पांचवें प्रण के तहत राज्य में सभी को आवास देने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 21 लाख लोगों को आवास देना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही घर बनाने के लिए सबको मुफ्त बालू दिया जाएगा। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में गुड गवर्नेंस के तहत ये सभी योजनाएं पहले से चल रही हैं। भाजपा की राज्य सरकार इसके लिए वित्तीय प्रबंधन करती है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार की मंइयां योजना को भाजपा की कापी बताया।

## झारखंड में फिर ट्रेन पलटने की साजिश, ज्वाइंट प्वाइंट पर रखा मिला पत्थर, मच गई अफरा-तफरी



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा-मुम्बई रेल मार्ग के सोनुवा रेलवे स्टेशन के आउटडोर के पास फिर से शनिवार रात को थर्ड लाइन ज्वाइंट प्वाइंट संख्या 101ए व 101बी ज्वाइंट प्वाइंट पर पत्थर रखा गया। पटरी पर पेट्रोलिंग कर रहे रेल कर्मियों ने समय रहते ज्वाइंट प्वाइंट पर रखे पत्थर को देख लिया। इसके बाद आनन-फानन में थर्ड लाइन समेत मेन अप व डाउन लाइन में रेल परिचालन बंद कर दी गई। घटना शनिवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट की बतायी जा रही है।

#### मच गई अफरा-तफरी

सोनुवा स्टेशन के आउटडोर में फिर से ज्वाइंट प्वाइंट पर पत्थर रखे जाने की सूचना से चक्रधरपुर रेल मंडल में अफरा-तफरी मच गई। रात में ही मंडल मुख्यालय से आरपीएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची व रेल ट्रैक की जांच की। इस बीच थर्ड लाइन समेत अप व डाउन मेन लाइन पर शनिवार रात 9.45 से 10.05 बजे तक रेल परिचालन ठप रहा। घटना की सूचना पर पहुंचे रेल कर्मचारियों ने ज्वाइंट प्वाइंट पर रखे पत्थर हो हटाया।

#### एक हफ्ते में दो बार ऐसी घटना

इसके बाद रेल परिचालन चालू कर दिया गया। आरपीएफ पूरे मामले की जांच कर रही है। एक सप्ताह के भीतर दो बार घटना होने पर अब स्पेशल टीम पटरी व ज्वाइंट प्वाइंट की निगरानी करेगी। ज्ञात हो कि विगत मंगलवार रात को भी सोनुवा स्टेशन के आउटडोर के पास डाउन मेन लाइन व थर्ड लाइन ज्वाइंट प्वाइंट संख्या 102ए व 103 पर पत्थर रख दिया गया था।

एक सप्ताह के भीतर इस तरह का यह दूसरा मामला है। घटनास्थल सोनुवा-कुईड़ा सड़क के पास होने के कारण घटना नक्सलियों द्वारा किये जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, रेलवे पुलिस घटना को लेकर शरारती तत्वों की करतूत बता रही है। शरारती तत्वों की मंशा ट्रेनों को बेपटरी करने की थी, लेकिन, रेलवे कर्मियों की सजगता तो एक बड़ी घटना टल गयी।

### महुआ माजी ने चैंबर संग अपर बाजार की टूटी सड़कों का लिया जायजा, दुर्गा पूजा से पूर्व मरम्मत का निर्देश

#### राज्यसभा सांसद ने इंजीनियर को जल्द से जल्द सड़क की मरम्मती के लिए निर्देशित किया

#### व्यापारियों को आश्वस्त किया, पूजा से पूर्व सड़कों की मरम्मत हो जायेगी

**रांची , एजेंसी।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आग्रह पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी और चैंबर के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने शनिवार को अपर बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर बाजार क्षेत्र की सडकों का जायजा लिया. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में कार्यसमिति के सदस्यों ने राज्यसभा सांसद के साथ चुरूवाला चौक से जेजे रोड, ईस्ट मार्केट रोड, बड़ा तालाब, सेवा सदन लेन, बंशीधर अडुकिया रोड में टूटी सडकों का हाल देखा. भ्रमण के दौरान पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर भी साथ थे.

राज्यसभा सांसद ने इंजीनियर को जल्द से जल्द सड़क की मरम्मती के लिए निर्देशित किया. उन्होंने बाजार क्षेत्र के व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पूजा से पूर्व सड़कों की मरम्मती हो जायेगी. प्रतिनिधिमंडल में सह सचिव नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, पवन शर्मा, सदस्य अमित अग्रवाल, बिनोद जैन, पवन पोद्दार, अंजय सरावगी समेत माहेश्वरी सभा, मारवाडी सहायक समिति, मारवाडी ब्राहाण सभा के पदधारी शामिल थे.

# प्रत्याशियों की घोषणा होते ही पार्टियों में मचेगी भगदड़, कई दिग्गज बदल सकते हैं पाला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है. इसके साथ ही आचार संहिता लागू हो जाएगी. पार्टियां भी प्रत्याशियों की घोषणा करना शुरू कर देंगी. भाजपा ने प्रत्याशियों का चयन लगभग कर लिया है. सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय है, लेकिन इंडी गंठबंधन में अभी भी सीट शेयरिंग को लेकर सस्पेंस है. सीट शेयरिंग के साथ ही साथ प्रत्याशियों की घोषणा होते ही वैसे नेता, जो टिकट की आस में बैठे थे, वे दूसरे दलों में संभावना तलाशेंगे. कुछ बगावत कर चुनावी समर में कूदेंगे, तो कुछ दूसरी पार्टियों से टिकट का जुगाड़ करेंगे, वैसे झामुमो, भाजपा, कांग्रेस, आजसू सहित अन्य दलों के कई नेता जयराम महतो से भी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं और जैसे ही उनके गठबंधन की सीटों की घोषणा होगी और टिकट मिलने की किसी तरह की उम्मीद न होगी, तो वे जयराम से भी हाथ मिला सकते हैं.

**भाजपा एक साथ 25-30 प्रत्याशियों की सूची जारी करने की तैयारी में :** मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा ने अपने 25-30 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने की तैयारी कर ली है. यह भी जानकारी छन कर आ रही है कि भाजपा के कई सीटिंग विधायकों का टिकट कट सकता है. हो सकता है, डेढ़ से दो दर्जन सीटिंग विधायकों का पत्ता साफ हो सकता है. कुछ की उम्र सीमा की वजह से, तो कुछ की क्षेत्र में पकड़ न होने की वजह से छुट्टी की जा सकती है. लेकिन भाजपा जैसे ही प्रत्याशियों की घोषणा करेगी, दूसरी पार्टियों में भी हलचल होगी, यह तो तय है, लेकिन यह हलचल तूफान का भी रूप ले सकती है.

भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और आजसू की बात करें, तो इन पार्टियों के कई बड़े नेता सीट शेयरिंग के चक्कर में फंस सकते हैं. या फिर पार्टियां वैसे नेताओं को किनारे कर सकती हैं, जिनका परफॉरमेंस ठीक नहीं रहा है. ऐसा खासकर भाजपा में ही हो सकता है. ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि भाजपा की पहली सूची जारी होते ही कुछ का पत्ता साफ होगा, तो भगदड़ भी मच सकती है. कोयलांचल की एक प्रमुख सीट से भाजपा प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा राजनीतिक गलियारे में है. लेकिन उनके बारे में यह भी बताया जा रहा है कि टिकट कटते ही वे तत्काल पाला बदल सकते हैं. ऐसे ही कांग्रेस के भी दो-तीन नाम की चर्चा है,




जिन्होंने पाला बदलने की तैयारी कर रखी है. संथाल, कोयलांचल और उत्तरी छोटनागपुर से भी कांग्रेस के एक-एक सीटिंग विधायकों के पाला बदलने की चर्चा हो रही है. वैसे यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि वे पाला बदलेंगे ही, लेकिन इन माननीयों के हावभाव से तो ऐसा ही लग रहा है कि ये कभी भी घोलटनिया मार सकते हैं.

**डरे हुए तीर-धनुष के धनुर्धर, कहीं शंटिंग यार्ड में न डाल दिए जाएं :** दक्षिणी छोटानागपुर के जनजातीय आरक्षित सीट के एक सीटिंग विधायक की बार-बार चर्चा होती है कि वे दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं. लेकिन उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में बागी प्रत्याशी बनकर अपनी ताकत आंक ली है. उन्हें पता चल गया है कि यदि पार्टी ने दुत्कार दिया, तो वे कहीं के न रहेंगे. विधायक जी डरे हुए भी हैं. उन्होंने पार्टी को ऐन जरूरत के मौके पर बहुत ही नाच नचाया है, तो अब कहीं पार्टी ने उन्हें शंटिंग यार्ड में डाल दिया, तो वे कहीं के न रहेंगे. तो ये भी इधर-उधर ताक-झांक कर रहे हैं. ये भी हो सकता है कि ये जयराम के साथ चले जाएं या कमल फूल थाम लें. वैसे बताया जाता है कि कमल फूल वाले नेताजी भी इनको ट्रैप करने की कोशिश में लगे हैं.

**गठबंधन की घोषणा होते ही आजसू में सबसे अधिक बढ़ेगी नाराजगी :** सीट शेयरिंग की घोषणा होते ही सबसे ज्यादा बवंडर तो आजसू पार्टी में ही उठेगा. वैसे भी आजसू पर पति-पत्नी, मौसा, ससुर की पार्टी होने का ठप्पा लग चुका है. पार्टी के जिन नेताओं ने पांच साल तक बतौर प्रभारी और संभावित प्रत्याशी जिन विधानसभा क्षेत्रों में मेहनत की है, वहीं की सीट यदि उनकी पार्टी के खाते में न आयी, तो भागा-भागी मचेगी ही. आजसू पार्टी में प्रभारी का मतलब सीधा है कि वह संबंधित विधानसभा का टिकट और चुनाव लड़ने का प्रबल दावेदार है. झारखंड गठन से लेकर अब तक (केवल 2019 को छोड़कर) पार्टी भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी. भाजपा उसे पांच से सात सीट देती रही है. लेकिन इन सीटों में दो से तीन सीट पर सुदेश महतो के परिवार के लोग ही लड़ते रहे हैं, बाकी दो से तीन सीट पर ही अन्य नेता चुनाव लड़ पाते हैं. अब पार्टी में चर्चा होने लगी है कि गठबंधन के तहत कम सीट पर ही चुनाव लड़ना है, तो क्या जिन नेताओं ने फील्ड में पांच साल तक पसीना बहाया, पैसे खर्च किए, वे सिर्फ झंडा ही ढोते रह जाएंगे. परिवारवाद का ठप्पा और आजसू पार्टी के शीर्ष नेता की दोहरी नीति के कारण पार्टी का ग्राफ तेजी से नीचे गिर रहा है.

**आजसू सुप्रीमो की प्रतिष्ठा ही दांव पर, लग सकता है झटके पे झटका :** कभी पांच विधायक जिताने वाली पार्टी दो तक भी सिमट कर रह चुकी है. पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो खुद ही सिल्ली सीट से दो बार हार चुके हैं. उनकी प्रतिष्ठा तो खुद ही दांव पर लगी है. सुदेश की हालत यह रहती है कि वे दूसरी सीटों पर खड़े प्रत्याशियों के लिए ढंग से प्रचार तक नहीं कर पाते हैं. अपनी ही सिल्ली सीट में उलझ कर रह जाया करते हैं या फिर भाजपा के भरोसे वैतरणी पार करने की जुगत भिड़ाए रहते हैं. इस बार सुदेश के सामने और बड़ी चुनौती है. कुरमी समाज का सबसे बड़ा नेता होने का दंभ भरनेवाले सुदेश को अपने ही समाज के जयराम महतो से ज्यादा खतरा हो गया है. सुदेश भले ही पार्टी के लिए सात सीटों का जुगाड़ कर लें, लेकिन कितनी सीटों पर परचम लहरा पाएंगे और अपने कैडर को एकजुट रख पाएंगे. कहा नहीं जा सकता. क्योंकि आजसू पार्टी से नाराज नेताओं-कार्यकर्ताओं की जयराम से निकटता बढ़ती ही जा रही है.

## सुभाषितम्

खेलो, ताकि तुम गंभीर बन सको।

- अनाकार्सिस

## नशीले पदार्थों का कारोबार दवा के माध्यम से सबसे खतरनाक दौर पर

**मध्य प्रदेश की राजधानी** भोपाल में गुजरात की एटीएस और दिल्ली स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की संयुक्त टीम ने 907 किलो, 1814 करोड रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद की है। कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस ने 5600 करोड रुपए की एमडी ड्रग्स बरामद की है। दिल्ली पुलिस ने इसका मास्टरमाइंड तुषार गोयल को बताया है। एक सप्ताह के अंदर 7474 करोड रुपए की ड्रग्स बरामद होने से देश में राजनीतिक हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पंजाब के अमृतसर में भी हजारों करोड रुपए की ड्रग्स बरामद हुई है। अमृतसर एयरपोर्ट में पकड़े गए अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट के प्रमुख जतिन्द्र सिंह की निशानदेही पर अमृतसर से नेपाल तक फैले नशे के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। गुजरात के मुद्रा पोर्ट से कुछ महीने पहले 23000 करोड रुपए से अधिक के नशीले पदार्थों की खेप पकड़े जाने का मामला उजागर हुआ था। इस मामले को बड़ी तेजी के साथ दबा दिया गया था नारकोटिक्स विभाग ने भी छुपी साध ली थी। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने भी इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया था। मीडिया ने भी उसे समय इस मामले को दवा लिया था। गुजरात के रास्ते से सारे देश भर में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ पिछले कुछ वर्षों में फैला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने नशीले पदार्थों के कारोबार को चुनाव का मुद्दा बनाया। इसके पहले पंजाब विधानसभा के चुनाव मे उड़ता पंजाब युवाओं में नशे की आदत को लेकर यह मामला प्रकाश में आया था। जिसमें युवाओं को नशे की लत में डालने की बात कही गई थी। मुद्रा पोर्ट में जो नशीले पदार्थ जप्त हुए थे। उसको लेकर नारकोटिक्स विभाग और केंद्र सरकार ने आज भी चुप्पी साध रखी है। अब एक बार फिर नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला तूल पकड़ने लगा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान के रास्ते, गुजरात होते हुए, भारत में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ सभी राज्यों में फैला है। नशीले पदार्थों से दवा कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर दवाइयां तैयार कर नशीली दवाइयां बेची जा रही हैं। ड्रग्स की गोलियां तैयार कर दवा के रूप में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर स्कूल, कॉलेज, दवा की दुकानों से खुले आम हो रहा है। हर छोटे बड़े शहरों में नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले गैंग सक्रिय हो गए हैं। जो युवाओं को नशे की लत डालकर भारी कमाई कर रहे हैं। नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाली गैंग स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रग्स उपलब्ध करा रही है। एक बार नशे की लत लग जाती है। उसके बाद इस मनमाने कीमत पर बेचा जाता है। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सिंह संघवी ने 1814 करोड रुपए की ड्रग भोपाल से बरामद करने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी। गुजरात एटीएस पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली ने भोपाल पुलिस को इसकी खबर नहीं लगने दी। गोपनीय तरीके से छापा डाला गया था। हरियाणा में जिस तरह से नशीले पदार्थों का कारोबार चुनावी मुद्दा बना। उसके बाद एकाएक नारकोटिक्स विभाग और गुजरात की पुलिस सकीर्य हुई है। भोपाल के औद्योगिक क्षेत्र की एक बंद बड़ी इकाई में एमडी ड्रग्स का निर्माण और वितरण का कारोबार अवैधानिक तरीके से किया जा रहा था। केवल एक फैक्ट्री से 1814 करोड रुपए की ड्रग्स बरामद होना इस बात की और इशारा करता है, कि सारे देश एमडी ड्रग्स के माध्यम से नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। एमडी ड्रग्स का रासायनिक नाम मिथाइल डायोक्सी मैथएंफोट्टामाइन है। इसको दवा और पाउडर के रूप में विकसित कर नशे के रूप में बेचा जाता है। इसका नशा कम से कम 6 घंटे तक बना रहता है। जो भी इस नशे का उपयोग करता है। उससे उत्तेजना आती है, उसे आनंद की अनुभूति होती है। नशा करने पर उसे लगता है, जैसे वह हवा में उड़ रहा है। इस कारोबार में अब अपराधी ही नहीं, वरन

## चिंतन-मनन

### क्या है जीवन का सार

**दुख एक मानसिक कल्पना है।** कोई पदार्थ, व्यक्ति या क्रिया दुख नहीं है। संसार के सब नाम-रूप गधा-हाथी, स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि खिलौने हैं। हम अपने को खिलौना मानेंगे तो गधा या हाथी होने का सुख-दुख होगा, अपने को स्वर्ण, मूल्यधातु देखेंगे तो यह मनुष्य देह नहीं रहेंगे। हम विराट् हैं, साक्षात ब्रह्म है। जो मनुष्य इस जगत प्रपंच को सत्य देखता है, उसे माया ने ठग लिया है। जो पहले भी नहीं थे, आगे भी नहीं रहेंगे, बीच में थोड़ी देर को दिखाई दे रहे हैं, उन्हीं को सब कुछ समझ कर माया मोहित मनुष्य व्यवहार कर रहा है। तत्वज्ञान शिक्षा देता है कि जो कुछ दिखाई दे, उसे दिखाई देने दो, जो बदलता है, उसे बदलने दो, जो आता-जाता है, उसे आने जाने दो। यह सब जादू का खेल है। ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।

पुराणों में एक कथा आती है- महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी। मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहां उससे कहा गया- नरक चलो। महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे। उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए। नरक में पहुंचे तो चारों ओर से पुकार आने लगी- महाराज जनक जी! तनिक यहीं ठहर जाइए।

महाराज जनक ने पूछा- यह कैसा शब्द है?

यमदूतों ने कहा-नरक के प्राणी चिल्ला रहे हैं।

जनक ने पूछा-क्या कह रहे हैं ये?

यमदूत बाले-ये आपको रोकना चाहते हैं।

जनक ने आश्चर्य से पूछा-ये मुझे यहां क्यों रोकना चाहते हैं?

यमदूत बोले- ये पापी प्राणी अपने-अपने पापों के अनुसार यहां दारुण यातना भोग रहे हैं। इन्हें बहुत पीड़ा थी। अब आपके शरीर को स्पर्श करके पुण्य वायु इन तक पहुंची तो इनकी पीड़ा दूर हो गई। इन्हें इससे बड़ी शांति मिली।

# पंजाब के बाद उड़ता मध्य प्रदेश

**राकेश अचल**

**हरियाणा और जम्मू-काश्मीर** विधानसभाओं के लिए चुनाव होने के बाद आज और कल का दिन खबरों के लिहाज से शून्यकाल है। इस शून्यकाल में मै अपने सूबे मध्यप्रदेश को ले रहा हूँ। एक जमाना था जब देश में पंजाब उड़ता पंजाब हो गया था और एक समय ये है कि हमारा मध्यप्रदेश पंजाब के बाद अब उड़ता मध्यप्रदेश हो गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सूबे के हर जिले में बरसाना बसना चाहते हैं लेकिन उनकी पुलिस की अकर्मण्यता ने प्रदेश के हर जिले में ड्रगिस्तान बसा दिए है। मध्यप्रदेश कमाई उड़ता हुआ तो बहुत दिनों से देख रहा था, लेकिन इस बारे में लिखने में संकोच कर रहा थी। कौन अपनी जाँघा उघाड़कर दिखाए, लेकिन जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी जी ने शनिवार को महाराष्ट्र में कहा कि कांग्रेस नशे के पैसों से चुनाव लड़ना चाहती है तो मुझे अपना उड़ता हुआ मध्यप्रदेश नजर आने लगा। दुनिया जानती है कि भारत में मोदी युग के कथित अमृतकाल की वक्त ने उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 8 अक्टूबर को इसका प्रमाण भी मिलने जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के कांग्रेस पर लगाए गए आरोप के कुछ ही घंटों बाद डबल इंजिन से चलने वाली प्रचंड बहुमत वाली मप्र सरकार की राजधानी भोपाल में 1800 करोड़ रू.के ड्रग्स मेफेड्रोन [एमडी] की फेक्ट्री और 5000 करोड़ के कच्चा माल भी पकड़ा गया है। आपको पता है कि मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू है। इसके लागू होने के चलते ये यह फेक्ट्री कई दिनों से चल रही थी लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं थी। या फिर पुलिस कमिश्नर से लेकर दूसरे तमाम लोग इस नशे के कारोबार के बारे में सब कुछ जानते हुए इसे संरक्षण दे रहे थे, क्योंकि पैसा सबको चाहि। सरकार को भी और पुलिस वालों को भी। सब जानते हैं कि मध्यप्रदेश में पिछले 21 वर्ष से भाजपा कि सरकार है न कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साहब की सरकार।

मुमकिन है कि कांग्रेस नशे के पैसे से चुनाव लड़ रही हो लेकिन हकीकत ये है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के गृहराज्य गुजरात जिसे गांधी का गुजरात भी कहा जाता है पिछले अनेक वर्षों से नशे का हृदय प्रदेश बना हुआ है। मप्र की सीमाओं से सभी कि स्म का नशा गुजरात होते हुए गोवा तक जा रहा है। अब गुजरात में हमारे पड़ौसी पाकिस्तान के नवाज शरीफ की सरकार तो है नहीं। गुजरात में भी 22 साल से दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी भाजपा कि सरकार है। खास बात ये है कि जिस प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी हैं वहां देश कि सबसे बड़ी नशे की मंडी बन गयी है। मध्यप्रदेश में तो नशे कि बड़ी खेप कल पकड़ी गयी है किन्तु आपको याद होगा कि . गुजरात के ही मुंद्रा पोर्ट में 22 हजार करोड़ रू. की ड्रग बहुत पहले पकड़ी जा चुकी है। यह पोर्ट किसका है और पोर्ट वाले पर किसकी कृपा बरस रही है ये देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया जानती है। यह ड्रग्स कहां से आई, किसने भेजी, कहां-कहां पहुंचनी थी, यह रहस्य काल के गाल में कहां समा गय। यह भी ठीक वैसा ही रहस्य है, जैसे जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में हमारे 40 सैनिकों की शहीदी के लिए चाक चौबंद सुरक्षा के बावजूद भी 350 क्विंटल आरडीएक्स कहां से आया था?

मुझे हैरानी है कि प्रधानमंत्री जी के अधीन




देश के सुरक्षा सलाहकार, तीनों सेना, रॉ, एनआईए, सीबीआई जैसी तमाम महत्वपूर्ण सुरक्षा एजेंसियां मौजूद हैं, फिर भी डबल इंजिन से चलने वाले गुजरात और मध्यप्रदेश में आखिरकार इसतरह की सेंध कहां से लग रही है? कौन लगा रहा हैं? क्या यह सरकार संरक्षित उपक्रम है या इन सभी एजेंसियों को पंगु बना दिया गया है? हम जैसे नामुराद लोग अक्सर सत्ता प्रतिष्ठान में बैठे लोगों को आइना दिखने का काम करते आये हैं। इसलिए अनुरोध भी करते रहते हैं कि सत्ताधीश इसे अपना अपमान नसमझे। उन्हें पता होना चाहिए कि आइना चाहे कांच का हो या पानी का सही तस्वीर दीखता है। नारद जी को भी इसी जल मुकुर ने उनका मर्कट रुप तब दिखाया था जब वे राजकुमारी के मोह में पड़ गए थे। मेरा मध्य प्रदेश के पढ़े-लिखे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध है कि वे बात-बात पर पुलिस अधिकारीयों का तबादला करने, उन्हें निलंबित करने के बजाय सबसे पहले अपने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ही बदल ले, बेहतर हो कि वे पुलिस कमिश्नर प्रणाली कि ही समीक्षा कर देखें। क्योंकि यदि पुलिस कमिश्नर प्रणाली में छेड़ न होते तो मध्यप्रदेश आसानी से उड़ता मध्यप्रदेश न बन पाता। मध्यप्रदेश में गुजरात कि पुलिस का घुसना और दर्ज का जखीरा पकड़ना ही इस बात का प्रमाण है कि इस कारोबार के पीछे मध्यप्रदेश कि पुईस भी होगी और चुनाव लड़ने वाले लोग भी। ड्रग माफिया पर रेड की कार्रवाई अचानक तो नहीं हुई है। जाहिर है कि मध्यप्रदेश पुलिस ने जब इस तरह कार्रवाई करने से अपना चेहरा छिपाया होगा तब जाकर गुजरात एटीएस ने यह कार्रवाई की योजना बनाई होगी, क्योंकि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सूचना होती तो कार्रवाई करने के लिए गुजरात एटीएस की मदद नहीं लेती। दोनों राज्यों में एक ही दल की सरकार है इस सूचना को मध्यप्रदेश पुलिस को बता कर कार्रवाई कराई जा सकती थी। परंतु मध्य प्रदेश पुलिस पर गुजरात एटीएस को कदापि भरोसा नहीं था यह कारण है कि जब सूचना पर कार्रवाई करने की बात आयी तो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की मदद ली। सूचना एनसीबी की होती तो वह मध्यप्रदेश पुलिस के साथ मिलकर कार्यवाही कर लेता। प्रश्न उठता है कि यह सब ड्रग्स का कारोबार मध्यप्रदेश में कब से चल रहा था और इसका किन किन प्रांतों में फैलाव है। इस नेटवर्क से जुड़े हुए मध्यप्रदेश के तस्करों को चिन्हित कर गिरफ़्तार किया जायेगा या नहीं ? जिस जगह पर जिस व्यापक स्तर पर यह कारोबार चल रहा था उस पर भोपाल पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसटीएफ, खुफि या विभाग, राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो किसी को पता नहीं चलना यह दशार्ता है कि पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है और यह स्पष्ट रूप से पुलिस विभाग के मुखिया की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करता है क्योंकि उनकी इस कमजोरी का सीधा प्रतिकूल असर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि व नेतृत्व क्षमता पर पड़ता है। उड़ते मप्र के मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को बतौर मुख्यमंत्री व बतौर गृहमंत्री मध्यप्रदेश अपनी छाप वैसे ही छोड़ना चाहिए जैसे डम्फर से एक्सीडेंट पर परिवहन आयुक्त और गुना के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या गोवंश पर सर्वाधिक कार्रवाई करने वाले ज़िले में कुछ गोवंश को मार कर फेंकने के मामले में सिवनी के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या एक दीवार गिरने पर सागर के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को हटा दिया था या एक प्रायोजित दंगा रोकने और दंगाइयों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक रतलाम के हटाने की कार्रवाई करके दिया था। या फिर डॉ मोहन यादव वैसी ही चुप्पी साध लेंगे जैसे लोकसभा चुनाव की घोषणा और परिणाम की घोषणा के मध्यप्रदेश पुलिस की छवि धूमिल करने और अकर्मण्यता के कारण शहडोल, आगर मालवा, अशोक नगर और सिहोर के पुलिस अधीक्षकों को हटाते - हटाते इनका नाम लेना तक भूल गए।

## माँ स्कंदमाता की पूजा से यश और संतान की प्राप्ति होती है

**संजय गोस्वामी**

**नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता** की पूजा की जाती है जो माँ दुर्गा का 5वॉ रूप हैं और। स्कंद शब्द का अर्थ है कार्तिकेय, जो भगवान शिव और माँ पार्वती के पुत्र और भगवान गणेश के भाई हैं, और माता का अर्थ है माँ। इसलिए माँ स्कंदमाता को भगवान कार्तिकेय या स्कंद की माँ माना जाता है, जिन्हें भारत के विभिन्न हिस्सों में मुरुगन या सुब्रमण्य के नाम से भी जाना जाता है।तारकासुर राक्षस का अंत केवल शिव पुत्र द्वारा ही संभव था। तारकासुर राक्षस का वद्ध करने के लिए मां पार्वित ने अपने पुत्र कार्तिकेय (जिनको स्कंद भी कहा जाता है) को दैत्य तारकासुर से युद्ध लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया। जिसके लिए मां पार्वती को स्कंदमाता का रूप लेना पड़ा।

माँ स्कंदमाता को चार भुजाओं के साथ ममतामयी माँ है, जो अपने बेटे स्कंद या कार्तिकेय को गोद में और शेर पर सवार रहती हैं। वह अपने दोनों ऊपरी हाथों में कमल का फूल, अपने निचले दाहिने हाथ में बालक मुरुगन और दूसरे को अभय मुद्रा में रहती हैं। वह कमल के फूल पर भी विराजमान हैं, इसलिए देवी स्कंदमाता को देवी पद्मासना भी कहा जाता है स्कंदमाता का ममतामयी रूप है और इनकी पूजा करने से बुद्धि का विकास होता है और ज्ञान की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि निसंतान दंपत्ति सच्चे मन से नवरात्रि के पांचवे दिन का व्रत रखती हैं और माता की पूजा-अर्चना करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और संतान की प्राप्ति होती है इसके साथ यश और धन की भी प्राप्ति होती है। शुभ्र वर्ण वाली स्कंदमाता सिंह के अलावा कमल के आसान पर भी विराजमान रहती हैं इसलिए माता को पद्मासना भी कहा जाता है। सच्चे मन से पूजा करने पर स्कंदमाता सभी भक्तों की इच्छाओं को पूरी करती हैं और कष्टों को दूर करती हैं। संतान प्राप्ति के लिए माता की आराधना करना उत्तम माना गया है। माता रानी की पूजा के समय लाल कपड़े में सुहाग का सामान, लाल फूल, पीले



चावल और एक नारियल को बांधकर माता की गोद भर दें। ऐसा करने से जल्द ही घर में किलकारियां गूंजने लगती हैं। स्कंदमाता मोक्ष का मार्ग दिखाती हैं और इनकी पूजा करने से ज्ञान की भी प्राप्ति होती है। माता का यह स्वरूप ममता की मूर्ति, प्रेम और वातस्ल्य का साक्षात प्रतीक हैं।

छान्दोगय उपनिषद् के प्रवर्तक सनत्कुमार की माता भगवती का नाम स्कंद है। अपने सांसारिक स्वरूप में यह देवी सिंह पर विराजमान रहती हैं। इस दुर्गा का स्वरूप दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनत्कुमार को थामे हुए है। यह दुर्गा समस्त ज्ञान, विज्ञान, धर्म, कर्म और कृषि उद्योग सहित पंच आवरणों से समाहित विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहलाती हैं। इस देवी की पूजा के दौरान धनुष बाण का अर्पण करना भी शुभ रहता है। स्कंद माता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्रि देवी हैं इसलिए माता के चारों ओर सूर्य जैसा अलौकिक तजोमय मंडल व्याप्त है। माता होने से कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी पांचवी दुर्गा स्कंदमाता के रूप में पूजी जाती हैं। अपने सांसारिक स्वरूप में यह देवी सिंह पर विराजमान हैं। इस दुर्गा का स्वरूप दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनत्कुमार को थामे हुए है। यह दुर्गा समस्त ज्ञान, विज्ञान, धर्म, कर्म और कृषि उद्योग सहित पंच आवरणों से समाहित विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहलाती हैं। इस देवी की पूजा के दौरान धनुष बाण का अर्पण करना भी शुभ रहता है। स्कंद माता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्रि देवी हैं इसलिए माता के चारों ओर सूर्य जैसा अलौकिक तजोमय मंडल व्याप्त है। नवरात्रि के पांचवे दिन की पूजा भी वैसे ही होती है, जैसे अन्य दिनों में आप कर रहे हैं बस मन में श्रद्धा और भक्ति भाव होकर मन से पूजा करें लेकिन स्कंदमाता की पूजा कुश अथवा कंबल के आसन पर बैठकर ही करें। माता की पूजा ब्रह्ममुहूर्त में ही करें और स्थापित प्रतिमा या तस्वीर के साथ आसपास कलश पर भी गंगाजल से छिड़काव करें। इसके बाद पूरे परिवार के साथ माता के जयाकरे लगाएं। माता को पीली चीजें प्रिय हैं इसलिए पीले फूल, फल, पीले वस्त्र आदि चीजें अर्पित कर सकते है। साथ ही अगर आप अग्यारी करते हैं तो रोज की तरह लौंग, बताशा आदि चीजें अर्पित कर सकते हैं। इसके बाद माता रोली, अक्षत, चंदन आदि चीजें अर्पित करें, फिर केले का भोग लगाएं। इसके बाद घी का दीपक या कपूर से माता की आरती उतारें और जयाकरे लगाएं। इसके बाद आप दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ कर सकते हैं और मां दुर्गा के मंत्रों का भी जप करें। शाम के समय में भी मां दुर्गा की आरती उतारें। माता को पीले रंग की चीजें प्रिय हैं इसलिए आप केसर युक्त खीर बनाएं और माता को भोग लगाएं। साथ ही स्कंदमाता को केले का भोग भी लगाया जाता है। वहीं बुद्धिबल वृद्धि के लिए माता को 6 इलायची अर्पित कर प्रसाद के रूप में अर्पित कर सेवन करें। इसके बाद ब्रीं स्कन्दजनन्यै नमः मंत्र का जप मन से करें। स्कंदमाता को कमल का पुष्प अति प्रिय है, यदि मिल जाए तो माता को कमल के फूल अर्पित कर सकते हैं, ऐसे माता को श्रद्धा के अनुसार जो कुछ भी मिलता हो मन से पूजा कर सके ध्यान माता के चरणों में हो तो कोई भूल भी होने पर माता उसे माफ भी कर भक्तों का कल्याण करती है.माँ स्कंदमाता की पूजा से निश्चित ही संतान,ज्ञान व यश की प्राप्ति होती है.पूत कपूत हो सकते पर माता नहीं यदि आप अपनी गलती को सुधार कर शुद्ध मन से माँ का ध्यान करते हैं।

## भगवान के नाम पर 23 रुपये किलो की लागत का देशी घी !

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

**मंदिर में दीया जलाना हो, घर में** पूजा के लिए इस्तेमाल करना हो, हवन करना हो या फिर किसी की मृत्यु हो जाने पर उसका अंतिम संस्कार करना हो तो हम बाजार जाकर पूजा वाला देशी घीखरीदते है। बाजार में खाने वाला देशी घी कम से कम 800 रुपये प्रति किग्रा मिलता है, जबकि पूजा का घी मात्र डेढ़ सौ रुपये से साढ़े चार सौ रुपये तक की कीमत में उपलब्ध है, हालांकि इस घी को बनाने की लागत मात्र 23 रुपये प्रति किग्रा आती है। मिलावटखोर तो आस्था के नाम पर ही चोट कर ही रहे हैं, हम स्वयं भी सस्ते के चक्कर मे भगवान को चूना लगा रहे है। बाजार और मंदिरों के आसपास दुकानों पर यह नकली देशी घी खुले आम बिक रहा है। जिसे लोग भगवान के भोग व दीया-बाती और खान-पान तक में इस्तेमाल कर रहे हैं। खुलेआम बिक रहे ऐसे देशी घी के खिलाफ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग या फिर खाद्य विभाग की टीम ने आज तक कोई कार्रवाई नही की है। यही घी मंदिरों में चढ़ाया जा रहा है, वहीं घरों में पूजा के लिए भी यही नकली घी बिक भी रहा है। विवाह, कुआं पूजन ,नामकरण या फिर गृह प्रवेश हो। इन मांगलिक कार्यों में ये देशी घी खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। पंडित की ओर लिखी जाने वाली पूजन सामग्री के पर्चे को लेकर लोग दुकानदार के पास पहुंचते हैं और पूजन सामग्री को बिना जांचे-परखे पैकिंग करा ले आते हैं। कानपुर में जाजमऊ से गंगा के किनारे 10 -12 किलोमीटर के दायरे में सैंकड़ों चमड़े व चर्बी की भट्टियां धधक रही हैं।

इस चर्बी से एनामिल पेंट , ग्लू फेविकोल आदि जिन्हें हम कागज, लकड़ी जोड़ने के काम में लाते है व तथाकथित पूजा वाला घी बनाया जाता है। इसका सबसे ज्यादा प्रयोग भंडारे जैसे आयोजनों के लिए भी होता हैं। लोग 15 किलो वाला नकली घी का टीन खरीद कर मंदिरों में दान करके पूण्य कमा रहे हैं। यह बढ़िया रवे दार दिखने वाला नकली देशी घी सुगंध में भी एसेंस की मदद से बेजोड़ होता है। जो लोग अनजाने खुद को शाकाहारी समझते हैं। जीवन भर मांस अंडा तक नही छूते। वे पूजा के नाम पर इसका उपयोग कर रहे है। यदि घी का रंग चटक लाल हो जाये, तो घी में डालडा मिलाया गया है.

एक चम्मच घी में चार से पांच बूंद आयोडीन मिलाएं, घी का रंग नीला पड़े, तो उबला हुआ आलू मिलाया गया गया है।

एक चम्मच घी में दो एमएल हाइड्रो क्लोरिक एसिड डालने पर घी लाल हो जाये, तो कोलतार डाई का इस्तेमाल किया गया है।

थोड़ा सा घी लेकर हथेली के पीछे भाग में रगड़ें. यदि 25 मिनट में ही घी का सुगंध चला जाये, तो मिलावटी घी होगा।

## आज का राशिफल

**मेष** आज करियर में लाभ का दिन है और आपकी योजनाएं सफल होने से मन खुश रहेगा।

**तुला** भाग्य का साथ मिलेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों के साथ आपका दिन खुशी में बीतेगा।

**वृषभ** आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। राजनीतिक क्षेत्र में किए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ होगा और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन** दौड़भाग में बीतेगा और आपका पूरा दिन व्यस्तता में बीतेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**धनु** विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको शासन और सत्ता के गठजोड़ से लाभ होगा।

**कर्क** आज उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर** मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

**सिंह** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** किसी प्रकार के विवाद से दूर रहें। विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**कन्या** करियर के मामले में लाभ होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** आज दिन सावधानी से बिताने का है। आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है।

## राजकाज

### बिहार में सफल होंगे प्रशांत किशोर?

**प्रशांत किशोर बिहार की** राजनीति में एक चुनाव विश्लेषक और रणनीति बनाने के विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते हैं। पिछले कुछ महीनो से वह बिहार की राजनीति में अन्ना आंदोलन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह बिहार की राजनीति में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मुसीबत यह है, प्रशांत किशोर की इमेज भाजपा की बी टीम के रूप में है। अभी तक बिहार की राजनीति में जाति समीकरण को लेकर राजनीति होती रही है। ऐसी स्थिति में प्रशांत किशोर राजनीति का जो नया समीकरण लेकर आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की तर्ज पर चुनाव कराने की बात कर रहे हैं। बिहार में नशाबंदी खत्म करने की बात कह रहे हैं। बिहार के मतदाता उसे किस रूप में लेते हैं। इसका पता तो जबचलेगा जब वह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। तभी स्थिति स्पष्ट होगी। लालू और नीतीश के पारी खत्म हो जाने के बाद बिहार की राजनीति में नए नेता की जरूरत महसूस की जा रही है। प्रशांत किशोर इसको अच्छी तरह से समझ गए हैं।

### भाजपा की सरकार बनाने इंजीनियर राशिद की दरकार

**भाजपा जोड़-तोड़ की** राजनीति में बड़ी माहिर है। जम्मू कश्मीर के चुनाव के लिए जेल में बंद इंजीनियर राशीद को 2 अक्टूबर तक के लिए कोर्ट से जमानत दिलवाकर उन्हें जेल से बाहर लाया गया था। अब 10 दिन की अंतरिम जमानत उन्हें और मिल गई है। 1 अक्टूबर को जम्मू कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान था। 2 अक्टूबर को राशिद की जमानत समाप्त हो रही थी। लेकिन अब ऐसा लग रहा है, कि जम्मू कश्मीर की सरकार बनाने मे भाजपा को इंजीनियर राशिद का सहयोग लेना पड़ सकता है।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1843 इंग्लैंड और चीन के बीच व्यापारिक संधि हुई। 1858 इंग्लैंड और चीन के बीच दूसरा युद्ध भड़का। 1979 गांधीजी ने यंग इंडिया पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया था। 1934 अमरीका और चीन में व्यापारिक संधि हुई। 1934 उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी अमरीकी चार्ल्स लिडबर्ग के पुत्र की हत्या के मामले में ब्रूनो हाप्टमैन को दोषी करार दिया गया। 1939 जर्मनी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड को अपना हिस्सा बना लिया। 1954 कम्युनिस्ट फौजों ने वियतनाम में हनोई पर कब्जा किया। 1964 राजकुमार सोवन्ना फोउडमा लाओस में मिली जुली सरकार के प्रमुख बने। 1974 लोकनायक जयप्रकाश नारायण का निधन। 1984 चीन ने प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य और निरक्षरता दूर करने की योजना की घोषणा की। 1987 तमिल उग्रवादियों ने 24 लोगों की हत्या कर दी। 1994 यहूदियों पर पथराव के बाद 27 'फलीस्तीनी मारे गए।

## दैनिक पंचांग

**8 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.37 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 08.52 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.08 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.13 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.00 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.32 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.03 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.43 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.41 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कर्क | 23.55 बजे से |
| | | सिंह | 02.11 बजे से |
| | | कन्या | 04.23 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 282 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 11.19 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** आयुष्मान 06.51 बजे को समाप्त। **करण** बालव 11.19 बजे तदनन्तर कौलव 23.51 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 05.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872126 **जूलियन दिन** 2460591.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 04 **विशेष** स्कंद षष्ठी, बिल्व निमंत्रण, भारतीय वायु सेना दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# क्लिप्स बनाएं बालों का लुक

**इन दिनों बाजार में विभिन्न रंगों व डिजाइनों के हेयर क्लिप की भरमार बनी हुई है। युवतियां अपनी पंसद व ड्रेस के साथ मैचिंग कर इन हेयर क्लिप का प्रयोग करना पसंद कर रही हैं।**

युवतियां ही नहीं बल्कि छोटे बच्चों को भी यह कलरफुल क्लिप खासे भा रहे हैं। क्लिप्स जहां एक ओर यह बालों को बांधने के काम आते हैं वहीं आपको फैशनपरस्त दिखने में भी मदद करते हैं। कीमत में यह 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक मौजूद हैं। रंगों की बात करें तो रंग-बिरंगे क्लिप सभी को भा रहे हैं लेकिन इसी के साथ काला रंग भी खूब चलन में है। सब पर जो चल जाता है। इन दिनों युवतियां जहां गर्मी से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक हेयर स्टाइल अपना रही हैं। वहीं बालों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए मार्केट में विभिन्न रंगों व डिजाइनों के हेयर क्लिप की भरमार बनी हुई है। युवतियां अपनी पंसद व ड्रेस के साथ मैचिंग कर इन हेयर क्लिप्स का प्रयोग करना पसंद कर रही हैं।

छोटे बच्चों को भी यह कलरफुल क्लिप्स खासे भा रहे हैं। सिंपल हेयर स्टाइल में भी यदि युवतियां इन डिजाइनर हेयर क्लिप्स का इस्तेमाल करती हैं तो वह दिखने में बहुत खूबसूरत लगता है। इन हेयर क्लिप्स की खासियत यह है कि विभिन्न रंगों में मौजूद होने के कारण युवतियां व बच्चे इनका प्रयोग अपनी ड्रेस के साथ मैचिंग कर सकते हैं। छोटे बच्चों को भी रह हेयर क्लिप्स बहुत पंसद आ रहे हैं। कॉलेज गोइंग गर्ल्स सूट सलवार, जींस व हर प्रकार की ड्रेस के साथ ही हेयर क्लिप्स का प्रयोग करना पंसद रही हैं। युवतियों का कहना है कि सिंपल हेयर स्टाइल के बावजूद भी यह क्लिप्स बालों का आकर्षण बढ़ा देते हैं। गर्मी से राहत के साथ फैशन के तौर पर भी इनका इस्तेमाल हो जाता है। इन क्लिप्स का प्रयोग यूं तो केवल छोटे बच्चों को लुभाने के लिए भी किया जाता था। लेकिन आजकल इनका प्रयोग कॉलेज जाने वाली गर्ल्स से लेकर कामकाजी युवतियां तक करना पंसद कर रही है। इसका मुख्य कारण इन क्लिप्स का विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध है। इनकी कीमत 20 रुपए पेयर के हिसाब से शुरू होती हैं। युवतियाँ अपनी ड्रेस की मैचिंग के क्लिप्स लेती हैं।





# 2 बीएचके घर में स्पेस को मैक्सिमाइज करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**यूं तो 2बीएचके घर में स्पेस एक फैमिली के लिए पर्याप्त होता है, लेकिन फिर भी अगर आप अपने स्पेस को मैक्सिमाइज करना चाहते हैं तो इसके लिए कुछ तरीके अपनाए जा सकते हैं।**

आजकल शहरों में लोग 2बीएचके घर में रहना अधिक पसंद करते हैं। एक स्मॉल फैमिली के लिए 2बीएचके घर का स्पेस पर्याप्त माना जाता है। लेकिन जब आपके घर में बच्चे बड़े होने लगते हैं या फिर फैमिली बढ़ने लगती है तो ऐसे में स्पेस कम होने लगता है। हालांकि, इस स्थिति में हर किसी के लिए बड़ा घर लेना उनके बजट में नहीं होता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप अपने घर के स्पेस को ही मैक्सिमाइज करें। अधिकतर लोगों को यह लगता है कि वे अपने घर को मैक्सिमाइज किस तरह करें। ऐसा करना मुश्किल नहीं है, बस आपकी अप्रोच सही होनी चाहिए। अगर आप अपने 2बीएचके घर को मैक्सिमाइज करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको बस कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने 2बीएचके घर के स्पेस को आसानी से मैक्सिमाइज कर सकते हैं-

## वर्टिकल स्पेस का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने 2बीएचके होम के स्पेस को अधिक मैक्सिमाइज करना चाहते हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप वर्टिकल स्टोरेज सॉल्यूशन पर विचार करें। इससे आपका काफी सारा सामान आसानी से आर्गेनाइज हो जाएगा और आपको स्पेस प्रोब्लम का सामना नहीं करना पड़ेगा। वर्टिकल स्पेस का इस्तेमाल करने के लिए आप वॉल-माउंटेन शेल्फ से लेकर कैबिनेट व हैंगिंग आर्गेनाइजर आदि का इस्तेमाल करें। इससे आपके लिए अपनी किताबों से लेकर अन्य जरूरी आइटम्स व डेकोरेटिव आइटम्स को रखने में काफी आसानी होगी।

## मल्टीपर्पस फर्नीचर में करें इनवेस्ट

कई तरह के फर्नीचर की जरूरत हम सभी को अपने घर में पड़ती ही है। लेकिन कई फर्नीचर पीस काफी सारा स्पेस लेते हैं, जिसकी वजह से 2बीएचके घर में भी स्पेस प्रोब्लम होती है। इसलिए आप मल्टीपर्पस व स्पेससेविंग फर्नीचर में इनवेस्ट करने का प्लॉन करें। मसलन, आप घर में अलग-अलग सोफा व बेड खरीदने की जगह सोफा कम बेड का इस्तेमाल करें। इसी तरह, फोल्डेबल बेड का उपयोग करें जिन्हें दिन के दौरान आसानी से स्टोर करके रखा जा सकता है। इसके अलावा, आजकल एक्सटेंडेबल डाइनिंग टेबल का चलन है, जिन्हें आसानी से एक्सटेंड किया जा सकता है।

## कॉर्नर का भी करें इस्तेमाल

यह स्पेस को मैक्सिमाइज करने का एक स्मार्ट तरीका है, जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। घर के अलग-अलग कोनों को स्टोरेज व होम डेकोर के लिए काम में लिया जा सकता है। अगर आप चाहें तो कॉर्नर में मल्टीपर्पस अलमारी या वॉल माउंटेन शेल्फ बनवाएं। इससे आप काफी सामान आसानी से रख पाएंगी। इसी तरह, अपने लिविंग एरिया के लिए एल शेप के सोफे या डेस्क का उपयोग करने पर विचार करें। इससे लिविंग एरिया का सेंट्रल स्पेस आसानी से बच जाता है और घर अपेक्षाकृत अधिक बड़ा व स्पेशियस फील होता है।





# इन टिप्स की मदद से 2 बीएचके घर का करें न्यू मेकओवर, हर कोई करेगा आपकी तारीफ

**हर इंसान का सपना होता है कि उसका एक अपना घर हो, लेकिन दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में अपना घर लेना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। बड़े शहरों में लोग जड़ से अपना मकान तो नहीं ले पाते हैं लेकिन रहने के लिए प्लैट जरूर ले लेते हैं। ऐसे में घर छोटा हो या फिर बड़ा हर को सुंदर बनाना हर कोई चाहता है। अगर आप भी अपने घर को खूबसूरत बनाना चाहते हैं तो याद रखें हमेशा अपने घर को साइज के अनुसार डेकोरेट करें।**

अगर आपका घर 2 बीएचके का है तो इसे आप रॉयल लुक दे सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको स्मार्ट डेकोर टिप्स को अपनाना होगा। इस लेख में हम आपको 2 बीएचके फ्लैट को डेकोरेट करने के लिए स्मार्ट टिप्स के बारे में बताएंगे। तो देर किस बात करी आइए जानते हैं घर को खूबसूरत बनाने के लिए आसान और असरदार टिप्स।

## दीवारों का कलर

घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए दीवारों का कलर बहुत जरूरी होता है। क्योंकि घर की सुंदरता दीवारों के कलर से आती है। दीवारों पर लाइट कलर का पेंट करना से घर पर बड़ा और ब्राइट नजर आता है। खासकर हॉल की दीवारों का पैंट लाइट कलर का करवाएं। 2 बीएचके घर को रॉयल लुक देने के लिए आप क्रीम कलर का पेंट करवाएं।

## ओपन किचन

इन दिनों ओपन किचन का काफी ट्रेंड है। आप भी घर को रॉयल लुक देने के लिए ओपन किचन बनवा सकते हैं। ओपन किचन का सबसे बड़ा फायदा होता है कि इस जगह का कम यूज होता है। वहीं इससे घर को मॉर्डन लुक भी मिलता है। अगर आप ओपन किचन बनवा रहे हैं तो किचन की टाइल व्हाइट या फिर ब्राउन कलर की लें। इसके अलावा किचन की अलमारी भी टाइल से मैचिंग कलर का बनवा सकते हैं। इससे आपका किचन खूबसूरत नजर आएगा।

## लाइटिंग

घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लाइटिंग बहुत जरूरी होता है। रॉयल लुक के लिए घर की लाइटिंग बेहद जरूरी होती है। अगर यह खराब हो गई तो सारा लुक खराब हो जाता है। इन दिनों मार्केट में बेहद खूबसूरत और डिजाइन लैप और लाइट मिल जाती है जिसका इस्तेमाल कर आप अपने घर को खूबसूरत बना सकते हैं। लिविंग रूम में स्ट्रिंग लाइट लगाने से घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं।

## फर्नीचर

घर की असली खूबसूरती फर्नीचर लगाने के बाद ही आती है। 2 बीएचके घर के लिए आपको अपना फर्नीचर स्मार्ट तरीके से खरीदना चाहिए। अगर आप फर्नीचर खरीदने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि आपको घर के लिए ऐसे फर्नीचर लेना है जो कि ज्याता स्पेस न ले। वहीं इन दिनों शहरों में कम जगह के लिए सोफा कम बेड का काफी चलन है। ऐसे में आप भी इस सोफे सेट के बारे में सोच सकती हैं।

## इंडोर प्लांट्स

घर को खूबसूरत बनाने के लिए शो पीस की जगह आप इंडोर प्लांट्स का इस्तेमाल करें। इससे न केवल घर की खूबसूरती बढ़ेगी बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। इंडोर प्लांट्स को आप डाइनिंग रूम या फिर लिविंग रूम में रख सकती हैं।



# ठंड आने से पहले बगीचे में बोएं ये हरे साग के बीज

मानसून का मौसम खत्म होने के बाद अक्सर बागवानी करने वालों को यह समझ नहीं आता है कि कौन की सब्जियां अपने बगीचे में लगाएं। अगर आप भी इस बात को लेकर परेशान हैं कि कौन सी वेजिटेबल लगाएं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हेल्पफुल साबित हो सकता है। केमिकल फ्री सब्जियां खाने के लिए अक्सर लोग अपने बगीचे में अलग-अलग प्रकार बीजों को लगाना पसंद करते हैं। लेकिन कई बार लोगों को मानसून खत्म होने पर यह समझ नहीं आता कि वह अपने घर के बगीचे में कौन सी हरी सब्जियां लगाएं। पत्तेदार सब्जियां ज्यादा पौष्टिक होती हैं और दूसरी सब्जियों की अपेक्षा इन्हें उगाना काफी आसान होता है। ज्यादातर हरी सब्जियां अपेक्षाकृत कम, ठंडे मौसम में उगाई जा सकती हैं। अगर आप अपने बगीचे में कम समय में सब्जियां ग्रो करना चाहते हैं, तो यहां हम आपको बताने जा रहे हैं, कि आप इन बीजों को कैसे बो सकती हैं।

## पालक को कैसे उगाएं

- पालक भारत में सबसे लोकप्रिय पत्तेदार सब्जी है। पालक के पौधे तेजी से बढ़ते हैं, इसलिए बीज अंकुरित होने के 2-3 सप्ताह के भीतर वे कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। कटाई करते समय, ऐसे पौधों की ढूढ़ें, जिनमें कम से कम पांच से छह स्वस्थ हरी पत्तियां उगी हों जो तीन से चार इंच लंबी हों।
- बीज बोने से एक सप्ताह पहले मिट्टी को खाद से तैयार करें
- बीज को मिट्टी में आधा इंच गहराई तक बोएं। उन्हें बहुत ज्यादा गहराई तक न बोएं। इससे बीज नहीं उगेंगे।
- बीजों के बीच 3 से 4 इंच का अंतर रखें।
- बीजों के अंकुरण को सुनिश्चित करने के लिए मिट्टी को हमेशा नम रखें। अधिक पानी न डालें। सुबह पानी दें।
- पौधों को 2 से 3 इंच तक काटते रहें।
- कीटों और बीमारियों पर नजर रखें।
- पालक को अंकुरित न होने दें। पौधों को तुरंत उखाड़ दें।
- पालक की कटाई 45 से 50 दिन में करें।

## मेथी को कैसे उगाएं

- मेथी एक बहुत ही सेहतमंद हरी पत्तेदार सब्जी है।
- बीज बोने के 3-4 दिन के भीतर पौधे कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं।
- तैयार हुई पत्तियों और तने को फिर से उगाने के लिए काट सकते हैं।
- अच्छी फसल के लिए अच्छा वेंटिलेशन और जल निकासी प्रदान करें।

## सरसों का साग कैसे उगाएं?

- सरसों के पत्तों को उनके तीखे स्वाद के लिए पसंद किया जाता है। पत्तियों को बुवाई के 20-30 दिन बाद काटा जा सकता है। आप पत्तियों को पकने भी दे सकते हैं। इसके बाद उनका उपयोग कर सकते हैं।
- सबसे पहले आप पॉटिंग मिक्स तैयार करें। इसके लिए आप 60 प्रतिशत साधारण मिट्टी,20 प्रतिशत रेत और 20 प्रतिशत वर्मीकंपोस्ट या गोबर की खाद मिला सकते हैं।
- गमले में पॉटिंग मिक्स भरकर इसे ऐसी जगह पर रखें जहां धूप आती हो।
- अब आप गमले में सरसों के बीज डाल दें।
- ऊपर से हल्की-हल्की मिट्टी डालें।
- स्प्रिंकलर करके पानी दें ताकि बीज अपनी जगह पर ही रहें।
- बीजों को 3 से 4 दिन में ही आप देखेंगे कि बीजों में से पौधे निकलने लगे हैं।

## माइक्रो ग्रीन्स को मिट्टी में कैसे उगाएं?

- माइक्रोग्रीन्स उगाने के लिए सबसे पहले ऐसी जगह चुनें जहां आपको भरपूर धूप मिल सके। इसे ग्रो लाइट में भी उगाया जा सकता है।
- तीन भाग कम्पोस्ट और एक भाग वरमीक्यूलाइट मिलाएं। सुनिश्चित करें कि दोनों में से किसी भी पदार्थ का कोई ढेर या गांठ न हो।
- मिश्रण को एक उथले कंटेनर या बीज ट्रे में डालें और इसे मिट्टी से भर दें।
- पानी अच्छी तरह से डालें ताकि मिट्टी नम रहे।
- इसके बाद बीजों को मिट्टी की सतह पर छिड़कें।
- अब उन्हें मिट्टी की एक और परत से ढककर मिट्टी को नम करें।
- नमी बनाए रखने के लिए कंटेनर को साफ प्लास्टिक बैग या चादर से ढक दें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन जांच करें कि मिट्टी नम बनी रहे।
- कंटेनरों को अच्छे वायु संचार वाले स्थान पर रखें।
- जब बीज अंकुरित हो जाएं तो प्लास्टिक हटा दें।
- खरपतवारों को हटा दें और पौधों को कम कर दें ताकि केवल सबसे मजबूत पौधे ही बचे रहें।
- पौधों को पानी और खाद देना जारी रखें।
- जब पौधे 1-2 इंच लंबे हो जाएं तो कटाई कर लें।
- यदि आप इन्हें तुरंत नहीं खाते हैं तो इन्हें फ्रिज में रखें।
- इसके अलावा आप अपने बगीचे में चुकंदर, मूली, सलाद के पत्ते और गाजर जैसी सब्जियां के बीज लगा सकती हैं।

# कारोबार का भरोसा मजबूत, लेकिन विदेश के हालात ने बढ़ा दी है चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों के बीच कारोबार की बेहतर संभावना के बारे में भारतीय उद्योग जगत का हौसला और मजबूत हुआ है। मौजूदा वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में सीआइआइ बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स के दो तिमाहियों के ऊंचे स्तर पर पहुंच जाने की जानकारी देते हुए कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज ने रविवार को कहा कि सरकारी नीतियों में निरंतरता बनी रहने से उद्योग जगत का उत्साह बढ़ा है। सीआइआइ बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स एफवाय2025 की दूसरी तिमाही में 68.2 पर पहुंच गया। पहली तिमाही में यह 67.3 पर था।

वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 67.1 पर था। सितंबर में 200 से अधिक कंपनियों को शामिल करने वाले सीआइआइ बिजनेस आउटलुक सर्वे के 128वें राउंड के नतीजों की जानकारी देते हुए सीआइआइ ने कहा, 'कारोबारी संभावनाओं में हो रहे सुधार के मुताबिक लगभग आधी कंपनियों ने दूसरी तिमाही में अपने यहां हायरिंग सिचुएशन सुधरने की उम्मीद जताई।'



### 3 बड़ी चुनौतियां

कंपनियों ने जियोपॉलिटिकल टेंशन, ग्लोबल कमोडिटी प्राइसेज में उछाल और विदेशी बाजारों में घटती डिमांड को कारोबार के लिए 3 सबसे बड़ी समस्याओं के रूप में गिनाया। सीआइआइ ने कहा, 'ग्रोथ को और दमदार बनाने में आगामी त्योहारी सीजन से मदद मिलेगी। लेकिन वैश्विक हालात अनिश्चित बने हुए हैं और बदलती आर्थिक स्थितियों पर सावधानी से नजर रखने की जरूरत है।'

### 45 प्रतिशत को मुनाफा बढ़ने की उम्मीद

46 प्रतिशत कंपनियों ने सितंबर तिमाही में उनके यहां पूरी उत्पादन क्षमता का 75-100 प्रतिशत तक उपयोग होने की संभावना जताई थी, जो पिछली तिमाही से बेहतर है। 78 प्रतिशत कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में इंफ्लेशन 5 प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद जताई। लगभग 34 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि आरबीआई मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक ब्याज दर घटाना शुरू कर देगा। 31 प्रतिशत ने कहा कि रेट कट चौथी तिमाही में शुरू होगा। 50 प्रतिशत से अधिक कंपनियों ने कहा कि उन्हें सेल्स और नए ऑर्डर्स बढ़ने की आशा है। वहीं, 45 प्रतिशत से अधिक ने मुनाफा बढ़ने का अनुमान जताया।

### ग्रामीण इलाकों से उम्मीद

सर्वे में शामिल कंपनियों ने ग्रामीण इलाकों में कंजम्पशन में सुधार होने, अच्छी मॉनसूनी बारिश, रिफॉर्म्स पर लगातार फोकस और प्राइवेट इनवेस्टमेंट में सुधार होने का हवाला दिया, जिससे मौजूदा वित्त वर्ष में ग्रोथ बढ़ेगी। 59 प्रतिशत से अधिक कंपनियों ने वित्त वर्ष की पहली छमाही में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले प्राइवेट कैपिटल एक्सपेंडिचर में सुधार होने की उम्मीद जताई। सीआइआइ ने कहा कि इससे सरकारी कैपिटल एक्सपेंडिचर को सपोर्ट मिलने की संभावना है, जिसमें चुनावों के चलते पहली तिमाही में सुस्ती के बाद हाल में तेजी आती दिखी है। हालांकि करीब 40 प्रतिशत कंपनियों ने सितंबर तिमाही में देश-विदेश में अपना निवेश फिलहाल जस का तस रखने की बात कही थी। 41 प्रतिशत कंपनियों ने देश में निवेश बढ़ाने की बात कही थी।

## कच्चा तेल फेर सकता है ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद पर पानी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसका असर आने वाले दिनों में घरेलू स्तर पर महंगाई बढ़ने के तौर पर दिख सकता है। माना जा रहा है कि इन स्थितियों को देखते हुए आरबीआई इस सप्ताह होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा की बैठक में प्रमुख ब्याज दर को एक बार फिर यथावत रख सकता है। पहले विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई थी कि अमेरिकी फेड द्वारा बहुप्रतीक्षित ब्याज दर में कटौती की शुरुआत के बाद आरबीआई भी यह सिलसिला जल्द शुरू कर सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास 9 अक्टूबर को तीन दिन चलने वाली एमपीसी बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करेंगे। खाद्य महंगाई की चिंता बरकरार विशेषज्ञों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति बीते दो माह से आरबीआई के दायरे चार प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है, लेकिन खाद्य महंगाई को लेकर चिंता बरकरार है। सब्जियों और दालों की कीमत बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। वहीं, अब पश्चिम एशिया संकट के और बिगड़ने की संभावना है, जिसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि हमें रेपो दर या एमपीसी के रुख में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसका कारण यह है कि सितंबर और अक्टूबर में मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर रहेगी। इसके अलावा मुख्य मुद्रास्फीति धीरे-धीरे बढ़ रही है। खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य महंगाई का भार 46 फीसद है।

## रतन टाटा को हुआ अपस्टोक्स से 8 साल में 23000 प्रतिशत का फायदा, घटाई हिस्सेदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज बिजनेसमैन रतन टाटा ने स्टॉक मार्केट इनवेस्टमेंट कंपनी अपस्टोक्स में अपनी कुल हिस्सेदारी का 5 प्रतिशत हिस्सा बेच दिया है। रतन टाटा ने यह हिस्सा कंपनी को बायबैक डील में बेचा है। उन्हें अपने शुरुआती निवेश की तुलना में 10 गुना से अधिक रिटर्न मिला है। रतन टाटा ने 2016 में अपस्टोक्स का करीब 1.33 प्रतिशत हिस्सा खरीदा था। रतन टाटा इस बिक्री के बाद भी अपनी कुल हिस्सेदारी का 95 प्रतिशत कंपनी में होल्ड कर रहे हैं। बता दें, रतन टाटा ने 2016 में अपस्टोक्स में निवेश किया था। उन्होंने अपने हिस्से को 3.5 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर कंपनी को बायबैक के दौरान बेचा है। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि रतन टाटा को अपने निवेश पर 23400 प्रतिशत का फायदा हुआ है। अपस्टोक्स की को-फाउंडर कवित सुब्रह्मण्यम ने रतन टाटा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देश के सम्मानित व्यक्ति रतन टाटा हमारी इस यात्रा का अहम हिस्सा रहे हैं। शुरुआती दौर में उनके विश्वास ने हमारे मनोबल को ऊंचा बनाए रखा। उनका की सलाह साधारण और महत्वपूर्ण रहती थी।
कंपनी की वित्तीय स्थिति कैसी है

## अडानी की नजर जर्मनी की सीमेंट कंपनी हीडलबर्ग को खरीदने पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी की नजर जर्मनी की हीडलबर्ग मैटेरियल्स पर है। जर्मनी की की भारतीय सीमेंट कंपनी के अधिग्रहण करने के लिए ग्रुप ने बातचीत शुरू कर दी है। इस मामले के एक जानाकर ने कहा कि हीडलबर्ग की भारतीय यूनिट के प्रस्तावित अधिग्रहण का नेतृत्व अडानी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स करेगी और इसकी कीमत लगभग 1.2 अरब डॉलर (10,000 करोड़ रुपये) हो सकती है। द इकोनामिक टाइम्स की खबर के मुताबिक सीमेंट बनाने वाली भारत की टॉप कंपनी अल्ट्राटेक भी अपनी पोजीशन को बनाए रखने के लिए कंपनियों का अधिग्रहण कर रही है। भारत की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अडानी ग्रुप ने 2022 में होलसिम के भारतीय ईकाई का अधिग्रहण करके इस क्षेत्र में प्रवेश किया था। सूत्रों ने कहा है कि अडानी भी इस सौदे को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। 30 जून, 2024 को अंबुजा सीमेंट्स के पास 18,299 करोड़ रुपये की नकदी और कैश इक्वीवैलेंट थे। हालांकि, भारतीय ग्रुप इस सौदे से बाहर निकल सकता है अगर यह अन्य दावेदारों को शामिल करते हुए एक पूर्ण बिक्री प्रक्रिया बन जाती है। जर्मन कंपनी भारत में लिस्टेड हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया और नॉन-लिस्टेड जुआरी सीमेंट के जरिए बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है।

## सस्ते में सोना खरीदने का आ रहा है मौका

### कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंची



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतें हाल ही में 78,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई लेवल पर पहुंच गई थी। मोतीलाल ओसवाल की एक रिपोर्ट के अनुसार आने वाले दिनों में इसमें कुछ गिरावट की संभावना है। एसेट मैनेजमेंट फर्म ने कहा कि ऐतिहासिक रुझानों को देखते हुए सोने की कीमतों में 5 से 7 प्रतिशत तक गिरावट आ अनुमान है। सोने ने साल 2000 के बाद कभी भी 32 प्रतिशत का सालाना रिटर्न नहीं दिया है। राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 78,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। चांदी की कीमत भी 1,035 रुपये की तेजी के साथ 94,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले चरण की तेजी से पहले सोने की कीमत में 5-7 फीसदी तक गिरावट आएगी। रिपोर्ट में उन कारणों का जिक्र किया गया है जिनके कारण सोने का मार्केट प्रभावित हो सकता है। इसमें आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, घरेलू ईटीएफ आयात, एसपीडीआर होल्डिंग्स और सीएफटीसी की स्थिति शामिल है। ये सभी कारण तेजी के रुझान को सपोर्ट कर रहे हैं। साल 2024 के पहले नौ महीनों में सोने की कीमतों में उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रुख और भू-राजनीतिक कारकों से प्रेरित है।

### कहां तक जाएगी कीमत

केंद्रीय बैंकों की खरीद, घरेलू त्योहारी और शादी के मौसम से भविष्य की मांग से बाजार की धारणा को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले दो साल में सोने की कीमतें 86,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच जाएंगी। मौजूदा तेजी का रुझान मजबूत मांग खासकर मौजूदा त्योहारी सीजन के कारण है।

## अडानी ग्रुप ने शुरू किया है भारत में सबसे बड़ा हाइड्रोजन ब्लेंडिंग प्रोग्राम

### इस बड़े प्रोग्राम के तहत पाइप्ड नैचुरल गैस में हाइड्रोजन मिलाया जाता है

**इसका मकसद उत्सर्जन घटाना और नेट-जीरो लक्ष्य को हासिल करना है**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप ने भारत में सबसे बड़ा हाइड्रोजन ब्लेंडिंग प्रोग्राम शुरू किया है। यह प्रोग्राम नैचुरल गैस में हाइड्रोजन मिलाने का है। ग्रुप ने अहमदाबाद से इसकी शुरुआत की है। इसके तहत कंपनी ने घरों में खाना पकाने के लिए दी जाने वाली प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन मिलाना शुरू कर दिया है। इसका मकसद उत्सर्जन घटाना और नेट-जीरो लक्ष्य को हासिल करना है। अडानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अहमदाबाद के शांतिग्राम में पाइप्ड नैचुरल गैस सप्लाई में 2.2-2.3 फीसदी ग्रीन हाइड्रोजन मिलाना शुरू कयिा है। कंपनी ने लिंक्डइन पर यह जानकारी दी। एटीजीएल अडानी ग्रुप और फ्रेंच एनर्जी कंपनी टोटलएनर्जीज का जॉइंट वेंचर है।

ग्रीन हाइड्रोजन रिन्यूएबल एनर्जी से बनती है। उसे प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में डाला जाता है। इससे कम उत्सर्जन के साथ गर्मी और बिजली पैदा होती है। कंपनी पवन या सौर ऊर्जा जैसे रिन्यूएबल एनर्जी स्रोतों का इस्तेमाल करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन कर रही है। इसके लिए इलेक्ट्रोलिसिस नाम की एक प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। इसमें पानी को



हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग कयिा जाता है। यह हाइड्रोजन उस प्राकृतिक गैस में मिलाई जाती है जो वर्तमान में खाना पकाने के लिए घरों और उद्योगों में पाइपलाइन के जरिए सप्लाई होती है।

एटीजीएल ने कहा, हमें अहमदाबाद के अडानी शांतिग्राम में अपने हाइड्रोजन ब्लेंडिंग सिस्टम और इन-सीटू हाइड्रोजन जेनरेशन के सफल शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

कंपनी के अनुसार, यह परियोजना 4,000 घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से हाइड्रोजन-मिश्रित प्राकृतिक गैस प्रदान करेगी।

अभी सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी गुजरात के सूरत जिले के कवास में घरों में ग्रीन हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की सप्लाई करती है। सरकारी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड भी मध्य प्रदेश के इंदौर में सीएनजी की सप्लाई के लिए एक छोटा पायलट प्रोजेक्ट चला रही है। इसमें ग्रे हाइड्रोजन मिलाया गया है। एटीजीएल का प्रोजेक्ट अब तक का सबसे बड़ा है।

कंपनी धीरे-धीरे प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन के मिश्रण को बढ़ाकर 5 फीसदी और फिर 8 फीसदी करेगी। साथ ही, शांतिग्राम से आगे अहमदाबाद के अन्य हिस्सों और फिर उन सभी क्षेत्रों में सप्लाई का विस्तार करेगी जहां उसके पास सिटी गैस लाइसेंस है।

एटीजीएल ने कहा, यह उपलब्धि हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में परिवर्तित होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी के अनुसार, हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस के साथ मिलाकर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम किया जा रहा है। इसके जरिये वह ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ा रही है। एटीजीएल के सीईओ सुरेश पी मंगलानी ने कहा कि कंपनी की यह पहल भारत के ऊर्जा क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रीन हाइड्रोजन में जीरो कार्बन उत्सर्जन होता है। इसे भविष्य के ईंधन के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन, पाइपलाइनों और उपकरणों में जंग लगने की इसकी प्रवृत्ति इसके उपयोग को सीमित करती है। परीक्षणों से पता चला है कि पाइपलाइनों या उपकरणों पर कोई प्रभाव डाले बिना प्राकृतिक गैस में 10 फीसदी तक हाइड्रोजन मिलाया जा सकता है।

एटीजीएल वर्तमान में 2.2-2.3 फीसदी ब्लेंडिंग कर रहा है। धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 5 फीसदी और अंत में 8 फीसदी किया जाएगा। यह वर्तमान में नियामकों की ओर से निर्धारित सीमा है। पाइपलाइनों और उपकरणों के मटेरियल ग्रेड और दीवार की मोटाई में बदलाव के साथ 30 फीसदी तक का उच्च मिश्रण संभव है।

ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हाइड्रोजन ग्लोबल एनर्जी चेंज में महत्वपूर्ण है। हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन और बायोमास, पानी या दोनों के मिश्रण से निकाला जा सकता है।

## 17600 करोड़ जुटाएगी अनिल अंबानी की कंपनी, समूह का तगड़ा प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनियां - रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड 17,600 करोड़ रुपये की फंड जुटाने और कर्ज फ्री की स्थिति के साथ अपनी वृद्धि रणनीतियों को क्रियान्वित करने के लिए तैयार हैं। दोनों कंपनियों ने इक्विटी शेयरों के तरजीही इश्यू के जरिये पिछले दो सप्ताह में 4,500 करोड़ रुपये और प्रसिद्ध वैश्विक निवेश कंपनी वर्डे पार्टनर्स से इक्विटी से जुड़े दीर्घकालिक एफसीसीबी के जरिये 7,100



करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। इनकी परिपक्वता अवधि 10 वर्ष है और ब्याज दर पांच प्रतिशत है। बता दें कि बीते शुक्रवार को रिलायंस इंफ्रा के शेयर 8 प्रतिशत गिरकर 300 रुपये पर बंद हुए थे। वहीं, रिलायंस पावर के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक गिरकर 50.95 रुपये पर बंद हुए थे। पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से अतिरिक्त 6,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। इसमें रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का लक्ष्य 3,000-3,000 करोड़ रुपये जुटाने का है।

## दादी के नुस्खे आए काम, इन दो बहनों ने 5 लाख रुपये से खड़ा कर दिया 10 करोड़ का ब्रांड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु में दो बहनों रम्या और श्वेता रवि ने अपनी दादी मां की याद में आरएनआर वोमेन बिरयानी नाम का एक सफल व्यवसाय खड़ा कर दयिा है। उनका उद्देश्य था अपनी दादी की खास रेसिपी वाली डोने बिरयानी को पूरे शहर में मशहूर करना। 2020 में शुरू हुए इस सफर में उन्होंने अब तक करोड़ों की कमाई कर ली है। आइए, यहां रम्या और श्वेता रवि की की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

कौन सी बिरयानी सबसे बेहतरीन होती है, इस पर हमेशा से बहस होती रही है। कुछ लोग हैदराबादी बिरयानी के स्वाद के दीवाने होते हैं तो कुछ कोलकाता बिरयानी को सर्वोत्तम मानते हैं। लेकिन, बेंगलुरु की रम्या रवि और उनकी बहन श्वेता के लिए जवाब एकदम साफ है - डोने बिरयानी। यह पत्ते के कटोरे में परोसी जाती है। इसे उनकी दादी मां बनाया करती थीं। लिहाजा, 2020 में आरएनआर वोमेन बिरयानी नाम का अपना वेंचर शुरू करने के लिए उन्हें जरा भी संकोच नहीं हुआ। पहले ही महीने में 10,000 से ज्यादा ऑर्डर मिलने से इस उद्यम की नींव मजबूत हो गई। इसके बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



रम्या और उनकी बहन श्वेता दोनों कारोबार को संभालती हैं। उन्होंने 5 लाख रुपये की पूंजी से 200 वर्ग फुट के क्लाउड किचन से इसकी शुरुआत की थी। यह ब्रांड आज बेंगलुरु में 14 क्लाउड किचन और एक स्टैंड-अलोन रेस्टोरेंट तक फैल गया है। डोने बिरयानी को बाकी बिरयानी से अलग बनाने वाला उसका हरा रंग है। इसकी तैयारी में इस्तेमाल होने वाला चावल भी अलग होता है। इसमें छोटे दाने वाले चावल का इस्तेमाल होता है। इसे जीरागा सांबा चावल कहा जाता है। डोने बिरयानी बेंगलुरु में मिलती है। लेकिन, बहनों को हमेशा से ताज्जुब होता था कि यह बाकी बिरयानी की तरह लोकप्रिय क्यों नहीं है। इसलिए, उन्होंने डोने बिरयानी को हर घर तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया।

वैसे तो रेसिपी रम्या और श्वेता की दादी की देन है, लेकिन आरएनआर बिरयानी का नाम उनके दादा और पिता रामास्वामी और रविचंदर के नाम पर रखा गया है। दोनों बहनें हमेशा से खाने से जुड़ा कुछ करना चाहती थीं। लेकिन, लॉकडाउन के दौरान मिलने वाले समय ने उन्हें अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने में मदद की। लॉकडाउन ने उन्हें अपने आइडिया पर मंथन करने के लिए काफी समय दिया। उन्हें समझ आ गया था कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए चीजें कितनी अनिश्चित हैं। लेकिन, अपने आइडिया में उन्हें दम नजर आया। डोने बिरयानी का क्षेत्र असंगठित था। यहीं पर उन्हें एक व्यावसायिक अवसर दिखाई दिया।

## मुंबई का मशहूर रेस्टोरेंट स्वाति स्नैक्स अंबानी परिवार का पसंदीदा

### तीन पीढ़ियों से अंबानी परिवार यहां का खाना करता आ रहा है पसंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मायानगरी मुंबई का मशहूर रेस्टोरेंट स्वाति स्नैक्स अंबानी परिवार का पसंदीदा है। स्वाति स्नैक्स अपने गुजराती खाने के लिए जाना जाता है। तीन पीढ़ियों से अंबानी परिवार यहां का खाना पसंद करता आ रहा है। रेस्टोरेंट की मालकिन आशा झवेरी ने अपनी जीवनी में इस बात का जक्रि कयिा है। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता की स्ट्रीट फूड के लएि दीवानगी कसिी से छुपी नहीं है।

स्वाति स्नैक्स मुंबई का जाना-माना रेस्टोरेंट है। यह अपने स्वादिष्ट गुजराती खाने के लिए मशहूर है। अंबानी परिवार कई सालों से इस रेस्टोरेंट का नियमित ग्राहक हैं। स्वाति स्नैक्स की मालकिन आशा झवेरी ने अपनी आत्मकथा में अंबानी परिवार के साथ अपने इस खास रिश्ते का जिक्र किया है। उनके मुताबिक, अंबानी परिवार की तीन पीढ़ियां ऐसी हैं जो हर हफ्ते स्वाति स्नैक्स से मंगवाए बिना नहीं रह सकतीं। 1963 में आशा की मां मिनाक्षी ने इस रेस्टोरेंट की नींव रखी थी। स्वाति स्नैक्स ने एक आउटलेट से चार आउटलेट बना लिए हैं। इनमें दो



मुंबई और दो अहमदाबाद में हैं। क्लाउड किचन के तौर पर भी विस्तार किया है। इसके मेनू में पारंपरिक व्यंजन हैं। इसमें मुकेश अंबानी के पसंदीदा स्नैक्स जैसे सेव पूरी, पानी पूरी और दही बटाटा पूरी शामिल हैं। अंबानी का स्वाति स्नैक्स के साथ संबंध मजबूत और स्थायी है। आशा झावेरी के अनुसार, कभी मुकेश और नीता अक्सर रेस्टोरेंट आते थे। अब वे ज्यादातर टेकअवे ऑर्डर करते हैं। उनके कर्मचारियों को उनकी वर्दी से पहचान लयिा जाता है जब वे खाना लेने आते हैं।

### मुकेश अंबानी की फेवरेट डिश की कीमत कीतनी

स्वाति स्नैक्स कई तरह के व्यंजन पेश करता है। इसमें सतपदी रोटी, गट्टा नू शाक और फाडा नी खिचड़ी शामिल हैं। सबसे लोकप्रिय वस्तुओं में से एक पंकी है। यह मुकेश अंबानी की पसंदीदा है। इसकी कीमत लगभग 230 रुपये है। चावल के आटे से बनी और केले के पत्ते में भाप में पकाई जाने वाली यह डिश व्यापक रूप से लोकप्रिय हो गई है।

# इंडिया वर्सेस बांग्लादेश: टी-20 में सुरेश रैना के छक्कों का रिकॉर्ड टूटा, सूर्यकुमार चौथे नंबर पर पहुंचे



**ग्वालियर, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने 3 मैचों की टी20आई सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को ग्वालियर में 7 विकेट से हरा दिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 19.5 ओवर में 127 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 11.5 ओवर में 3 विकेट पर 132 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। इस मैच में सूर्यकुमार की कप्तानी लाजवाब रही तो वहीं उनकी बल्लेबाजी भी बेहतरीन रही। हालांकि उन्होंने छोटी पारी खेली, लेकिन इस दौरान उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट्स लगाए और सुरेश रैना के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ने में सफल रहे।

### सुरेश रैना से आगे निकले सूर्यकुमार यादव

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ग्वालियर में 14 गेंदों पर 3 छक्के और 2 चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली और एक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। इन 3 छक्कों की मदद से सूर्यकुमार यादव टी20 क्रिकेट में छक्के लगाने के मामले में सुरेश रैना से आगे निकल गए। टी20 क्रिकेट में अब सूर्यकुमार के 328 छक्के हो गए जबकि रैना ने 325 छक्के लगाए थे। सूर्या अब टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे स्थान पर आ गए जबकि रैना पांचवें नंबर पर चले गए। वहीं रोहित शर्मा 525 छक्कों के साथ पहले तो वहीं विराट कोहली 416 छक्के लगाकर दूसरे नंबर पर हैं।

### टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय

**525** - रोहित शर्मा
**416** - विराट कोहली
**338** - एमएस धोनी
**328** - सूर्यकुमार यादव
**325** - सुरेश रैना
**311** - केएल राहुल
**302** - संजू सैमसन

सूर्या ने बांग्लादेश के खिलाफ 29 रन की पारी 207.14 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। उन्होंने भारत की तरफ से टी20आई में 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 12वीं बार 25 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है। उनके बाद ऐसा 8 बार हार्दिक पांड्या ने किया है जबकि रोहित शर्मा और युवराज सिंह ने 7-7 बार ये कमाल किया था।

**12** बार -सूर्यकुमार यादव
**8** बार - हार्दिक पांड्या
**7** बार - रोहित शर्मा
**7** बार - युवराज सिंह
**6** बार - दिनेश कार्तिक
**4** बार - यशस्वी जायसवाल

## हार्दिक पांड्या ने तोड़ा किंग कोहली का महारिकॉर्ड



ग्वालियर, एजेंसी। हार्दिक पांड्या ने बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 में कमाल की पारी खेली. हार्दिक की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत टीम इंडिया ने सिर्फ 11.5 ओवर में एकतरफा जीत हासिल की. बांग्लादेश के खिलाफ गया मुकाबला भारतीय ऑलराउंडर ने छक्के के साथ खत्म किया. छक्का लगाते हुए उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया.न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में हार्दिक ने टीम इंडिया के लिए 16 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39* रन बनाए. इस दौरान उन्होंने छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई, जिसके साथ वह भारत को टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार छक्का लगाकर जीत दिलाने वाले खिलाड़ी बन गए. हार्दिक ने टी20 इंटरनेशनल में टीम इंडिया को 5 बार छक्का लगाकर विजयी बनाया है. जबकि विराट कोहली ने 4 बार ऐसा किया है. इस तरह हार्दिक ने किंग कोहली का महारिकॉर्ड तोड़ दिया. इस लिस्ट में पूर्व कप्तान एमएस धोनी और मौजूदा बल्लेबाज ऋषभ पंत भी मौजूद हैं. दोनों ही बल्लेबाजों ने भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खत्म करते हुए 3-3 बार छक्के लगाए हैं. ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 में टीम इंडिया ने आसानी से जीत अपने नाम की. मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया और पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रनों पर ढेर कर दिया. इस दौरान टीम इंडिया के लिए अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट चटकाए. इसके अलावा हार्दिक पांड्या, वाशिंगटन सुंदर और मयंक यादव को 1-1 सफलता मिली.

## हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर स्मृति मंधाना ने दिया अपडेट



**दुबई, एजेंसी।** 2024 महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर खेल समाप्त होने से ठीक पहले अपना संतुलन खोने और गर्दन में चोट लगने के कारण 29 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गईं जिससे कई लोग चिंतित हो गए। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में हरमनप्रीत की जगह उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि चिकित्सा दल भारतीय कप्तान की गर्दन की चोट की जांच कर रहा है। स्मृति ने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, चिकित्सक इसकी जांच कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह ठीक होंगी। अरुंधति रेड्डी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 3-19 के स्पेल की बदौलत पाकिस्तान को 105/8 पर रोकने के बाद भारत से उम्मीद थी कि वह अपने नेट रन रेट को बढ़ाने के इरादे से झटके में पीछा पूरा कर लेगा, जो न्यूजीलैंड से 58 रन की हार के कारण काफी प्रभावित हुआ। लेकिन पाकिस्तान की अनुशासित गेंदबाजी के कारण भारत पावर-प्ले में केवल 25/1 रन ही बना सका और जोखिम लेने की कभी भी तत्परता नहीं दिखाई। स्मृति ने स्वीकार किया कि भारत जिस तरह से पीछा करने के लिए आगे बढ़ा था, उसमें सुधार हो सकता था, अब उनका नेट रन रेट -1.217 है। पाकिस्तान का रन रेट और स्थिति हार के बाद भी बेहतर है। मंधाना ने कहा, हमने इसके बारे में सोचा (नेट रन रेट बढ़ाने के बारे में), लेकिन मैं और शेफाली गेंद को टाइम नहीं कर सके।

## जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 24 पदकों के साथ शीर्ष पर भारत



**लीमा, एजेंसी।** जूनियर निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि भारत ने 13 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान भी अपने नाम किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण और कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्र (528) की जूनियर पुरुष 50 मीटर पिस्टल टीम ने कुल 1616 अंक जुटाए और अजरबैजान को एक अंक से हराया। आर्मेनिया तीसरे स्थान पर रहा।मुकेश नेलावल्ली ने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता का उनका छठा पदक था। उन्होंने 60 शॉट में कुल 548 अंक बनाए। अजरबैजान के इमरान ने 552 अंक के साथ स्वर्ण जीता। जूनियर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में परीशा गुप्ता ने 540 अंक के साथ व्यक्तिगत रजत अपने नाम किया। हालांकि, वह हंगरी की मिरियम जैको के 546 अंक के जूनियर विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गईं। सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने मिलकर इस स्पर्धा में भारतीय टीम को रजत पदक दिलाया, वे अजरबैजान की टीम से पीछे रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचवीं भारतीय दिवांशी ने 523 अंक हासिल कर आठवां स्थान हासिल किया।

## भारत की स्टार जिम्नास्ट

### दीपा कर्माकर ने किया संन्यास का एलान

- फ्यूचर प्लान भी शेयर किया
- ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली महिला जिमनास्ट
- भविष्य में कोच की भूमिका निभा सकती हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला जिमनास्ट दीपा करमाकर ने सोमवार को अपने फैंस को निराश कर दिया। उन्होंने आज सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। इतना ही नहीं दीपा ने भविष्य में कोच या मेंटर की भूमिका निभाने के संकेत दिए हैं। दीपा करमाकर ने अपनी पोस्ट में लिखा, बहुत विचार करने के बाद मैंने जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला लिया है। यह निर्णय मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन अब सही समय लगता है। जिमनास्टिक मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रहा है और मैं इसके लिए आभारी हूं। उन्होंने लिखा, मुझे पांच साल की दीपा याद है, जिसे बताया ÷या था कि सपाट पैरों के कारण वह कभी जिमनास्ट नहीं बन सकती। आज मुझे अपनी उपलब्धियों को देखकर गर्व होता है। विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, मेडल जीतना, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट का प्रदर्शन करना मेरे करियर का सबसे यादगार पल रहा है। आज उस छोटी सी दीपा को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, क्योंकि उसमें सपने देखने का साहस था।

त्रिपुरा की दीपा ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला जिमनास्ट बनीं थीं। उन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। हालांकि, वह मेडल जीतने से चूक गई थीं। वह फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। दीपा ब्रॉन्ज मेडल जीतने से सिर्फ 0.15 अंक कम थीं।

### दीपा की उपलब्धियां

दीपा ने साल 2014 में ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। इतना ही नहीं उन्होंने 2015 में हिरोशिमा में एशियाई चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। 2015 विश्व कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में वह 5वें स्थान पर रहीं।

## फीफा रैंकिंग मैच के लिए मिनर्वा एकेडमी के 5 स्टार फुटबॉलर भारतीय टीम में शामिल



**चंडीगढ़, एजेंसी।** मिनर्वा एकेडमी, जो भारतीय फुटबॉल में प्रतिभाओं को तराशने के लिए मशहूर है, ने एक और मील का पत्थर छू लिया है। सीनियर इंडिया फुटबॉल टीम के लिए अकादमी के पांच खिलाड़ियों को चुना गया है, जो 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में भाग लेंगे। इस मैच का भारतीय फुटबॉल टीम की फीफा रैंकिंग पर गहरा असर होगा।

चुने गए खिलाड़ी अनवर अली, आकाश सांगवान, जैकसन सिंह, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह हैं। ये चयन मिनर्वा एकेडमी के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम की सफलता का प्रतीक हैं, जिसने राष्ट्रीय टीम के लिए अब तक 250 से अधिक खिलाड़ियों को तैयार किया है। अनवर अली, एक बेहतरीन सेंटर-बैक, जिन्होंने हाल ही में आईएसएल शील्ड जीती है और देश के सबसे महंगे फुटबॉलर बने हैं, भारतीय रक्षा की मजबूती के लिए अहम साबित होंगे। उनके रक्षात्मक कौशल ने उन्हें देश के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है।

आकाश सांगवान, जो एक दमदार फुल-बैक हैं, अपनी निरंतरता और मजबूत प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। आकाश का फुटबॉल सफर चंडीगढ़ की संतोष ट्रॉफी टीम के सबसे युवा सदस्य के रूप में शुरू हुआ था और उन्होंने मिनर्वा के लिए आई-लीग में पदार्पण किया। उनकी सफलता की कहानी अकादमी की प्रतिभा निखारने की ताकत को दर्शाती है। जैकसन सिंह, भारत के पहले खिलाड़ी, जिन्होंने फीफा विश्व कप मैच में गोल किया, अपनी चोट से वापसी कर रहे हैं और मिडफील्ड में अपनी रक्षात्मक क्षमता और खेल निर्माण से टीम को मजबूती देंगे।

मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह, ये आक्रामक जोड़ी विपक्षी डिफेंस के लिए मुश्किलें खड़ी करने का माद्दा रखती है। मनवीर अपनी शानदार फॉर्म में हैं, जबकि विक्रम टीम के आक्रमण में नया जोश और तेजी लेकर आ रहे हैं। मिनर्वा एकेडमी को अपने इन पांच खिलाड़ियों पर गर्व है और उनके चयन पर उन्हें बधाई देती है। ये उपलब्धि भारतीय फुटबॉल के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है, और एकेडमी इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार विश्व स्तरीय फुटबॉल प्रतिभाएं उभर सकती हैं।

## पंकज आडवाणी ने जीता सिंगापुर ओपन बिलियर्ड्स खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फाइनल में आडवाणी ने शुरुआती दो फ्रेम जीत लिए लेकिन उसके बाद ओंग ने फ्रेम जीतकर मैच में लौटने की कोशिश की। चौथे फ्रेम में आडवाणी ने शानदार खेल दिखाया।

क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने सिंगापुर में स्थानीय दावेदार जाडेन ओंग को 5-1 से हराकर सिंगापुर ओपन का बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया। फाइनल तक के सफर में पंकज ने पूर्व आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियन डेचावत पूमचेइंग को क्वार्टर फाइनल में हराया था। फाइनल में आडवाणी ने शुरुआती दो फ्रेम जीत लिए लेकिन उसके बाद ओंग ने फ्रेम जीतकर मैच में लौटने की कोशिश की। चौथे फ्रेम में आडवाणी ने शानदार खेल दिखाया। पांचवें फ्रेम में आडवाणी ने 74-6 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। अब अगले माह पंकज आडवाणी दोहा में अपने विश्व बिलियर्ड्स खिताब की रक्षा करेंगे।

## पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन, आर्कटिक ओपन में लेंगे हिस्सा

**वंता (फिनलैंड), एजेंसी।** सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया।

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया। सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप



श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया।

आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी।सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैं तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है। चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे। महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इज़राइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कोई भारतीय भाग नहीं ले रहा है लेकिन रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# राजकुमार हिरानी को सम्मानित करेगी मध्य प्रदेश सरकार



राजकुमार हिरानी को मध्य प्रदेश सरकार प्रतिष्ठित किशोर कुमार सम्मान 2023 से सम्मानित करेगी। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किशोर कुमार के गृहनगर खंडवा में 13 अक्टूबर को किया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउंड में यह आयोजन किया जाएगा।

भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए राजकुमार हिरानी को यह सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने थ्री इडियट्स, पीके, संजू, मुन्ना भाई एमबीबीएस और डंकी जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। वह पिछले दो दशकों से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में मुन्ना भाई एमबीबीएस के साथ अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। बेहतरीन फिल्में बनाने के लिए मशहूर राजकुमार हिरानी ने अपनी फिल्मों के जरिए से लगातार सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषयों को सामने लाया है और अब उन्हें इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पिछले कुछ वर्षों में अमिताभ बच्चन, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र और शत्रुघ्न सिन्हा समेत कई मशहूर हस्तियों के साथ-साथ निर्माता, निर्देशक और गीतकार किशोर कुमार सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। राजकुमार हिरानी को यह पुरस्कार भोपाल के संस्कृति विभाग की ओर से दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में किशोर नाइट का भी आयोजन किया जाएगा, जो किशोर कुमार को समर्पित एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि होगी। मुंबई के प्रसिद्ध गायक नीरज श्रीधर और उनकी टीम किशोर कुमार के कुछ सबसे मशहूर गानों को प्रस्तुत करेंगे।



शादी से पहले करीना ने सैफ से कही थी ये बात

# प्यार करते हो तो लिखवाओगे मेरा नाम

**अभिनेत्री** करीना कपूर खान और सैफ अली खान की जोड़ी को प्रशंसक पसंद करते हैं। सैफ अली खान ने अपने हाथ में करीना के नाम का टैटू बनवाया था, इसको लेकर करीना ने खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मैंने ही सैफ को कहा था कि अगर तुम मुझसे प्यार करते हो तो मेरे नाम का टैटू बनवाओगे।

अभिनेत्री करीना कपूर खान और सैफ अली खान बॉलीवुड के चर्चित कपल में से एक हैं। करीना कपूर और सैफ ने साल 2012 में शादी की थी। इससे पहले दोनों ने एक दूसरे को डेट किया था। इस दौरान सैफ के हाथों पर करीना के नाम का टैटू देखने को मिला था। इस बारे में करीना ने कहा है कि उन्होंने सैफ से कहा था कि उनके नाम का टैटू अपने हाथों में बनवाएं।

**करीना ने कहा था मेरे नाम का टैटू बनवाओः** करिश्मा और करीना कपूर द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में आने वाली हैं। इस शो के दौरान करीना कपूर ने बताया, मैंने ही बोला था टैटू करने को, अगर तुम मुझसे प्यार करते हो, तुम्हें मेरा नाम लिखवाना होगा। सैफ हाल ही में अपने इसी टैटू को लेकर चर्चा में रहे थे, जब उन्होंने करीना के नाम का टैटू बदलवा कर कुछ नया टैटू बना लिया था। इस कारण दोनों के रिश्ते में दरार को लेकर चर्चा होने लगी थी। हालांकि, बाद में ये सैफ हो गया था कि उनके हाथों पर किसी फिल्म की शूटिंग से जुड़ा टैटू बनना है।

**फिर बनवा लिया करीना के नाम का टैटूः** सैफ को बीते कुछ दिन पहले फिर करीना के नाम के टैटू के साथ देखा गया था। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में करीना और करिश्मा को काफी मस्ती करते हुए देखा गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर सिंघम अगेन में नजर आने वाली हैं। इससे पहले करीना को हंसल मेहता की द बकिंघम मर्डर में देखा गया था।

**सैफ अली खान रेस 4 का हिस्साः** सैफ अली खान फिल्म रेस 4 का हिस्सा होने वाले हैं। अपने हाई-ऑक्टेन एक्शन और कहानी के लिए जानी जाने वाली इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2008 की फिल्म रेस से हुई थी, जिसमें सैफ अली खान और अक्षय खन्ना प्रतिद्वंद्वी भाइयों की भूमिका में थे।



# बेबी जॉन में एक्शन दृश्य में नजर आएंगे सलमान खान

वरुण धवन की आने वाली फिल्म बेबी जॉन को लेकर उत्सुकता सलमान खान की कैमियो उपस्थिति की घोषणा के साथ ही चरम पर पहुंच गई है। तमिल हिट थेरी की रीमेक, एक्शन से भरपूर यह फिल्म वरुण धवन और एटली की शानदार जोड़ी को एक साथ लेकर आई है, जो एक ऐसा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है जो दर्शकों को निश्चित रूप से लुभाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में सलमान खान की भूमिका को उनकी प्रतिष्ठित स्थिति के साथ न्याय करने के लिए सावधानी से तैयार किया गया है।

जबकि मूल थेरी में प्रभु ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी, एटली और फिल्म के निर्देशक, कलीस ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए, खान की अनूठी शैली और करिश्मे के अनुरूप चरित्र को फिर से तैयार किया है। सुपरस्टार एक्शन से भरपूर दृश्यों में नज़र आएंगे, जिसमें वे अपना ट्रेडमार्क करिश्मा दिखाएंगे और मजाकिया संवाद बोलेंगे। एक सूत्र ने खुलासा किया, चूंकि सलमान अपनी एक्शन भूमिकाओं और स्वैग के लिए जाने जाते हैं, इसलिए एटली और कलीस ने सुपरस्टार को लेकर कुछ लड़ाई के दृश्य जोड़े हैं। उन्हें कुछ मजाकिया संवादों के साथ एक साहसी पुलिस अधिकारी के रूप में देखा जाएगा।

बेबी जॉन धवन के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक समर्पित पुलिस अधिकारी है, जिसे एक व्यक्तिगत त्रासदी के बाद पुलिस बल छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वह अपनी बेटी की रक्षा के लिए छिप जाता है और जब तक उसकी सुरक्षा को खतरा नहीं होता, तब तक एक शांत जीवन जीता है। यहीं पर खान का किरदार सामने आता है, जो नायक के लिए एक संरक्षक और मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम करता है। सूत्र ने कहा, सलमान के पुलिस वाले को नायक के लिए एक संरक्षक के रूप में दिखाया गया है। वह वरुण के चरित्र में विश्वास दिखाएंगे और उसे पुलिस बल में वापस लाएंगे। खान इस सप्ताहांत अंधेरी स्टूडियो में अपने कैमियो की शूटिंग करने वाले हैं।

धवन, जिन्होंने पहले अप्रैल में फिल्म के अपने हिस्से पूरे कर लिए थे, खान और फिल्म के खलनायक जैकी श्रॉफ के साथ काम करने के लिए फिर से सेट पर शामिल होंगे। दो दिनों में, खान अपना परिचय दृश्य फिल्माएंगे और रोमांचक एक्शन दृश्यों में शामिल होंगे। कलीस और लेखक सुमित अरोड़ा सहित रचनात्मक टीम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि खान का कैमियो उनके प्रशंसकों के लिए एक यादगार तोहफा हो।

सलमान खान का कैमियो फिल्म का मुख्य आकर्षण होने वाला है, जिसमें उनका परिचय दृश्य और एक्शन दृश्य प्रशंसकों के लिए एक तोहफा होने का वादा करते हैं। अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ सहित बाकी कलाकारों में शामिल होंगे, जो खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म क्रिसमस 2024 पर रिलीज होने वाली है।



बिग बॉस 18 :

# निया शर्मा ने अपने फैंस से मांगी माफी

**अभिनेत्री** निया शर्मा का नाम बिग बॉस 18 में प्रतिभागियों के रूप में लिया जा रहा था। निया शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। इन सभी खबरों का खंडन करते हुए निया ने बताया कि वह शो का हिस्सा नहीं हैं। शो में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को लेकर चर्चा हो रही है। इस बीच बिग बॉस में शामिल होने को लेकर चर्चा में रहीं निया शर्मा ने खुलासा किया है। निया ने पिछले दिनों चल रही खबरों का खंडन कर दिया है। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर बताया है कि वह शो का हिस्सा नहीं हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री निया शर्मा ने पोस्ट किया है। इसमें लिखा है, मैं उन सभी फैंस और शुभचिंतकों से माफी मांगना चाहती हूं, जिन्हें मैंने निराश किया है। मैं सच में इस बेहिसाब सपोर्ट, प्यार और हाइप के लिए शुक्रगुजार हूं। आप सभी के कारण मेरा शो में एक बार जाने का मन बन गया था। इसने मुझे अहसास दिलाया की 14 सालों से मैंने क्या कमाया है। यह नहीं कह सकती कि मैंने हाइप और अटेंशन को एन्जॉय किया, लेकिन मुझे जिम्मेदार मत मानिएगा। यह मैं नहीं थी।

बिग बॉस 18 को लेकर प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों के बारे में जानने के लिए भी ये प्रशंसक काफी उत्सुक रहते हैं। निया ने खुद ऐलान किया था कि वह बिग बॉस 18 का हिस्सा होंगी। निया खतरों के खिलाड़ी के फाइनल में नजर आई थीं। इस दौरान निया ने होस्ट रोहित शेट्टी से कहा कि वह सलमान खान के शो का हिस्सा बनने जा रही हैं।

### इन शो में काम कर रही हैं निया शर्मा

निया शर्मा लाफ्टर शेफ शो में दिखाई दी हैं। ये शो अब खत्म हो चुका है। इसके अलावा निया को सुहागन चुड़ैल धारावाहिक में भी देखा जा रहा है।

निया ने खुद ऐलान किया, इसके बाद उनके प्रशंसक काफी खुश थे, हालांकि अब बिग बॉस 18 का हिस्सा न होने की खबर सुनकर निया के प्रशंसक काफी उदास हैं।

# बिग बॉस में किस्मत आजमा रहीं है साउथ एक्ट्रेस श्रुतिक अर्जुन



सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में टीवी से लेकर फिल्मी जगत के सितारे अपनी किस्मत आजमाने घर में एंट्री ले चुके हैं। इसमें चाहत पांडे से लेकर शहजादा धामी, शिल्पा शिरोडकर तक 18 सेलेब्स ने घर में एंट्री ले ली है। इसी में से एक साउथ एक्ट्रेस श्रुतिका अर्जुन का नाम शामिल है, जिन्होंने ग्रैंड प्रीमियर में एंट्री लेते ही लाइमलाइट बटोर ली।

सोशल मीडिया पर लोग उन्हें लेकर कहने लगे कि वो शहनाज गिल को कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं और ओवरएक्टिंग कर रही हैं। ऐसे में चलिए आपको उनके बारे में बताते हैं। ग्रैंड प्रीमियर एंट्री लेने के बाद श्रुतिका अर्जुन ने सलमान खान से बताया कि वो उनकी बहुत बड़ी फैन हैं। वहीं, सलमान खान ने उनके बारे में बताया कि वो तमिल सिनेमा की एक्ट्रेस हैं और एक कॉमेडी शो की विनर भी हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि वो तमिल सिनेमा में 4 फिल्मों में काम कर चुकी हैं, लेकिन उनकी चारों फिल्में ही फ्लॉप रही थीं। श्रुतिका ने फ्लॉप फिल्मों को लेकर कहा, 'मुझे उस समय एहसास हुआ कि मैं इसके लायक नहीं थी और मुझे ये करना ही नहीं चाहिए था।' उन्होंने खुद को लेकर ये भी कहा, 'उस समय मैं बकवास थी और हॉरिबल थी। मुझे लगा था कि मैं उस लायक नहीं थी।' इतना कहने के बाद वो जोर-जोर से हंसने लगती हैं।

गौरतलब है कि श्रुतिका ने अपने करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र में कर दी थी। उनकी पहली फिल्म सूर्या के साथ साल 2002 में 'श्री' में काम किया था। इसके बाद उन्होंने तीन और फिल्मों में काम किया था, जो कि फ्लॉप रही थीं। वहीं, उनके विनिंग कॉमेडी शो की बात करें तो 2022 में उन्होंने 'कोमाली विद कूकू सीजन 3' में काम किया था और वो इसकी विनर रही थीं।

# प्रकाश राज ने किया 1 करोड़ का फ्रॉड?



बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में धमाल मचाने वाले प्रकाश राज किसी न किसी वजह से विवादों में फंस ही जाते हैं. प्रकाश राज अक्सर अपने बयान की वजह से लोगों की नजरों में आते हैं, लेकिन इस बार अभिनेता पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है. प्रकाश राज पर एक फिल्म मेकर ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है.

प्रकाश राज पर आरोप लगाने वाले निर्माता विनोद कुमार हैं, जिन्होंने अभिनेता पर आरोप लगाया है कि वह फिल्म के सेट से बिना बताए चले गए और उनके कॉल या मैसेज का भी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। दरअसल, प्रकाश राज ने हाल ही में (ट्विटर) पर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन और मुख्यमंत्री एमके स्टानिल के साथ एक तस्वीर शेयर की. इस फोटो के साथ प्रकाश राज ने कैप्शन में लिखा, एक डिप्टी सीएम के साथ... जस्ट आस्किंग।

इस तस्वीर को विनोद कुमार ने रीशेयर करते हुए प्रकाश राज पर बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने लिखा, आपके साथ बैठीं बाकी तीन हस्तियां चुनाव जीत गई हैं, लेकिन आपने जो इंवेस्ट किया उसे आप हार गए, यही अंतर है। आपने मेरे शूटिंग सेट पर एक करोड़ रुपये का नुकसान किया, हमें बिना बताए सेट से गायब हो गए। कारण क्या था? जस्ट आस्किंग। आपने कहा था कि आप मुझे कॉल करेंगे, लेकिन आपने नहीं किया।

### पवन कल्याण पर निशाना साध चुके हैं प्रकाश राज

बता दें कि प्रकाश राज ने हाल ही में राजनेता बने पवन कल्याण को जमकर घेरा था. उन्होंने पवन कल्याण से तिरुपति मंदिर के प्रसाद में हो रही मिलावट के खिलाफ चांज करने के लिए कहा था. तब वह खूब ट्रोल हुए. प्रकाश राज अपने इस बयान के बाद काफी विवादों में गिर गए थे. हालांकि, उन्होंने विवादों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता. बता दें कि प्रकाश राज पुष्पा 2: द रूल और बघीरा में नजर आएंगे।

# नेशनल हीरो सोनू सूद को मिला ह्यूमैनिटेरिअन ऑफ द ईयर अवॉर्ड



सोनू सूद ने अपने समाजसेवा कार्यों के लिए अपार पहचान हासिल की है। ज़रूरतमंदों की मदद करने के उनके प्रयासों ने उन्हें घर-घर में जाना-पहचाना नाम बना दिया है, जिससे वे जनता के नायक के रूप में स्थापित हो गए हैं। हाल ही में, ज़रूरतमंदों के प्रति सूद के योगदान को एक इवेंट में सम्मान मिला, जहाँ उन्हें ह्यूमैनिटेरिअन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह एक ऐसा खिताब है, जो पूरी तरह से दुनिया भर के लोगों से उनके द्वारा अर्जित सम्मान को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद, सूद उम्मीद की किरण बन गए, उन्होंने अनगिनत लोगों की समस्याओं का समाधान करके और ज़रूरी सहायता देने में उनकी मदद की।

एक्टर को हाल ही में थाईलैंड के लिए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में स्थापित किया गया था, जिससे गुडविल एम्बेसडर के रूप में उनकी ग्लोबल रेप्यूटेशन और मजबूत हुई। थिएट्रिकल फ्रंट पर, सोनू सूद एक्शन से भरपूर साइबर क्राइम थ्रिलर फतेह के साथ अपने डायरेक्टोरियल डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो अगले साल 10 जनवरी को रिलीज़ होने वाली है। ज़ी स्टूडियोज़ और शक्ति सागर प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित इस फ़िल्म में नसीरुद्दीन शाह और जैकलीन फ़र्नांडीज़ जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं।